अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 22°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, बुधवार 20 अगस्त 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 359 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 25 सफर 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



साइबर अपराध रोकने में मदद करेगा एआई पेज 3



एशिया कप के लिए टीम इंडिया का ऐलान खेल टाइम्स



मच्छर बन रहा सर्वाधिक मौत का कारण सम्पादकीय



25 फीसदी एक्स्ट्रा टैरिफ से कालीन-रत्न इंडस्ट्री पर संकट पेज 12

# राष्ट्रपति का अदालत से सलाह मांगना गलत नहीं : सुप्रीम कोर्ट

## SC का मत: हम राय बदल सकते हैं, पुराना फैसला नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को राष्ट्रपति और राज्यपालों पर बिलों पर हस्ताक्षर करने के लिए डेडलाइन लागू करने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आर्टिकल 143 के तहत कोर्ट से राय मांगना गलत नहीं है।

मुर्मू ने मई में सुप्रीम कोर्ट से राय मांगी थी कि क्या राष्ट्रपति या राज्यपाल विधेयकों पर फैसला लेने में अनिश्चितकाल तक देरी कर सकते हैं या कोई डेडलाइन तय की जा सकती है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई समेत 5 जजों की बेंच ने यह भी स्पष्ट किया कि राष्ट्रपति सलाहकारी अधिकारिता में बैठी हैं, न कि अपील अधिकारिता में। कोर्ट यह राय दे सकता है कि कोई फैसला सही नहीं है, लेकिन इससे पुराना फैसला अपने आप खत्म नहीं हो जाएगा। इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने एक पुराने मामले का हवाला देते हुए कहा कि सलाहकारी अधिकार क्षेत्र में भी कोर्ट किसी फैसले को रद्द कर सकता है।



■ राष्ट्रपति-गवर्नर के फैसले लेने की डेडलाइन का मामला

### नाबालिग मुस्लिम जोड़े पर हाईकोर्ट का फैसला बरकरार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) की ओर से उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को मंगलवार को खारिज कर दिया, जिसमें 16 साल की मुस्लिम लड़की के अपने ही धर्म के पुरुष से विवाह को वैध करार देते हुए उन्हें मिल रही धमकियों से सुरक्षा प्रदान की गई थी।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के 2022 के एक आदेश के खिलाफ दायर विशेष अनुमति याचिका खारिज करते हुए एनसीपीसीआर से कहा कि उसे चुनौती देने का कोई अधिकार नहीं है। पीठ ने एनसीपीसीआर से सवाल किया कि उसे धमकियों का सामना कर रहे जोड़े के जीवन और स्वतंत्रता की सुरक्षा प्रदान करने वाले उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती क्यों देनी चाहिए?

# राहुल गांधी का भाजपा-चुनाव आयोग पर सीधा हमला

**नवादा।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने भाजपा और चुनाव आयोग पर हमला बोला है और कहा है कि बिहार में वोट चुराने के लिए दोनों मिलीभगत कर रहे हैं।

श्री गांधी वोटर अधिकार यात्रा का नेतृत्व करते हुए तीसरे दिन नवादा पहुंचे, जहां उन्होंने भगत सिंह चौक पर एक जनसभा को संबोधित किया और भाजपा तथा चुनाव आयोग के ऊपर मिलीभगत का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि वे दोनों लाखों नागरिकों को उनके मताधिकार से वंचित करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि बिहार में लाखों लोग जिनके नाम पहले मतदाता सूची में थे, अब खुद का नाम गायब पा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पीएम मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और चुनाव आयुक्त मतदान का अधिकार छीनने की साजिश रच रहे हैं। राजद नेता तेजस्वी यादव और अन्य सहयोगी दलों के नेताओं सहित विपक्ष यह सुनिश्चित करेगा कि बिहार का एक भी वोट चोरी न हो। उन्होंने भाजपा पर महाराष्ट्र, हरियाणा और मध्य प्रदेश में पहले भी चुनावों में चोरी करने का आरोप लगाया और कहा कि बिहार में भी मतदाता सूची के एसआईआर में हेराफेरी के जरिये इसी तरह की कोशिश चल रही है। इस सभा में एक स्थानीय किसान, सुबोध कुमार ने सार्वजनिक रूप से कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में मतदान करने और पोलिंग एजेंट के रूप में काम करने के बावजूद उनका नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया था।



■ वोटर अधिकार यात्रा के दौरान बिहार में वोट चुराने के लिए मिलीभगत करने का लगाया आरोप

■ कहा : दोनों लाखों नागरिकों को उनके मताधिकार से वंचित करने के लिए मिलकर कर रहे हैं काम

# भारत को फर्टिलाइजर व रेयर अर्थ मेटल देगा चीन

**नई दिल्ली।** चीन ने भारत को उर्वरक, दुर्लभ खनिजों और सुरंग बनाने वाली मशीनों की आपूर्ति को लेकर उसकी चिंताओं के समाधान करने का भरोसा दिया है।

चीनी विदेश मंत्री वांग ई ने विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर को यह आश्वासन दिया है।उन्होंने श्री जयशंकर के साथ बातचीत में यह आश्वासन दिया। दोनों मंत्रियों की पिछली मुलाकात गत महीने बीजिंग में हुई थी। तब उन्होंने एससीओके विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर द्विपक्षीय बैठक की थी। अपने उद्घाटन भाषण में डा. जयशंकर ने स्वीकार किया कि भारत और चीन अपने संबंधों में एक कठिन दौर से गुज़रे हैं, अब दोनों देश आगे बढ़ना चाहते हैं।

■ जुलाई में इनका निर्यात बैन किया था

# रिटायर्ड जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी होंगे विपक्ष के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी को उपराष्ट्रपति पद के लिए अपना संयुक्त उम्मीदवार घोषित किया है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में उपराष्ट्रपति पद के लिए विपक्षी दलों के उम्मीदवार के रूप में श्री रेड्डी के नाम का ऐलान किया। इस दौरान राकांपा के नेता शरद पवार, तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन, द्रविड मुनेत्र कषगम की कनिमोझी तथा तिरुचि शिवा, शिव सेना (उद्धव) के अरविंद सावंत तथा संजय राउत, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के पी. संदोष कुमार, कांग्रेस के के.सुरेश, के सी वेणुगोपाल तथा प्रमोद तिवारी, आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन, आईयूएमएल के ईटी मोहम्मद बशीर, सपा के धर्मेंद्र यादव सहित कई नेता मौजूद थे।





# प्राकृतिक खेती के क्लस्टरों की निगरानी होगी सख्त, लापरवाही पर होगी कार्रवाई: कृषि मंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार अब प्राकृतिक खेती मिशन की प्रगति पर सख्त निगरानी करेगी। मंगलवार को विधानभवन में हुई समीक्षा बैठक में ख्रषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि क्लस्टरों का नियमित निरीक्षण किया जाए और लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। मंत्री ने कहा कि प्राख्रतिक खेती न केवल मिट्टी की उर्वरता और जल संरक्षण सुनिश्चित करती है, बल्कि जैविक उत्पादों को बाजार में बेहतर कीमत भी दिलाती है।

उन्होंने किसानों से अपील की कि वे प्रशिक्षण और संसाधन केंद्रों का लाभ उठाकर अपने खेतों में इन तकनीकों को अपनाएं। राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने बैठक में कहा कि प्राकृतिक खेती किसानों की आय बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण का सशक्त माध्यम है, इसलिए इसे मिशन मोड में आगे बढ़ाया जाना चाहिए।



बैठक में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार प्रदेश के 75 जिलों और 318 विकासखंडों में 1886 क्लस्टर गठित किए जा चुके हैं। अब तक 2.20 लाख किसान प्रशिक्षित किए गए हैं, 3772 कृषि सखी/सीआरपी तैयार किए गए हैं और 82 हजार से अधिक मृदा नमूने लिए गए हैं। इसके अलावा 38 स्थानीय प्राकृतिक खेती संस्थानों के जरिए 38 मॉडल फार्म विकसित किए गए हैं। प्राकृतिक खेती मिशन की समीक्षा के बाद कृषि विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों की निर्माण परियोजनाओं पर भी चर्चा हुई। इसमें टीश्यू कल्चर लैब, ऑर्गेनिक लैब, इनक्यूबेशन सेंटर और ऑडिटोरियम जैसी परियोजनाओं की प्रगति पर रिपोर्ट पेश की गई।

कृषि मंत्री ने स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालय केवल इमारतें खड़ी करने तक सीमित न रहें, बल्कि रिसर्च आधारित प्रोजेक्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि हर विश्वविद्यालय को अपना विजन डॉक्यूमेंट तैयार करना होगा, जिसमें किसानों को सीधे लाभ पहुंचाने वाली शोध दिशा तय हो। राज्य मंत्री औलख ने भी कुलपतियों और अधिकारियों से कहा कि शोध योजनाएं व्यवहारिक हों और उनके परिणाम किसानों की उत्पादन क्षमता बढ़ाने तथा लागत घटाने में मददगार साबित हों। बैठक में प्रमुख सचिव ख्रषि रविंद्र, सचिव इन्द्र विक्रम सिंह, विशेष सचिव टी.के. शीबू, निदेशक ख्रषि पंकज त्रिपाठी समेत विभिन्न कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपति उपस्थित रहे।

## बिजली संकट पर अधिवक्ताओं का प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

**सीतापुर।** मंगलवार को अधिवक्ता बार एसोसिएशन सीता. पुर के अध्यक्ष विजय अवस्थी के नेतृत्व में सैकड़ों अधिवक्ता बिजली व्यवस्था को लेकर आक्रोशित हो गए। कचहरी परिसर में एकत्र होकर उन्होंने जिलाधिक. ारी कार्यालय तक पैदल मार्च निक. ाला और बिजली विभाग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। अधिवक्ताओं ने कहा कि लगातार घंटों की बिजली कटौती से आम जनता ही नहीं, अधिवक्ता वर्ग भी त्रस्त है। कचहरी में पेशियों के दौरान फाइलों का कार्य भीषण गर्मी में जनरेटर पर निर्भर होकर करना पड़ता है। प्रदर्शनकारियों ने हबिजली विभाग मुर्दाबाद, 'बिजली कटौती बंद करो', 'जनता की समस्या का समाधान करो' जैस ेनारे लगाए।

# लखनऊ में अग्निसचेतक प्रशिक्षण की शुरुआत

## 90 हजार से अधिक युवाओं को मिलेगा रोजगार का अवसर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ से प्रदेश में एक नई पहल की शुरुआत हुई है, जिसके तहत नब्बे हजार से अधिक चयनित युवाओं को आधुनिक अग्निशमन तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन अपर पुलिस महानिद. ेशक पद्मजा चौहान के निर्देशन में शुरू हुआ है, जिसका उद्देश्य युवाओं को आग बुझाने के पारंपरिक तरीकों से आगे बढ़ाकर अत्याधुनिक तकनीकों से लैस करना है।

राज्य सरकार ने इसे एक बड़े अभियान का हिस्सा बनाया है, जिसके अंतर्गत दो लाख युवाओं को फायर सेफ्टी अधिकारी या अग्नि सुरक्षा कर्मी के रूप में तैयार कर रोजगार से जोड़े जाने का लक्ष्य है। युवाओं को एक से चार सप्ताह तक का विशेष प्रशिक्षण देकर प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा, जिससे उन्हें शॉपिंग मॉल, अस्पताल, विद्यालय, ऊंची इमारतों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में अनिवार्य रूप से नियुक्त किया जा सकेगा। यह व्यवस्था उत्तर प्रदेश को देश का पहला राज्य बना रही है, जहां निजी भवनों में भी प्रशिक्षित अग्निशामक कर्मियों की नियुक्ति कानूनी रूप से सुनिश्चित की जा रही है। अत्यधिक व्यावसायिक संस्थानों, बहुमंजिला इमारतों और शहरीकरण की तीव्र रफ्तार को देखते हुए इस समय सबसे बड़ी आवश्यकता यही है कि आगजनी की स्थिति से निपटने के लिए प्रशिक्षित मानवबल तैयार हो। इस अभियान से जहां युवाओं के लिए रोजगार का मार्ग प्रशस्त होगा, वहीं नागरिक जीवन को सुरक्षित बनाने की दिशा में एक ठोस कदम भी उठेगा। इस प्रकार यह प्रशिक्षण केवल रोजगार का अवसर नहीं, बल्कि समाज और व्यापारिक तंत्र को सुरक्षित भविष्य की गारंटी देने वाला प्रयास है।

# बैराजों से छोड़ा गया पानी बढ़ा रहा मुसीबत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** जिले की लहरपुर तहसील क्षेत्र से शारदा और घाघरा नदियां गुजरती हैं।

तंबौर इलाके में शारदा नदी का घाघरा नदी में विलय होता है, जिसके बाद घाघरा नदी आगे बढ़ते हुए लहरपुर, बिसवां और महमूदाबाद तहसीलों के सैकड़ों गांवों को प्रभावित करती है। इस समय दोनों नदियां उफान पर हैं और कई स्थानों पर कटान भी कर रही हैं।

मंगलवार को शारदा बैराज से एक लाख बहत्तर हजार क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा गया, जबकि गिरजा बैराज और कैलाशपुरी बैराज से एक लाख पचपन हजार क्यूसेक पानी घाघरा नदी में छोड़ा गया। कुल मिलाकर तीन लाख सत्ताईस हजार क्यूसेक से अधिक पानी सीतापुर की ओर बढ़ रहा है। यह पानी जब जिले में पहुंचेगा तो बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मुसीबत और बढ़ाएगा।



# राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेस मुख्यालय में चिकित्सा और रक्तदान शिविर

## सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं पर कांग्रेस का हमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की इक्यासीवीं जयंती (सद्भावना दिवस) पर राजधानी लखनऊ स्थित कांग्रेस मुख्यालय में चिकित्सा शिविर और रक्तदान शिविर आयोजित करने की घोषणा की है।

इस अवसर पर कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के चेयरमैन डॉ. जियाराम वर्मा और नवनियुक्त प्रदेश कोऑर्डिनेटर डॉ. आजाद बेग ने मंगलवार को कांग्रेस मुख्यालय में संयुक्त प्रेसवार्ता कर कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

डॉ. जियाराम वर्मा ने बताया कि बुधवार को होने वाले इस शिविर में बीस से पच्चीस विशेषज्ञ चिकित्सक गरीबों, मजदूरों, किसानों, महिलाओं और बच्चों को निरूशुल्क परामर्श देंगे और दवाइयां भी उपलब्ध कराएंगे। इसमें एलोपैथी, आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी सभी प)तियों की दवाएं दी जाएंगी। साथ ही पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता रक्तदान कर जरूरतमंदों के लिए जीवनदायी सहयोग भी देंगे। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए डॉ. आजाद बेग ने कहा कि राजीव गांधी की जयंती पर लखनऊ से शुरुआत होगी और आने वाले दिनों में पूरे प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर चिकित्सा शिविरों का आयोजन सुनिश्चित कराया जाएगा। कोरोना काल में ऑक्सीजन की कमी से मंत्री और विधायक तक जान गंवा बैठे थे, जबकि असंख्य आम नागरिकों की मौतें चिकित्सा अव्यवस्थाओं के कारण हुईं। हाल ही में बिजनौर जिला अस्पताल में डायलिसिस के दौरान बिजली गुल होने और जनरेटर में डीजल न होने से एक मरीज की मौत इसका ताजा उदाहरण है। डॉ. बेग ने आरोप लगाया कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं खोखले वादों तक सीमित हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ दूर.दराज गांवों और बस्तियों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए लगातार स्वास्थ्य शिविर आयोजित करेगा।

साथ ही चिकित्सकों के हितों की रक्षा के लिए सुरक्षित कार्यस्थल, उचित वेतन और प्रशिक्षण की मांग उठाएगा। उन्होंने कहा कि मरीजों के हित सर्वोपरि हैं और कांग्रेस का चिकित्सा प्रकोष्ठ सस्ती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को सुनिश्चित कराने के लिए संघर्ष करेगा। उन्होंने बताया कि चिकित्सा प्रकोष्ठ का पुनर्गठन और संगठनात्मक ढांचा स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव का मार्ग प्रशस्त करेगा। जरूरत पड़ने पर सरकार से संवाद के साथ.साथ सड़क पर उतरकर आंदोलन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता में जागरूकता के लिए चिकित्सा शिक्षा, सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम और जनजागरूकता अभियानों को भी लगातार चलाया जाएगा। प्रेसवार्ता में कांग्रेस मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी और प्रदेश प्रवक्ता डॉ. सुधा मिश्रा भी मौजूद रहीं।

## नाबालिग से दुष्कर्म पर आजीवन कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अंदौली निवासी अनुराग उर्फ वर्दी उर्फ अनुज पुत्र भगवानदीन को नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में अदालत ने दोषी करार दिया है। वर्ष 2020 में दर्ज इस मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पाक्सो एक्ट कोर्ट संख्या 14 में हुई। सबूत और गवाहों को परखने तथा दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और एक लाख रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया।

# अतीक अहमद के करीबी का अवैध कब्जा ध्वस्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज जिले के करेली क्षेत्र में सोमवार को देर शाम जिला प्रशासन ने भू.माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की।

अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि लंबे समय से सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत मिल रही थी। जांच की गई तो यह जमीन ग्राम समाज के खाते में दर्ज मिली। जिस पर अतीक अहमद का करीबी और उसके साथियों ने बाउंड्री वाल बना कर कब्जा कर लिया था। प्रशासन ने मौके पर बुलडोजर चलवाकर कब्जा ध्वस्त कर जमीन को मुक्त करा लिया। सूत्रों के मुताबिक, करेंधा गांव में कुल 17 बीघा सरक. ारी भूमि थी जिस पर माफिया अतीक अहमद के करीबियों ने कब्जे में ले रखा था।

इसी क्रम में कल देर शाम अवैध कब्जा हटाते हुए जमीन को मुक्त कराया गया। ग्रामीणों ने लगातार इसकी शिकायत प्रशासन से की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम सदर अभिषेक सिंह ने तहसीलदार, राजस्व विभाग और पुलिस बल के साथ मौके का निरीक्षण किया। दस्तावेज़ों की जांच और मौके पर कब्जे की पुष्टि होने के बाद प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी। एसडीएम अभिषेक सिंह ने स्पष्ट किया कि भू. माफियाओं को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। सरकारी या ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि यह कदम जिले में चल रहे भू.माफिया मुक्त अभियान का हिस्सा है और आगे भी इस तरह के अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# बस परिचालक की गुंडई, मान्यता प्राप्त पत्रकार का अपमान, प्रेस की गरिमा पर हमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में परिवहन निगम बस परिचालक की दबंगई ने लोकतंत्र की आत्मा को झकझोर दिया।

मान्यता प्राप्त पत्रकार दिलीप मिश्रा के साथ परिचालक ने न केवल अभद्रता की बल्कि सूचना विभाग द्वारा जारी वैध प्रेस मान्यता पत्र को ठुकराते हुए सार्वजनिक रूप से पत्रकार को अपमानित करने का दुस्साहस किया। इस घटना ने पत्रकारिता की स्वतंत्रता और प्रेस की गरिमा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामला उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बस संख्या यूद्रपीद्द 34 टी 9163 का है। जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार दिलीप मिश्रा आवश्यक कार्य से लखनऊ आ रहे थे। परिचालक ने उनके मान्यता पत्र को मानने से इंकार कर दिया और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उन्हें धक्का देकर बस से उतारने का प्रयास किया। अपनी इज्जत बचाते हुए पत्रकार को सड़सठ रुपए का टिकट खरीदकर यात्रा पूरी करनी पड़ी। यह व्यवहार न केवल व्यक्तिगत सम्मान का अपमान था बल्कि सूचना विभाग की मान्यता प्रणाली की धज्जियां उड़ाने जैसा था। पत्रकार ने इस आचरण को भारतीय दंड संहिता की धारा 504 (जानबूझकर अपमान), धारा 506 (आपराधिक धमकी) और धारा 352 (मारपीट व आपराधिक बल प्रयोग) के अंतर्गत दंडनीय अपराध बताया है। उन्होंने निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश को विधिक नोटिस भेजते हुए संबंधित परिचालक के विरु) कठोर विभागीय व दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि पंद्रह दिनों के भीतर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो यह मुद्दा न्यायालय, प्रेस परिषद, प्रेस क्लब और मीडिया मंचों तक उठाया जाएगा। इस प्रकरण की प्रतिलिपि जिलाधिकारी लखनऊ, जिलाधिक. ारी सीतापुर, जिला सूचना अधिक. ारी तथा परिवहन निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को भी भेजी गई है। ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन (भारत) के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष वीरेश टरार ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह नौकरशाही की निरंकुशता का उदाहरण है। सरकारी कर्मचारियों का अहंकार इस स्तर तक बढ़ गया है कि वे न तो जनप्रतिनिधियों की परवाह करते हैं।

# आधुनिक तकनीक से गड़बड़ियों पर लगेगी लगाम, लाभार्थियों तक सीधे पहुंचेगा फायदा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** योगी सरकार समाज कल्याण योजनाओं को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने के लिए अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का सहारा लेने जा रही है।

समाज कल्याण विभाग वृद्धावस्था पेंशन, पारिवारिक लाभ, छात्रवृत्ति और सामूहिक विवाह जैसी योजनाओं की निगरानी को तकनीकी पहरे में लाने की तैयारी में है। इस पहल से गड़बड़ियों और अनियमितताओं पर अंकुश लगेगा और लाभार्थियों तक समयबद्ध ढंग से योजनाओं का फायदा पहुंचेगा। पिछले दिनों समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण की मौजूदगी में ष्समाज कल्याण की योजनाओं में एआई का उपयोगष विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। विभाग का मानना है कि एआई. आधारित निगरानी तंत्र से डाटा सत्यापन और लाभार्थियों की पहचान सटीक रूप से की जा सकेगी। इससे फर्जी आवेदनों पर रोक लगेगी और वास्तविक पात्रों को बिना देरी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।

सरकार पहले ही छात्रवृत्ति, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ और वृद्धा पेंशन जैसी योजनाओं को ऑनलाइन निगरानी से जोड़ चुकी है। छात्रवृत्ति योजना में विद्यार्थियों को अब बार.बार पंजीकरण की जटिल प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ेगा, क्योंकि वन टाइम रजिस्ट्रेशन नंबर की व्यवस्था लागू कर दी गई है। एआई तकनीक इस प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बनाएगी। डेटा विश्लेषण और स्वत: सत्यापन प्रणाली के जरिए फर्जी आवेदन तुरंत चिन्हित होंगे और लाभ पात्रों तक निर्बाध पहुंचेगा। सरकार का मानना है कि एआई के उपयोग से प्रशासनिक प्रक्रियाएं पेपरलेस होंगी और कार्यप्रणाली में तेजी आएगी। कागजी कार्रवाई कम होने से योजनाओं के संचालन में न केवल दक्षता बढ़ेगी बल्कि जनता का भरोसा भी मजबूत होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई बार कहा है कि सरकार का उद्देश्य अंतिम पंक्ति तक बैठे व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

# प्रोफेसर निशीथ राय के निधन पर अखिलेश ने जताया दुख

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं लखनऊ विश्वविद्यालय में प्राचीन भारतीय इतिहास विभाग के अध्यक्ष रहे प्रोफेसर डॉ. निशीथ राय के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रोफेसर निशीथ राय और उनका परिवार सदैव समाजवादी विच. ारधारा से जुड़ा रहा है।

उनके निधन से शिक्षा जगत के साथ ही समाजवादी परिवार को भी अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की।



# लम्पी रोग से गोवंश की सुरक्षा के लिए विशेष अभियान

## मंत्री धर्मपाल सिंह ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लम्पी रोग के संक्रमण से गोवंश को बचाने के लिए सरकार ने सघन अभियान शुरू कर दिया है।

पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने विभागीय अधिका. रियों को निर्देशित किया है कि प्रदेश की सभी गोशालाओं का नियमित निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं और किसी भी स्थिति में गोवंश की हानि न होने पाए। मंत्री ने कहा कि एफएमडी और एलएसडी से पशुधन की सुरक्षा के लिए पर्याप्त टीकाकरण कराया जाए तथा जिन जिलों में लम्पी संक्रमण की सूचना प्राप्त हुई है, वहां दस किलोमीटर चौड़ी बेल्ट बनाकर वैक्सीनेशन कार्य अभियान के रूप में चलाया जाए। महराजग. ंज, सोनभद्र, कुशीनगर, भदोही, बलिया, गाजीपुर, चंदौली और वाराणसी जैसे जिलों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। संक्रमण प्रभावित क्षेत्रों की सीमाओं को सील करके गोवंश के आवागमन पर रोक लगाने पर भी जोर दिया गया है। पशुपालन निद. ेशालय में स्थापित कंट्रोल रूम के टोल फी नंबर 1800.1805.141 पर आने वाली शिकायतों पर तुरंत कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। धर्मपाल सिंह ने स्पष्ट किया कि टीकाकरण और उपचार कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। जनपदों को पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन उपलब्ध कराई जा रही है और गोआश्रय स्थलों पर स्वच्छता, सैनेटाइजेशन तथा चारा, भूसा, पानी और औषधि की व्यवस्थाएं अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाएं। बैठक में विभागीय प्रमुख सचिव अमित कुमार घोष ने बताया कि प्रभावित जिलों को वैक्सीन उपलब्ध कराई जा रही है और लगातार निगरानी की जा रही है।

# राजस्व वसूली और विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** कर एवं करेत्तर राजस्व प्राप्तियों तथा जुलाई 2025 तक की प्रगति की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने राजस्व वसूली को प्राथमिकता देने और किसी भी प्रकार की लाप. रवाही न बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने लक्ष्य प्राप्त न करने वाले विभागीय अधिकारियों को प्रभावी कार्यवाही करने को कहा।

बैठक में वाणिज्यकर, आबकारी, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन, परिवहन, विद्युत देय, वन विभाग आदि की समीक्षा की गई। जिलाधिक. ारी ने विद्युत चोरी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और आरसी वसूली में सुधार पर जोर दिया। लंबित वादों के गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध निस्तारण के भी निर्देश दिए। उन्होंने जन शिकायतों के समाधान में शिकायतकर्ता से फीडबैक लेने और उसे निस्तारण की सूचना देने की अनिवार्यता बताई। एमओयू की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल निस्तारण कराने के निर्देश उपायुक्त उद्योग को दिए। खाद्य सुरक्षा विभाग को बर्ड फ्लू नियंत्रण हेतु व्यापक स्तर पर सैंपलिंग कराने और अधोमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के आदेश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक खालिद अंजुम, नगर मजिस्ट्रेट कृष्णानंद तिवारी सहित सभी उपजिलाधिकारी, तहस. ीलदार एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।




# अयोध्या में उर्वरक की किल्लत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के यूरिया एवं डीएपी खाद के लिए अयोध्या के किसान परेशान है। जनप्रतिनिधि से लेकर प्रशासनिक अमला भी किसानों के सामायिक दर्द को नहीं कम कर पा रहा है।

आज सुबह से ही मिल्कीपुर तहसील के कुरावन सहकारी समिति पर किसान यूरिया खाद लेने के लिए पंक्तिब( खड़े हो, धीरे धीरे समय बीतने लगा, किसान अपना विरोध दर्ज कराने लगे, खाद वितरण में सहकारी समिति के कर्मचारियों के सहयोग के लिए तैनात खंडासा पुलिस ने लाठी लेकर किसानों को दौड़ा लिया और विरोध दर्ज कराने पर लाठियां भांजनी शुरू कर दिए जिससे कई किसान जमीन पर गिर पड़े।

बिना खाद लिए किसानों को वापस लौटना पड़ा, सहकारी समिति कर्मचारियों पर यह भी आरोप लगा कि वे अपने चहेतों को यूरिया चुपके चुपके दे रहे हैं। धान की रोपाई के बाद इस समय किसानों को फसल में डालने के यूरिया खाद चाहिए जो समय से नहीं मिल पा रही है।

काफी दौड़ धूप के बाद सोर्स सिफारिश लगा कर एकाध बोरी खाद मिल भी जा रही है, उससे कुछ होने वाला नहीं है। जिले के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही पूर्व सैनिकों के एक कार्यक्रम में भाग लेने अयोध्या पहुंचे तो भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी और किसान अरलवद सिंह ने यूरिया खाद की अनुपलब्धता का मुद्दा उठाया।

मंत्री ने आश्वासन भी दिया लेकिन खाद की अनुपलब्धता यथावत है। तहसील सदर के कादीपुर निवासी किसान राम प्रीति वर्मा बताते हैं कि यूरिया खाद की किल्लत पिछले वर्षों में नहीं हुई, पता नहीं इस बार कैसे नहीं मिल पा रही है। उन्होंने बताया कि इस समय किसानों को फसल के लिए खाद की बहुत जरूरत है।

समय से खेतों में यूरिया खाद नहीं पड़ी तो फसल का उत्पादन कम हो जाएगा।

## वाराणसी में मां कूष्मांडा का श्रृंगार महोत्सव कल से

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** वाराणसी में माता कूष्मांडा देवी का सप्त दिवसीय श्रृंगार महोत्सव बुधवार से शुरू होकर 26 अगस्त तक चलेगा। इस आयोजन में संगीत के क्षेत्र के कई दिग्गज कलाकार अलग.अलग दिनों में अपनी प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम संयोजक पं. विश्वजीत दुबे ने बताया कि तीन दिन शास्त्रीय संगीत और तीन दिन लोक संगीत के आयोजन होंगे। अंतिम दिन भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। पहले दिन पद्मभूषण पं. साजन मिश्रा और स्वरांश मिश्रा का गायन, प्रो. राजेश साह का सितार वादन, देवाशीष डे का गायन और कमला शंकर का गिटार वादन होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अटल बिहारी वाजपेयी छात्रवृत्ति को लेकर एमओयू

**लखनऊ।** गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग और यूके की एफसीडीओ (द फॉरेन कॉमनवेल्थ एंड डेवलपमेंट आफिस) के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद थे। हाल ही में सम्पन्न हुई मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य सरकार ने विदेश में पढ़ाई करने वाले छात्रों के लिए पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेई की स्मृति में छात्रवृत्ति शुरू किए जाने को लेकर प्रस्ताव पास किया था। जिसके क्रम में आज यह एमओयू किया गया है। यह योजना शैक्षणिक वर्ष 2025-26 से आरंभ होगी और प्रारंभिक तीन वर्षों के लिए लागू रहेगी।

### रेलवे में तय मानक से ज्यादा लगेज पर लगेगा भारी जुर्माना

**लखनऊ।** भारतीय रेलवे अब यात्रियों के लिए नया कदम उठाने जा रहा है। अधिकारियों की मानें तो हवाई यात्रा में अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं की तरह ही अब रेल यात्रियों के लिए सख्त 'लगेज नियम' लागू करने जा रहा है। प्रस्तावित नियमों के अनुसार यात्रियों को प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीनों से अपना सामान तौलना होगा और वजन सीमा का सख्ती से पालन करना होगा। सीमा से अधिक सामान या कम वजन के बावजूद बहुत भारी सामान ले जाने वालों पर अतिरिक्त शुल्क या जुर्माना लगाया जाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि परिधान, जूते, इलेक्ट्रॉनिक्स, यात्रा सामग्री आदि बेचने वाले इन आउटलेट्स से यात्रियों की सुविधा और रेलवे राजस्व दोनों में वृद्धि होने की उम्मीद है, साथ ही स्टेशनों को एक आधुनिक, हवाई अड्डे जैसा अनुभव मिलेगा।

# लावा बनकर फूटा 69000 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों का आक्रोश

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ प्रदर्शनकारियों ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आवास का घेराव कर प्रदर्शन किया

**लखनऊ।** एक दिन पूर्व प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह के आवास का घेराव किए जाने के बाद 69000 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों ने मंगलवार को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आवास का घेराव कर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में करते हुए प्रदर्शनकारियों को इको गार्डन भेज दिया। अभ्यर्थियों का कहना है कि 69000 शिक्षक भर्ती में व्यापक स्तर पर अनियमितता हुई है। इससे आरक्षित वर्ग के हजारों अभ्यर्थी नौकरी पाने से वंचित हो गए। अभ्यर्थियों का कहना है कि उनके पक्ष में इलाहाबाद उच्च न्यायालय से फैसला आने के बाद भी सरकार की लापरवाही के कारण उसका पालन नहीं हो सका और अब यह मामला उच्चतम न्यायालय में है। अभ्यर्थियों का कहना था कि उनकी मजबूत पैरवी की मांग के बावजूद सरकार सुप्रीम कोर्ट में भी पक्ष रखने से पीछे हट रही है। अभ्यर्थियों ने बताया कि कोर्ट में 20 से अधिक तारीख लगी, लेकिन सुनवाई नहभ हो सकी। धरना-प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने कहा कि वर्ष 2018 में शुरू हुई भर्ती प्रक्रिया में व्यापक स्तर पर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के साथ अन्याय किया गया और उन्हें नौकरी देने से वंचित कर दिया गया। अभ्यर्थियों की याचिका पर 13 अगस्त 2024 को उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ की डबल बेंच ने आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के हित में फैसला सुनाया और नियमों का पालन करते हुए तीन महीने के अंदर अभ्यर्थियों को नियुक्ति दिए जाने का आदेश दिया।

# यूपी में खाद की कालाबाजारी चरम पर किसान बेहाल: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उप्र में खाद की कालाबाजारी और मुनाफाखोरी चरम पर है, जबकि किसानों को फसलों के लिए खाद नहीं मिल रही है।



यादव ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि प्रदेश में खाद का भारी संकट है। जब से भाजपा सत्ता में आई है किसान यूरिया खाद से लेकर डीएपी खाद के लिए परेशान है। भ्रष्टाचार, लूट, बेईमानी चरम पर है। धान और अन्य फसलों के लिए पहले किसानों को डीएपी और यूरिया नहभ मिली, अब भी फसलों में छिड़काव के लिए यूरिया नहीं मिल पा रही है। खाद को लेकर किसान जगह-जगह धरना-प्रदर्शन करने पर मजबूर है। भाजपा सरकार किसानों के लिए बोझ बन गई है। उन्होंने कहा कि कई जिलों में सहकारी समितियों पर महीनों खाद की कमी की खबरें सामने आ रही है। खाद के लिए किसान लाइनों में लग रहे हैं, उन्हें खाद के बजाय लाठियां मिल रही है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार किसानों को खाद, बीज, पानी की सुविधा देने में पूरी तरह फेल हो चुकी है। लखनऊ, अयोध्या, सुल्तानपुर, श्रावस्ती, सोनभद्र सहित तमाम जिलों में किसान अभी भी खाद के लिए भटक रहे है। प्रदर्शन कर रहे है। खाद के लिए घंटों लम्बी-लम्बी लाइनों में लग रहे है, लेकिन किसानों को खाद नहीं मिल रही है।

# कानून का लंबा अनुभव है सुदर्शन को

नई दिल्ली, वार्ता



■ कानून के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा के बल पर उच्चतम न्यायालय तक पहुंचे

इंडिया गठबंधन की ओर से घोषित उप राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार पूर्व न्यायाधीश बालकृष्ण सुदर्शन रेड्डी का संबंध तेलंगाना के एक किसान परिवार से है और वह कानून के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा के बल पर उच्चतम न्यायालय तक पहुंचे।

रेड्डी का जन्म आठ जुलाई 1946 को तत्कालीन आंध्र प्रदेश (अब तेलंगाना) के रंगारेड्डी जिले में हुआ। उस्मानिया विश्व. विद्यालय में विधि के छात्र रहे रेड्डी ने 27 दिसंबर, 1971 को आंध्र प्रदेश बार काउंसिल में अधिवक्ता के रूप में अपना पंजीकरण कराया। उन्होंने हैदराबाद में बने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय में रिट और दीवानी मामलों की प्रैक्टिस की। रेड्डी ने 1988-90 के दौरान उच्च न्यायालय में सरकारी वकील के रूप में भी काम किया। उन्होंने सन 1990 में छह महीने के लिए केंद्र सरकार के अतिरिक्त स्थाई अधिवक्ता के रूप में भी काम किया। वह उस्मानिया विश्वविद्यालय के लिए कानूनी सलाहकार और स्थाई वकील भी रहे। उन्हें दो मई, 1995 को आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय में न्यायाधीश नियुक्त किया गया। वह पांच दिसंबर 2005 को गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त हुए। वर्ष 2007 से 2011 तक उन्होंने उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में अपनी सेवायें दी और आठ जुलाई, 2011 को सेवानिवृत्त हुए। गौरतलब है कि उप राष्ट्रपति पद के चुनाव में नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है और मतदान नौ सितंबर को कराया जाएगा। मतगणना उसी दिन कराई जाएगी।

## लखनऊ में साइबर विशेषज्ञों ने सेमिनार में मंथन किया

# साइबर अपराध रोकने में मदद करेगा एआई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** विशेषज्ञों का मानना है कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) आने वाले समय में साइबर अपराधों को रो. कने में मददगार साबित होगा।

उप्र इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज की ओर से तीन दिवसीय सेमिनार के दूसरे दिन साइबर विशेषज्ञों द्वारा साइबर अपराध को रोकने के लिए मंथन किया। इस दौरान डार्क वेब के जरिए होने वाली अवैध गति. विधियों और क्रिप्टोकरेंसी के अनियंत्रित उपयोग पर चर्चा की गई। इसका इस्तेमाल कर साइबर अपराधी लोगों को अपने जाल में फंसाकर उन्हें अपना का शिकार बना रहे हैं। सेमिनार में विशेषज्ञों ने साइबर अपराध, क्रिप्टोकरेंसी



■ डार्क वेब के जरिए होने वाली अवैध गतिविधियों व क्रिप्टोकरेंसी के अनियंत्रित उपयोग पर चर्चा की

और नए तकनीकी खतरों पर चर्चा की। सेमिनार का संचालन कर्नल नीतीश भटनागर ने किया। सेमिनार में बताया गया कि किस तरह क्रिप्टोकरेंसी, जो पहले एक तकनीकी नवाचार था, अब डार्क वेब पर अवैध गतिविधियों का अहम हिस्सा बन चुका है। पैनेलिस्ट आमिर ने डार्क वेब पर होने वाले अपराधों को लेकर चिंताएं जताई। डार्क वेब पर लोग न केवल हैक किए गए डेटा बेचते हैं, बल्कि मानव तस्करी और ड्रग ट्रैफिकिंग जैसे अपराध को भी अंजाम दे रहे हैं। भारत का नया डिजिटल डाटा संरक्षण कानून इन अपराधों पर लगाम लगाने में अहम भूमिका निभाएगा। पैनेलिस्ट विष्णु नारायण शर्मा ने बताया कि डार्क वेब पर अपराधों का पता लगाना बेहद मुश्किल है, क्योंकि यह पूरी तरह से गुमनाम और विकेंद्रीकृत है। हालांकि कुछ हाईटेक टेक्नोलॉजी मदद से अपराधियों का पता लगाने में सफलता मिल सकती है। साइबर सेल के डीआईजी पवन कुमार ने बताया कि देश में कानून प्रवर्तन संस्थाएं साइबर अपराध के खिलाफ प्रभावी रूप से काम नहीं कर पा रही हैं।

## न्यायिक मामलों में डिजिटल साक्ष्य की भूमिका अहम: विशेषज्ञ

**लखनऊ।** विधि विशेषज्ञों का मानना है कि न्यायिक मामलों में डिजिटल साक्ष्य की भूमिका बहुत अहम होती है। यह भूमिका तब और बढ़ जाती है, जब डिजिटल साक्ष्य के आलावा कोई विटनेस नहभ होता है। यूपीएसआईएफएस के डिजिटल साक्ष्य का न्यायिक मामलों में महत्व विषय पर आयोजित सेमिनार में सेवानिवृत्त जस्टिस तलवंत सिंह ने मंगलवार को कहा कि 26/11 मुंबई हमले के आरोपी कसाब के मामले में इंटरनेट ट्रांस्क्रिप्ट्स का उपयोग दोषसिद्धि में काफी महत्वपूर्ण था। वर्तमान डिजिटल साक्ष्य न केवल न्यायिक मामलों में महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं, बल्कि न्यायिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और दक्षता को भी सुनिश्चित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में न्यायिक सुधारों को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में प्रदेश में न्यायपालिका को तकनीकी दृष्टिकोण से मजबूत किया जा रहा है और डिजिटल साक्ष्य को मान्यता देने के लिए प्रदेश में आवश्यक ढांचा तैयार किया किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रदेश के न्यायालयों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और गति लाने के लिए वीडियो कांफ्रेंसिंग सुविधाओं का विस्तार किया।

# तमिलनाडु सरकार खर्च नहीं कर रही पीएम आवास योजना की राशि

**नई दिल्ली।** केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को लोकसभा में तमिलनाडु सरकार पर प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि खर्च नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह गरीबों के साथ धोखा है।



चौहान ने एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि केंद्र से 608 करोड़ रुपए मिलने के बावजूद तमिलनाडु सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोगों को आवास उपलब्ध नहीं करा पा रही है। आवास नहीं मिलने से गरीब लोगों के साथ अन्याय हो रहा है। उन्होंने कहा कि बजट में आवंटन के बावजूद दो लाख 15 हज़ार घरों का निर्माण नहीं किया गया है। राज्य सरकार ने 2024 में उचित घरों की ज़रूरत वाले लोगों की पहचान के लिए आवश्यक सर्वेक्षण नहीं कराया। आंध्र प्रदेश से तेलुगू देशम पार्टी सांसद लवू कृष्ण देवरायलु द्वारा तमिलनाडु में प्रधानमंत्री आवास योजना पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए चौहान ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान कहा कि मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने तमिलनाडु में गरीब लोगों के लिए घर बनाने के लिए बजट आवंटित किया है। यह अन्याय की पराकाष्ठा है कि एक साल से भी ज्यादा समय से दो लाख 15 हज़ार से ज्यादा लोगों को घर नहीं दिए गए हैं।



सेंसेक्स 80597.66
निफ्टी 24631.30



सोना रु. 99971
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 115100
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार तेजी जारी

मुंबई, वार्ता

नए सुधारों की उम्मीद में घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार चौथे दिन तेजी रही और प्रमुख सूचक. ांक करीब चार सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 370.64 अंक (0.46 प्रतिशत) की बढ़त में 81,644.39 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 103.70 अंक यानी 0.42 प्रतिशत चढ़कर 24,980.65 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों सूचकांकों का 14 जुलाई के बाद का उच्चतम स्तर है। लाल किले से वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों की घोषणा के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को नई पीढ़ी के सुधारों के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक की। इस बैठक के बाद आज सुबह से ही प्रमुख सूचक. ांकों में तेजी रही। एशियाई बाजारों में



गिरावट के दबाव में मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली रही, लेकिन बाद में यूरोपीय बाजारों से सकारात्मक संकेत मिलने के बाद निवेशकों ने उन पर विश्वास दिखाया। सेंसेक्स 45.36 अंक की बढ़त में 81,319.11 अंक पर खुला और पूरे दिन हरे निशान में रहा। इसका दिन का निचला स्तर 81,315.44 अंक और उच्चतम स्तर 81,755.88 अंक रहा। सेंसेक्स की 30 में 19 कंपनियों के शेयरों में तेजी रही, जबकि शेष 11 के शेयर लाल निशान में बंद हुए। टाटा मोटर्स का शेयर सबसे अधिक 3.50 प्रतिशत, अडानी पोर्ट्स का 3.16, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 2.82 और इटरनल का 2.15 प्रतिशत चढ़ा। टेक महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनीलिवर और मारुति सुजुकी के शेयर एक प्रतिशत से अधिक चढ़े। मारुति सुजुकी, भारती एयरटेल, टाटा स्टील, आईटीसी, इंफोसिस, एसबीआई में भी तेजी रही। बजाज फिनसर्व का शेयर 1.09 प्रतिशत लुढ़क गया। पावरग्रिड, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजी, बीईएल और एचडीएफसी बैंक में भी गिरावट रही। निफ्टी-50 सूचकांक भी 14.40 अंक मजबूत होकर 24,891. 35 अंक पर खुला। यह नीचे 24,873. 95 अंक और ऊपर 25,012.65 अंक तक गया, हालांकि 25 हजार से ऊपर टिक नहभ सका। ज्यादा शेयरों पर आधारित निफ्टी-100 सूचकांक में 0. 47 प्रतिशत की तेजी रही। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों का विश्वास बनने से निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 1.01 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.70 फीसदी की तेजी रही।

### सोना 455 गिरकर 99,168 प्रति 10 ग्राम पर आया, चांदी 1.14 लाख किलो बिकी

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 19 अगस्त को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोना का दाम 455 रुपए गिरकर 99,168 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 99,623 रुपए पर था। वहीं 8 अगस्त को सोने ने 1,01,406 रुपए वहीं चांदी की कीमत आज 425 रुपए कम होकर 1,13,625 रुपए प्रति किलो हो गई है।

इससे पहले चांदी 1,14,050 रुपए पर थी। वहीं 23 जुलाई को चांदी ने 1,15,850 रुपए का आल टाइम हाई बनाया था। भोपाल सहित 4 महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत दिल्ली 24 कैरेट सोने की कीमत 1,009,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,500। मुंबई- 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,750 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,350। कोलकाता- 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,750 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,350। चेन्नई- 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,750 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,350। भोपालरू 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,800 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,400 सोना इस साल अब तक 23,006 महंगा हुआ।

# एयर इंडिया का हरित विमान ईंधन के लिए इंडियन ऑयल से करार

नई दिल्ली, वार्ता

टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने हरित विमान ईंधन (एसएएफ) की आपूर्ति के लिए मंगलवार को देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

एयरलाइंस ने इसे ष्भारतीय विमानन के हरित भविष्य की दिशा में एक बड़ा कदम बताते हुए कहा कि इस एमओयू के तहत एयर इंडिया और आईओसीएल ने विमानन क्षेत्र में कम कार्बन वाले ईंधन को बढ़ावा देने, वैश्विक स्तर पर कार्बन उत्सर्जन कम करने के लक्ष्यों का समर्थन करने और अधिक टिकाऊ हवाई परिवहन संचालन की दिशा में योगदान देने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित किया है। वर्ष 2050 तक नेट जीरो लक्ष्य को प्राप्त करने की अपनी व्यापक रणनीति के हिस्से के रूप में एयर इंडिया परिचालन दक्षता, कम कार्बन उत्सर्जन और अब एसएएफ में सक्रिय रूप से पहल कर रही है। यह करार कंपनी के हरित विमानन पोर्टफोलियो के विस्तार में एक महत्वपूर्ण कदम है। इंडियन ऑयल के कार्यकारी निदेशक (विमानन) शैलेश धर और एयर इंडिया के समूह प्रमुख (जीआरसी एवं कॉर्पोरेट मामले) पी. बाला. जी ने इंडियन ऑयल के अध्यक्ष एएस साहनी और एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैंपबेल विल्सन तथा अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। साहनी ने कहा कि एयर इंडिया के साथ इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हरित विमानन की ओर देश के संक्रमण की दिशा में एक रणनीतिक कदम है।




# हंगामे के बीच ही पारित कराया गया आईआईएम विधेयक

■ लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई

**नई दिल्ली।** बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया वापस लेने और वोट चोरी के मुद्दे पर विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण मंगलवार को लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। पीठासीन अधिकारी दिलीप सैकिया ने तीन बार के स्थगन के बाद चार बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की विपक्षी दलों के सदस्य पहले की तरह हंगामा करते हुए सदन के बीचोंबीच आ गए और नारेबाजी करने लगे। हंगामे के बीच ही शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) विधेयक पारित किए जाने संबंधी प्रस्ताव रखा, जिसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। पीठासीन अधिकारी सैकिया ने हंगामा कर रहे सदस्यों से कहा कि वे शोरगुल करके कार्यवाही बाधित न करें, अपने-अपने स्थानों पर जायें। उनकी अपील का सदस्यों पर कोई असर नहीं पड़ा और वे नारे लगाते हुए शोरगुल करते रहे। इस पर पीठासीन अधिकारी ने कहा कि सदस्य सदन की कार्यवाही चलने देना नहीं चाहते और उन्होंने कार्यवाही बुधवार पूर्वाहन 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले पीठासीन अधिकारी कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी ने दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की, विपक्षी दलों के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। सदस्य हाथों में तख्तियां लेकर और नारे लगाते हुए सदन के बीच. ोंबीच आ गए, लेकिन पीठासीन अधिकारी ने हंगामे के बीच ही सदन को चलाने का प्रयास किया।

उन्होंने 'अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारत के पहले 'अंतरिक्ष यात्री- 2047' तक विकसित भारत के संकल्प लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम की महत्वपूर्ण भूमिका पर सोमवार को शुरू हुई विशेष चर्चा को आगे बढ़ाते हुए भाजपा के निशिकांत दुबे का नाम लिया। दुबे ने हंगामे के बीच चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस को निशाने पर लिया और कहा कि उसने कभी वैज्ञानिकों का सम्मान नहभ किया, इसलिए कांग्रेस चर्चा से भाग रही है और इस विषय पर चर्चा नहीं चाहती है। पीठासीन अधिकारी ने दुबे से चर्चा रोकने का आग्रह किया और हंगामा कर रहे विपक्षी दलों के सदस्यों से शांत रहने की अपील की, लेकिन किसी उनकी नहीं सुनी, तो उन्होंने सदन की कार्यवाही शाम चार बजे तक स्थगित कर दी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# प्रधानाचार्यों की सीधी भर्ती रद्द करने की मांग

## चॉकडाउन हड़ताल: दूसरे दिन भी कार्यबहिष्कार पर रहे शिक्षक

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** माध्यमिक विद्यालयों में प्रधानाचार्यों की सीधी भर्ती के विरोध में शिक्षकों का कार्यबहिष्कार जारी है। मंगलवार को दूसरे दिन भी राजकीय शिक्षक संघ के आह्वान पर जिले के समस्त माध्यमिक शिक्षक कार्यबहिष्कार पर रहे। इस दौरान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर सीधी भर्ती को निरस्त कर पदोन्नति से भरने की मांग उठाई। इस मौके पर शिक्षकों ने सरकार पर शिक्षकों की मांगों को अनदेखा करने का आरोप लगाया। कहा कि अन्य विभागों में कार्मिकों की पदोन्नति समय से हो रही है, लेकिन शिक्षकों को पदोन्नति से वंचित रखा जा राह है। जिससे शिक्षकों में भारी रोष व्याप्त है। कहा कि सरकार प्रधानाचार्यों के पदों पर सीधी भर्ती निकाल शिक्षकों



के हितों पर कुठारघात कर रही है। इधर, शिक्षकों के कार्यबहिष्कार से स्कूलों में पठन पाठन भी प्रभावित हो गया है। अतिथि शिक्षकों के भरोसे पूरी व्यवस्था चल रही है। शिक्षकों ने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगों को नहीं माना जाता उनका कार्यबहिष्कार जारी रहेगा। यहां राजकीय शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष भूपाल सिंह चिलवाल, मंत्री राजू मेहरा, उपाध्यक्ष मदन भंडारी, महिला उपाध्यक्ष मीनाक्षी जोशी, प्रकाश भट्ट, राधा लसपाल नबियाल, जीवन नेगी, लता वर्मा, चंदन रावत, हीरा बोरा, भारतेंदु जोशी, डा. कैलाश डोलिया, दीप पांडे, बीडी पांडेय, डा. प्रवेश जोशी, दीप जोशी, पंकज टम्टा, बाला दत्त शर्मा, मनमोहन देव, प्रियंका शर्मा, अखिलेश बिष्ट, त्रिभुवन बिष्ट, नितेश काण्डपाल, त्रिवेंद्र सिंह, सुरेंद्र गोस्वामी, मेघा मनराल, केसर सिंह, जीवन लाल साह, लक्ष्मण सिंह रावत, नंदकिशोर आर्य, प्रकाश चंद्र डौर्बी, मीना गोस्वामी, चंद्रशेखर पांडे, ममता वर्मा कनवाल, दीपा सिंह पाल, मालती गस्याल, प्रेमा बिष्ट, ईला पांडे आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रही।

**बागेश्वर।** प्रधानाचार्य की सीधी भर्ती के विरोध में उतरे 637 शिक्षकों ने जिले में चॉकडाउन किया। अपने मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि जब तक उनकी मांग नहीं मानी जाएगी आंदोलन जारी रहेगा। 25 अगस्त को ब्लॉक मुख्यालयों में प्रदर्शन होगा। सरकार पर उपेक्षा का आरोप भी लगाया गया। जिले के 643 में से 637 शिक्षक मंगलवार को चॉकडाउन पर रहे। जब तक पदोन्नति व स्थानान्तरण शुरू नहीं हो जाते और प्रधानाचार्य सीधी भर्ती निरस्त नहीं होती तब तक आन्दोलन जारी रहेगा। 25 अगस्त से ब्लाक मुख्यालयों फिर जिला मुख्यालयों फिर मंडल मुख्यालयों फिर देहरादून में आंदोलन होगा। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष गरुड़ हरेंद्र रावल, मंत्री राहुल खुल्बे, ब्लाक अध्यक्ष कपकोट देवेंद्र कोरंगा, मंत्री गुडमोहन, ब्लाक अध्यक्ष बागेश्वर मुकेश नगरकोटी, मंत्री कस्तूबानन्द उपाध्याय रहे। जिलाध्यक्ष गोपाल पंत ने कहा कि प्रधानाचार्य की सीधी भर्ती का वह लगातार विरोध कर रहे हैं, जब तक मांग पूरी नहीं होती वह चुप नहीं बैठेंगे।

### मां नंदा देवी मेले को लेकर तैयारियां तेज

**अल्मोड़ा।** सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में ऐतिहासिक नंदादेवी मेले को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। मंगलवार को समिति के सदस्यों ने बैठक कर मेले के भव्य रूप देने को लेकर चर्चा की। इस दौरान तय किया गया कि मेला इस बार एडम्स स्कूल के मैदान में लगाया जाएगा। मंगलवार को समिति के सदस्यों और प्रशासन के बीच बैठक हुई। बैठक में मेले के आयोजन को लेकर सहमति बन गई है। यह भी तय हुआ कि दोपहर के समय छात्राओं की पढ़ाई में किसी भी प्रकार का व्यवधान नहीं होगा। वहीं, मेले को भव्य रूप देने के लिए सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। यहां बैठक में एसडीएम सदर संजय कुमार, डा. हरीश रौतेला, मेला अध्यक्ष मनोज वर्मा, सचिव मनोज सनवाल, उपाध्यक्ष तारा चंद जोशी, अनूप साह, नरेंद्र वर्मा, हरीश भंडारी, पार्षद अर्जुन बिष्ट, अमित साह मोनू, कुलदीप मेर, परितोष जोशी, अभिषेक जोशी, कपिल मल्होत्रा, हरीश भंडारी, त्रिलोचन जोशी, दिनेश मठपाल, राजेंद्र बिष्ट, हितेश वर्मा आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### जहर गटकने के बाद फंदे पर लटकी महिला

**बागेश्वर।** कपकोट के सुदूरवर्ती गांव निवासी एक विवाहिता ने घरेलू कलह के चलते मंगलवार की सुबह घर में रखा जहरीला पदार्थ गटक लिया। जिसके बाद खुद ही कमरे में फंदा लगाकर लटक गई। महिला जब तड़पने लगी तब पति ने पड़ोसियों के साथ मिलकर फंदा काटा। जिसके बाद उसे जिला अस्पताल ले आए। जिला अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार कपकोट के लीली निवासी 37 वर्षीय मंजू देवी पत्नी कुंदन सिंह ने मंगलवार तड़के घर में रखा जहरीला पदार्थ गटक लिया। जहर पीने मंजू ने कमरे में फांसी का फंदा लगाकर लटक गई। महिला के चिल्लाने की आवाज सुनकर पति कुंदन ने पड़ोसियों के साथ मिलकर फंदा काटा, व तत्काल जिला अस्पताल बागेश्वर लाए। ग्रामीणों ने बताया कि महिला के दो बच्चे हैं। 16 वर्षीय जीवन व 13 वर्षीय प्रियंका जो अपने दादी के साथ तहसील मुख्यालय कपकोट में पढ़ाई करते हैं। महिला का पति गांव में ही मजदूरी का काम करता है। महिला के आत्म घाती कदम उठाने के पीछे घरेलू कलह बताया जा रहा है।

### चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग

**बागेश्वर।** व्यापारियों ने नगर व्यापार संघ चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की है। इस आश्रय का व्यापारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि संगठन की नियमावली का पालन नहीं किया जा रहा है, मनमानी हो रही है। सदस्यता शुल्क भी अधिक लिया जा रहा है। यह अनुचित तथा व्यापारियों का उत्पीड़न है। शुल्क का विरोध करने पर व्यापारियों को धमकाया जा रहा है। वर्तमान नगर व्यापार मंडल का कार्यकाल 14 सितंबर को पूरा हो रहा है। उससे पहले चुनाव कराए जा रहे हैं। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया को रोकने की मांग की है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष हेम जोशी, इंदू चौधरी, सचिव भाष्कर किरमोलिया, सह सचिव राहुल साह, कोषाध्यक्ष जगदीश कार्की आदि मौजूद रहे।

### आर्यन छात्र संगठन ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन

**अल्मोड़ा।** एसएसजे विवि में एलएलबी और एलएलएम में प्रवेश के लिए परीक्षा कराने की मांग तेज हो गई है। मामले को लेकर मंगलवार को आर्यन छात्र संगठन से जुड़े छात्रों ने एसएसजे विवि के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट को ज्ञापन सौंपा। छात्रों ने मेरिट के आधार पर प्रवेश के चयन को निराधार बताया और प्रवेश परीक्षा कराने की मांग उठाई। कहा कि छात्रों में प्रवेश को लेकर संशय बना हुआ है। प्रवेश मेरिट के आधार पर या प्रवेश परीक्षा के आधार पर होंगे। साथ ही कहा कि पोर्टल के बंद हो जाने से कई छात्र-छात्राएं पंजीकरण नहीं करा पाए है। ऐसे में पंजीकरण के लिए पुन: पोर्टल खोला जाए। ज्ञापन देने मे पूर्व छात्रसंघ कोषाध्यक्ष अभिषके बनौला, पूर्व छात्रसंघ महासचिव गौरव भंडारी, गिरीश पांडेय, पंकज सिंह कनवाल, हेमंत मेहरा, निशांत पांडेय, राहुल फुलारा, गोविंद प्रसाद, प्रदीप भाकुनी, रोहित बोरा, मोहन चौहान, विनय कनवाल, उज्जवल नेगी मौजूद रहे।

### गांधी पार्क में उत्तराधिकारी संगठन की बैठक

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड स्वतंत्रता सेनानी एवं उत्तराधिकारी संगठन अल्मोड़ा की बैठक मंगलवार को गांधी पार्क में जिलाध्यक्ष कमलेश पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष कमलेश पांडे ने बताया कि आगामी 24 अगस्त को देहरादून में संगठन का प्रांतीय अधिवेशन आयोजित होगा। यातायात पुलिस कार्यालय कचहरी रोड देहरादून के समीप की जगह सरकार की ओर से सेनानी सदन बनाने के लिए आवंटित की गई है। अधिवेशन का शुभारंभ सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा किया जाएगा। बताया कि इसी दिन मुख्यमंत्री सेनानी सदन का भूमि पूजन भी करेंगे। इस दौरान प्रांतीय कार्यकारिणी का चुनाव भी होगा। अधिवेशन में संगठन के मुख्य संरक्षक आनंद सिंह बिष्ट भी मौजूद रहेंगे। बैठक में तारा चंद्र शाह, किशन जोशी, नवीन चंद्र जोशी, बद्री दत्त पांडे, शिवेंद्र गोस्वामी, विपिन जोशी, नंदन सिंह कार्की, पार्वती बिष्ट, दुर्गा बुड़ाकोटी, चंद्रा कांडपाल, कैलाश जोशी और विनोद शर्मा आदि मौजूद रहे।

### भैसखुरी गधेरे में पैराफिट के निर्माण की मांग

**अल्मोड़ा।** यूथ कांग्रेस रानीखेत की जिलाध्यक्ष अंकिता पंत ने मंगलवार को लोनिवि के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौपा। सौनी-देवलीखेत के बीच भैसखुरी गधेरे में पैराफिट का निर्माण और सौनी के मुख्य मार्ग में बंद पड़े कलमठ को खोलने की मांग उठाई। जिलाध्यक्ष अंकिता पंत ने बताया कि ग्राम सभा सौनी-देवलीखेत के बीच स्थित भैसखुरी गधेरे पर पैराफिट का निर्माण नहीं होने से यह स्थान दुर्घटनाओं की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील बन गया है। बताया कि बीते दिनों गधेरे के तेज बहाव में बह कर कुणकोली निवासी कपिल पंत की मौत हो गई थी।

### जंक फूड के दुष्प्रभावों के बारे में बताया

**रानीखेत।** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मंगलवार को ताड़ीखेत में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर राजकीय चिकित्सालय रानीखेत के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. आरके वर्मा के मार्गदर्शन में डा. दीपक शर्मा ने ताड़ीखेत में बच्चों से स्वास्थ्य वार्ता कर सभी का स्वास्थ्य परीक्षण किया। स्वास्थ्य वार्ता में लड़कों के लिए शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, जंक फूड के दुष्प्रभाव, मादक पदार्थो के सेवन के नुकसान और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर चर्चा की गई। वही लड़कियों के लिए मासिक धर्म स्वच्छता बनाए रखने के तरीकों पर चर्चा की गई। एनीमिया मुक्त कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। डा. दीपक शर्मा ने बताया कि भविष्य में भी विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के तहत अल्प समय में इस प्रकार की स्वास्थ्य वार्ता आयोजित की जाएगी।

### 18 सितंबर तक रात में वाहनों पर रोक

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे में क्वारब पुल के पास बने डेंजर जोन में रात्रि में वाहनों की आवाजाही की मियाद एक बार फिर बढ़ गई है। क्वारब पुल के पास बन रहे खतरे को देखते हुए आगामी 18 सितंबर तक रात में 11 से सुबह पांच बजे तक वाहनों की आवाजाही पूर्ण रुप से बंद रहेगी। डीएम आलोक कुमार पांडे की ओर से आदेश जारी किया गया है। क्वारब के पास दरक रही पहाड़ी से लगातार मलबा और बोल्डर गिरने के खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन ने क्वारब मार्ग के पास रात के समय आवाजाही बंद कर दी है। 19 अगस्त से आगामी 18 सितंबर तक क्वारब मार्ग में रात को भारी और हल्के वाहनों की आवाजाही पर पूर्ण रूप से रोक रहेगी। रात 11 बजे से सुबह पांच बजे तक आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया गया है।

## कुलपति का कार्यकाल बढ़ाया गया

शाह टाइम्स संवाददाता

**पंतनगर।** गोविन्द बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर के कुलपति पद के लिए डा. मनमोहन सिंह चौहान को छह महीने का विस्तार दिया गया है। डा. चौहान का तीन वर्ष का कार्यकाल 28 अगस्त 2025 को पूर्ण हो रहा है। यह निर्णय विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति ले ज गुरमीत सिंह द्वारा लिया गया है। वर्तमान में नए कुलपति की नियुक्ति की प्रक्रिया अभी चल रही है, जिसमें समय लगने की संभावना है। इस विस्तार के साथ डा. चौहान 29 अगस्त 2025 से अगले छह माह तक, या जब तक नए कुलपति का चयन नहीं हो जाता, तब तक विश्व. विद्यालय के कुलपति के रूप में अपना कार्यभार संभालेंगे। इस कदम से विश्वविद्यालय के शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन में निरंतरता सुनिश्चित होगी। निदेशक संचार डा. जेपी जायसवाल ने बताया कि आज विश्वविद्यालय की 403वीं विद्वत परिषद की बैठक में यह शुभ समाचार मिला जिससे बैठक में उपस्थित विद्वत परिषद के सभी सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कुलपति को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी।



## सिंचाई के पानी को तरसे किसान

शाह टाइम्स संवाददाता

**कालाढूंगी।** सिंचाई के पानी को किसान तरस रहे हैं। ज्येष्ठ प्रमुख पति सामाजिक कार्यकर्ता उमेश तिवारी ने मौके पर जाकर किसानों की समस्या सुनी व समाधान के लिए संबंधित उच्च अधिकारियों से वार्ता कर शीघ्र समस्या का समाधान किए जाने की बात की।

विकासखंड कोटाबाग के ग्राम पंचायत नाथुनगर में सिंचाई नहर से लगभग 300 किसान प्रभावित हो रहे है जिसके चलते किसानो को समय पर सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है जिसको देखते हुए कोटाबाग ब्लॉक के ज्येष्ठ प्रमुख गीता तिवारी और सामाजिक कार्यकर्ता पूर्व प्रधान उमेश तिवारी ने ग्रामीणों के साथ मौके पर जाकर संबंधित अधिकारियो के साथ फोन



पर वार्ता की और जल्द ही समाधान करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया की कई वर्षो से किसानो को पानी नहीं मिल पा रहा है। किसान अपनी एक बार की फसल के लिए 3 हजार रूपये का पानी ट्यूबवैल से लगाने को मजबूर है। सिंचाई नहर में जमे मलबे से किसानों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। मलबे को जल्द हटवाने की बात कही है। सिंचाई विभाग के जेई यशवंत सिंह बिष्ट ने मौके पर पहुंचकर बताया कि समस्या के जल्द निवारण के लिए काम किया जायेगा जिससे किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सके। इस दौरान सिंचाई विभाग के जेइ सहित नवनिर्वाचित प्रधान पति बालम सिंह मनराल, नवल किशोर नेगी, महेन्द्र बोहरा, मदन मोहन मनराल, मनोज बोहरा, दीपू बोहरा मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा समझाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** पीएमश्री विक्टर मोहन जोशी स्मारक राजकीय इंटर कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित विविध कार्यक्रमों की श्रंखला में स्टैंडर्ड क्लब के छात्र-छात्राओं की क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में राष्ट्रीय ध्वज और बीआईएस से संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता से पूर्व प्रधानाचार्य दीपचंद्र जोशी ने छात्रों को राष्ट्रीय ध्वज के मानकों, महत्व, गरिमा और रंगों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। यहां आयोजित प्रतियोगिता में सुमित चौबे (कक्षा 12) और नितिन भट्ट (कक्षा 12) ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया, उन्हें 1000 रुपये का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। करन कुमार (कक्षा 12) ने द्वितीय स्थान



प्राप्त किया और उन्हें 750 रुपये का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। नेहा पांडे और गीतांजलि मेर ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया और उन्हें 500 रुपये का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। रोशनी आर्या, महेश पांडे और कुणाल सिंह कन्याल ने संयुक्त रूप से चतुर्थ स्थान प्राप्त किया और उन्हें 250 रुपये का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में नेहा माजिला, सविता भौर्याल, पूनम धामी और तारा सिंह मेहता ने निर्णायक के रूप में सहयोग दिया। कार्यक्रम में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी सुशीला रावत, महिपाल सिंह खेतवाल, राजेश आगरी, सुरेश राम, हरीश रावल, सतीश चंद्र और मीरा देवी आदि लोग उपस्थित थे।

### फिर से टूटा आरओबी का हाईट बैरियर

**काशीपुर।** महाराणा प्रताप चौक स्थित आरओबी का हाइट बैरियर अब राधेश्याम बिल्डिंग के सामने से एक बार फिर से टूट गया। गनीमत रही कि इसमें किसी को चोट नहीं लगी। आरओबी के प्रवेश पर लगाया गया हाईटबैरियर सोमवार की देर रात यहां किसी बड़े वाहन ने चढ़ने के प्रयास में तोड़ दिया। बतादें कि एनएचएआई ने आरओबी से भारी व बड़े वाहनों की मार्च माह से आवाजाही पर रोक लगा दी थी, कुछ दिनों के बार आरओबी के तीनों रास्तों पर हाइट बैरियर लगा दिए थे। यह तीनों अवरोधक अब तक कई बार टूटे चुके हैं। मार्च माह से लगाये गये यह बैरियर अब तक तीनों स्थानों पर कई बार बड़े वाहनों के द्वारा आरओबी पर चढ़ने के प्रयास में क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। इधर, हाईट वैरियटर टूटूने के बाद विभाग के कर्मचारी फिर से ठीक करने में लग गए हैं।

## कला मंदिर का उद्घाटन

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** जन्माष्टमी पर कला मंदिर, जो कला, संस्कृति और सामाजिक सेवा को समर्पित एक अनोखा गैर-लाभकारी केंद्र है, का विधिवत उद्घाटन हुआ। यह शुभारंभ एक ऐसे स्थल की शुरुआत का प्रतीक बना, जो भक्ति, सांस्कृतिक अभिव्यक्ति और सामदायिक सशकितकरण का संगम है। इस दौरान कला मंदिर के ट्रस्टी संजय प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि कला मंदिर केवल एक भवन नहीं है यह प्रतिभा, संस्कृति और करुणा का जीवंत मंच है। हमारा उद्देश्य कलाकारों को मंच देना और उन लोगों के लिए एक आश्रय बनाना है, जो सहयोग, शिक्षा या आध्यात्मिक शांति की तलाश में हैं। सुंदर गोपाल अध्यक्ष, इस्कॉन उत्तरी भारत प्रादेशिक परिषद एवं अध्यक्ष, इस्कॉन भारत यूथ काउंसिल ने बताया कि कला मंदिर एक ऐसे प्रकाश स्तंभ के रूप में खड़ा होगा जहां आध्यात्मिकता और संस्कृति का संगम होगा, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगा। समारोह में इस्कॉन दिल्ली एनसीआरके प्रतिनिधियों, आध्यात्मिक आचार्यो और सांस्कृतिक जगत की प्रतिष्ठित हस्तियों साथ-साथ शोभाहिज होलीनेस कवि चंद्र स्वामी सदस्य, इस्कॉन जीबीसी कार्यकारी समिति के अलावा कलाकारों और युवाओं सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।



## सूर्या रोशनी ने पोर्टफोलियो का किया विस्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** सूर्या रोशनी, जो भारत में लाइटिंग, फैन, होम अप्लायंसेज़, स्टील और पीवीसी पाइप्स के सबसे भरोसेमंद नामों में से एक है, ने तार और केबल्स सेगमेंट में प्रवेश किया है और अपनी नई टर्बो फ्लेक्स रेंज लॉन्च की है जो सुरक्षा, टिकाऊपन और बहुमुखी प्रतिभा का शक्तिशाली संयोजन है, विशेष रूप से आधुनिक घरों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के लिए तैयार की गई है। इसके साथ कंपनी ने इलेक्ट्रिकल सॉल्यूशंस मार्केट में अपनी स्थिति को और मजबूत किया है। नए लॉन्च किए गए तार दो प्रकार में उपलब्ध हैं: टर्बो फ्लेक्स एफआर (फ्लेम रिटार्डेंट) और टर्बो फ्लेक्स ग्रीन एफआरएएसएच (फ्लेम रिटार्डेंट लो स्मोक एंड हैलोजन)। सुरक्षा पर विशेष जोर देते हुए, सूर्या की टर्बो फ्लेक्स रेंज पीवीसी इंसुलेटेड है, जो अत्यधिक गर्मी का सामना करने में सक्षम है और कठिन परिस्थितियों में भी निर्बाध प्रदर्शन सुनिश्चित करती है। प्रत्येक तार का परीक्षण किया गया है और यह 1100 वोल्ट के लिए रेटेड है, जिससे यह घरेलू अनुप्रयोगों के साथ-साथ वाणिज्यिक विद्युत प्रणालियों के लिए भी उपयुक्त है। चाहे पंखा हो, लाइट फिक्स्चर हो या उपकरण, ये तार अपने उच्च इंसुलेशन और गर्मी प्रतिरोध के माध्यम से उपभोक्ताओं को मानसिक शांति प्रदान करते हैं। लॉन्च पर पद्मश्री जेपी अग्रवाल, चेयरमैन सूर्या रोशनी लिमिटेड ने कहा-हहमारा मिशन हमेशा से भरोसे और तकनीक को जोड़ना रहा है। टर्बो फ्लेक्स रेंज केवल एक तार नहीं है यह हर घर की सुरक्षा है और सूर्या की उस गुणवत्ता का प्रतीक है जो पीढ़ियों तक बनी रहती है। इस दौरान राजू बिष्टा एमडी सूर्या रोशनी, वासुमित्रा पांडे सीईओ सूर्या रोशनी ने भी नये प्रोडक्ट व कम्पनी के बारे में बताया।



## जसपाल सिंह जस्सी बने निर्विरोध अध्यक्ष

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** महापौर दीपक बाली के प्रयासों के चलते यहां गिन्नी खेड़ा के नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष जसपाल सिंह जस्सी को ग्राम प्रधान संघ का निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया गया। इस अवसर पर काशीपुर खंड विकास क्षेत्र के 34 में से 28 ग्राम प्रधान मौजूद रहे जिन्होंने सर्वसम्मति से हाथ उठाकर श्रीजस्सी को निर्विरोध अध्यक्ष बनाने की सहमति प्रदान की। बाजपुर रोड स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में एकत्र हुए ग्राम प्रधानों में से कुंडेश्वरी ग्राम प्रधान पायल चौधरी ने जसपाल सिंह जस्सी को प्रधान संघ का अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखा जिसे सभी 28 ग्राम प्रधानों ने हाथ उठाकर अपनी सहमति दे दी। इस अवसर पर महापौर दीपक बाली, ब्लॉक प्रमुख चंद्रप्रभा उनके पति एवं पार्षद विजय बॉबी, चौधरी समरपाल सिंह, जोगिंदर सिंह, जुग्गी, यश चौधरी, जसवीर सिंह सैनी, बबली बजाज, मानवेंद्र शर्मा, मुकेश चावला, मनीष चावला आदि भी मौजूद रहे और सभी ने जसपाल सिंह जस्सी को प्रधान संघ का अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी। महापौर दीपक बाली ने कहा कि श्री जस्सी के प्रधान संघ अध्यक्ष बनने पर संगठन को एक युवा ताकत मिलेगी और क्षेत्र के विकास में काफी योगदान मिलेगा।

## प्रदेश सरकार का पुतला फूंका

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यस्था को लेकर कांग्रेस ने एक बार फिर प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया। कांग्रेस कार्यकताओं ने कहा कि खुले आम सरकार की सह में गुंडागर्दी चल रही है। जिसका स्पष्ट उदाहरण नैनीताल में हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव है। मंगलवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगत डसीला के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता एसबीआई तिराहे पर एकत्र हुए। यहां नारेबाजी के साथ धामी सरकार का पुतला दहन किया।

यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी खुलेआम हो रही है। सरकार की सह में इनके कार्यकर्ता किसी पर भी गोलीबारी कर रहे हैं। कहा कि बीते दिनों



नैनीताल में जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में बंदूक लेकर लोगों को कैसे घुसने दिया। उसके बाद गोलीबारी कर लोगों ने दहशत फैलाई गई। जो पूरी तरह से सरकार की सह ने हुआ है।

जिसका कांग्रेस पुरजोर विरोध करती है। इसी क्रम में उन्होंने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार और लूट खसोट के भी आरोप लगाए। उन्होंने कहा यदि सरकार जल्द नैनीताल में गोली कांड के आरोपियों पर कार्यवाही नहीं करती है तो वे पूरे राज्य में उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर किशन गिरी, अनिल रौतेला, पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, बाल कृष्ण, हरीश त्रिकोटी, देवेंद्र परिहार आदि मौजूद थे।

## इनरव्हील ने छात्राओं को दीं साइकिलें



शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** इनरव्हील डिस्ट्रिक्ट 311 के मेगा प्रोजेक्ट मेरी उड़ान के अन्तर्गत सोमवार को इनरव्हील क्लब ऑफ काशीपुर द्वारा मेधावी छात्राओं को 40 साइकिल्स प्रदान की गईं। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन डॉ. सुरुचि सक्सेना एवं डिस्ट्रिक्ट एडिटर प्राची अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। गुरुनानक गर्ल्स इंटर कालेज में आयोजित कार्यक्रम में क्लब की सदस्याओं ने शिरकत की। मंडलाध्यक्ष डॉ. सुरुचि सक्सेना ने अपने संबोधन में कहा कि मेरी उड़ान प्रोजेक्ट मात्र एक समाजोपयोगी गतिविधि ही नहीं वरन् लड़कियों के सपनों को साकार करने की एक पहल और प्रयास है। इस अवसर पर उक्त के अतिरिक्त क्लब अध्यक्ष डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय, सचिव डॉ. निमिषा अग्रवाल, सीजीआर निधि अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रूपाली अग्रवाल, डॉ. नेहा अग्रवाल, आईएसओ पूनम जोशी, साधना जिंदल, शोभा सिंघल, रचना गर्ग, रंजीता कौर, आभा गोयल, रेनू रावल, संगीता गोयल, सोना चौहान, देवभूमि क्लब की अध्यक्ष ऋतु जिंदल सहित छात्राएं एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## सात प्यारा गांव में आज तक सड़क नहीं

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** जिले के सात प्यारा गांव में आज तक सड़क नहीं पहुंच पाई है। ग्रामीण आज भी बीमार, बुजुर्ग लोगों को डोली या पीठ में लगाकर लाने के लिए मजबूर है। ग्रामीणों के कहना है कि वे कई बार शासन प्रशासन से सड़क के लिए गुहार लगा चुके है। लेकिन उसके बाबजूद अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हों पाई है। बता दें कि सात प्यारा गांव निवासी बुजुर्ग आनंद सिंह मेहता का दर्द तब छलका जब वे अपनी बहन को सात प्यारा गांव से मुख्य सड़क कराला पालड़ी माचुला देवी मंदिर तक पीठ में लगाकर लाए। इतना ही नहीं वे अपनी बीमार बहन पार्वती देवी को जिला मुख्यालय के अल्मोड़ा टैक्सी स्टेंड से जिला अस्पताल तक तीन किमी फिर पीठ में लगाकर ले गए। उन्होंने बताया कि उन्हें न तो कोई एंबुलेंस मिली न ही कोई अन्य मदद।



ग्रामीण आनंद सिंह मेहता ने बताया कि वे पूर्व में दो बार गांव के ग्राम प्रधान रह चुके है। उनके कार्यकाल में दो बार गांव में सड़क की सर्वे हुई। लेकिन सड़क का कार्य सर्वे तक ही सीमित रहा। तब से आज तक गांव में कोई भी अधिकारी कर्मचारी नहीं पहुंचा। उन्होंने बताया कि मंगलवार को उनकी बुजुर्ग बहन का सुबह फोन आया, जो बुखार से पीड़ित थी। आनंद सिंह बहन के प्यार में पैदल ही उनके गांव पहुंचे। जहां से वे अपनी बहन को पीठ में लगाकर पांच किमी दूर सड़क तक लाए। उसके बाद वे जिला मुख्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने 108 को फोन करने की कोशिश की। लेकिन नंबर न लगने कारण वे दो किमी दूर जिला अस्पताल फिर उन्हें पीठ में लगाकर ले गए। उन्होंने गांव में सड़क व प्राथमिक उपचार के लिए कोई व्यस्था न होने पर दुख जताया।

### सर्वदलीय संघर्ष समिति का धरना

**अल्मोड़ा।** पर्वतीय क्षेत्रों में डीडीए समाप्ति की मांग को लेकर सर्वदलीय संघर्ष समिति का धरना प्रदर्शन जारी है। मंगलवार को गांधी पार्क में समिति से जुड़े लोगों ने धरना दिया। इस दौरान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर डीडीए समाप्ति का शासनादेश जारी करने की मांग उठाई। गांधी पार्क में धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहस कि डीडीए के कारण पहाड़ी क्षेत्रों के लोगों को समस्याएं झेलनी पड़ रही हैं। सात साल से अधिक समय से समिति डीडीए को हटाने की मांग कर रही है, लेकिन अब तक सरकार ने डीडीए हटाने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की। कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए डीडीए की नियमावली उचित नहीं है। डीडीए को हटाकर नगर निकायों को प्रधिकारण के अधिकार दिए जाने चाहिए। सदस्यों ने जल्द सरकार से डीडीए हटाने की मांग की।

## एसएसजे विवि और म्यर पहाड़ में एमओयू

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा में संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को उद्योगों की जरूरतों और आधुनिक तकनीकी मानकों के अनुरूप अधिक व्यावहारिक और उपयोगी बनाने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय ने सामाजिक-सांस्कृतिक संस्था क्रिएटिव उत्तराखंड म्यर पहाड़ के साथ एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस एमओयू पर विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट और संस्था की ओर से अध्यक्ष दयाल चंद्र पांडे ने हस्ताक्षर किए। कुलपति प्रो. बिष्ट ने जानकारी दी कि इस साझेदारी के अंतर्गत हेल्थकेयर, बैंकिंग, सॉफ्टवेयर, पर्यटन, होटल मैनेजमेंट जैसे रोजगारपरक पाठ्यक्रमों से जुड़े विद्यार्थियों को पढ़ाई के दौरान उद्योग विशेषज्ञों के अनुभवों से रूबरू कराया जाएगा। इसके साथ ही उद्योगों की जरूरतों के अनुसार पाठ्यक्रमों में समय-समय पर आधुनिक तकनीकों का समावेश किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष दयाल चंद्र पांडे ने बताया कि देश-विदेश में कार्यरत विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र अपने अनुभवों को साझा करने के लिए इच्छुक हैं। संस्था का उद्देश्य ऐसे प्रवासी उत्तराखंडी पेशेवरों को वर्तमान विद्यार्थियों से जोड़ना है। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक प्रो. पंकज शाह, संस्था के सचिव हेम पंत, डा. ललित चंद्र जोशी, विपिन चंद्र जोशी, गोविंद मेर, तरविंदर सिंह, दरपान सिंह मेहता आदि मौजूद रहे।



# जिपं की कुर्सी पर भाजपा का कब्ज़ा

## एक वोट से जीतीं दीपा दरम्वाल, कांग्रेस की देवकी बिष्ट उपाध्यक्ष

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** आखिरकार पांच दिनों के इंतजार और सियासी घमासान के बीच आखिरकार छठे दिन यानी मंगलवार को नैनीताल के जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष चुनाव का परिणाम घोषित हो गया। जिला पंचायत एक्ट के तहत हुई मतगणना में भाजपा की प्रत्याशी दीपा दरम्वाल ने जीत हासिल कर जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर कब्जा जमाया है वहीं उपाध्यक्ष पद पर कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी देवकी बिष्ट विजयी रहीं।


अध्यक्ष दीपा दरम्वाल


अध्यक्ष दीपा दरम्वाल

बता दें कि नैनीताल जिले में कुल 27 जिला पंचायत सदस्य हैं इनमें से 14 अगस्त वीरवार को मतदान के दिन केवल 22 सदस्यों ने ही मतदान किया जबकि 5 सदस्य मतदान में शामिल नहीं हो सके। इन 22 वोटों में भाजपा प्रत्याशी दीपा दरम्वाल को 11 वोट जबकि कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पा नेगी को 10 वोट मिले जबकि 1 वोट अवैध (अनवैलिड) घोषित किया गया। इस तरह मात्र एक वोट के अंतर से भाजपा प्रत्याशी दीपा दरम्वाल ने अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की। उपाध्यक्ष पद पर कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी देवकी बिष्ट को 11 तथा भाजपा समर्थित प्रत्याशी बहादुर सिंह नगदली को भी 11 मत मिले बाद में पर्ची के माध्यम से चुनाव परिणाम घोषित किया गया जिसमें कांग्रेस प्रत्याशी देवकी बिष्ट को विजयी घोषित किया गया। इससे पूर्व मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में कोषागार दफ्तर के समक्ष जिला पंचायत के लिए नियुक्त सहायक निर्वाचन अधिकारी व एडीएम विवेक राय व निर्वाचन अधिकारी डा. डीसी जोशी ने विजयी प्रत्याशियों की घोषणा की। इस दौरान सुरक्षा के लिहाज से पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहा। चुनाव परिणाम घोषित होते ही भाजपा खेमे में जश्न का माहौल देखने को मिला। समर्थकों ने दीपा दरम्वाल का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान कई भाजपाई मौजूद रहे।

### ईमानदारी से काम करूंगी: दीपा

**नैनीताल।** जिला पंचायत की नव निर्वाचित अध्यक्ष दीपा दरम्वाल ने कहा है कि यह जीत जनता और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। मैं सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करती हूं और भरोसा दिलाती हूं कि आने वाले समय में जिले के विकास के लिए पूरी ईमानदारी और निष्ठा से काम करूंगी।



### मतगणना से मीडिया को दूर रखा गया

**नैनीताल।** कलेक्ट्रेट परिसर में चुनाव परिणाम घोषणी के दौरान जिला प्रशासन की ओर से मीडिया को भी बिल्कुल दूर रखा गया। इस दौरान मीडिया वालों को विजयी प्रत्याशियों को विजयी प्रमाण पत्र देने की देने की फोटो भी नहीं खिचने दी। जिला प्रशासन के रवैये से मीडिया कर्मियों में रोष देखा गया।

### छावनी में तब्दील रहा कलेक्ट्रेट परिसर

जिला पंचायत के चुनाव परिणामों की घोषणा होने के चलते मंगलवार को सुबह से ही कलेक्ट्रेट परिसर पूरी तरह से पुलिस छावनी में तब्दील रहा। इस दौरान कोषागार परिसर की ओर किसी को भी जाने की अनुमति नहीं दी गयी।

# 'घूमने' गए पांच जिपं सदस्य अब तक घर नहीं पहुंचे

## करीबियों का पुलिस बहुउद्देशीय भवन के बाहर प्रदर्शन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** कथित अपहरण के बाद अचानक कोर्ट में पेश हुए पांच जिला पंचायत सदस्य अब तक अपने घर नहीं लौटे हैं, जिससे परिजनों और समर्थकों में गहरी चिंता और रोष है। मंगलवार को इन सदस्यों की सकुशल वापसी की मांग को लेकर उनके करीबियों ने पुलिस बहुउद्देशीय भवन के बाहर सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया और चेतावनी दी कि यदि रात 8 बजे तक सभी सदस्य सुरक्षित घर नहीं पहुंचे तो आंदोलन उग्र रूप लेगा। मंगलवार को जिला पंचायत सदस्यों के करीबी पुलिस बहुउद्देशीय भवन धरना देने पहुंचे। लेकिन पुलिस ने पहले उन्हें रोक दिया। हालांकि कुछ समय बाद उन्हें धरना देने की अनुमति मिल गई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन पर निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। धरना स्थल पर पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष दीपक भोज ने कहा कि कोर्ट में पेशी के बाद भी पांचों सदस्यों की घर वापसी नहीं हुई है, जिससे परिजनों की चिंता और बढ़ गई है। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि आज मंगलवार रात 8 बजे तक पांचों जिला पंचायत सदस्य सकुशल घर नहीं लौटे तो बुधवार से उग्र आंदोलन शुरू किया जाएगा। सां. केतिक धरना प्रदर्शन में पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष जगमोहन बागडवाल, योगेंद्र बिष्ट, पार्षद मुकुल बल्यूटिया, पार्षद राजेंद्र जीना, पूर्व छात्र संघ सचिव कैलाश शाह, गजेंद्र गौनिया, राज. कुमार जोशी, पार्षद नीमा भट्ट, धनेश जोशी, पप्पू दुम्का, विपिन पांडे, धीरज चौधरी मौजूद रहे।



# शोहदों के हौसले बुलंद, परिवार के साथ घूमने गयी युवती को पीटा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** एक युवती परिवार के साथ भुजियाघाट मैगी प्वाइंट पर मैगी खाने पहुंची तो वहां पर मौजूद मनचले युवकों ने उनके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की मौसी ने काठगोदाम थाने पहुंचकर दो सगे भाईयों पर नामजद मुकदमा दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार लाइन नंबर-13 आजाद नगर बनभूलपुरा निवासी बुशरा कुरैशी पत्नी मोहसिन ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बीती 16 अगस्त की शाम अपनी बहन, भांजी और ममेरे भाई के साथ घूमने निकली थीं। सभी घूमते हुए भुजियाघाट स्थित एक मैगी प्वाइंट में जा पहुंचे। आरोप है कि वह मैगी प्वाइंट पहुंचे ही थे कि पीछे से लाइन नंबर-14 निवासी अरमान और उसका भाई फाजिल भी मैगी प्वाइंट पहुंच गए। आरोप है कि दोनों ने बुशरा की भांजी के साथ मारपीट की। जब बुशरा व अन्य लोगों ने विरोध किया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। इधर काठगोदाम थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि मामले में मारपीट, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं।

# बागजाला को राजस्व ग्राम घोषित किया जाए



## विधानसभा के मानसून सत्र में लाया जाए प्रस्ताव: किसान महासभा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला द्वारा भूमि के मालिकाना अधिकार, मानसून सत्र में राजस्व गांव का प्रस्ताव पारित करने, जनता की पेयजल, सड़क, विकास कार्यों और निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाने, जैसी मूलभूत नागरिक सुविधाओं की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन मंगलवार को भी जारी रहा। धरने के दूसरे दिन के मुख्य वक्ता के रूप में ट्रेड यूनियन ऐक्टू के प्रदेश महामंत्री केके बोरा ने कहा कि बिना संघर्ष के भाजपा राज में जनता को कोई अधिकार हासिल होना असंभव है। बागजाला के गरीबों को इस सरकार की गरीब उजाड़ो-बुलडोजर चलाओ नीति के खिलाफ लड़ते हुए ही अपना हक हासिल होगा। किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनन्द सिंह नेगी ने कहा कि पूरे राज्य में लगभग सड़सठ प्रतिशत आबादी वन भूमि, नजूल भूमि, कच्ची जमीनों पर बसी है। होना तो यह चाहिए था कि भाजपा की धामी सरकार इतनी बड़ी आबादी को मालिकाना अधिकार देती लेकिन यह सरकार बसाने वाली नहीं उजाड़ने वाली सरकार है। प्रेम सिंह नयाल ने कहा कि बागजाला में सभी लोगों ने मिलजुलकर लड़ने का फैसला लिया है। हम जाति धर्म में बांटने की हर कोशिश के खिलाफ अपनी एकता के बल पर इस आंदोलन को जीत तक पहुंचाएंगे। धरने के माध्यम से गौलापार के खेड़ा गांव में विगत दिनों में 11 साल के बालक की नृशंस हत्या के मामले में बच्चे के परिजनों द्वारा उठाई जा रही सीबीआई जांच की मांग का किसान महासभा ने समर्थन किया और इस आशय का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। धरने पर डा. कैलाश पाण्डेय, विमला देवी, हरदित्ता सिंह, लीला देवी, भगवती गोस्वामी, कालू राम, परवेज अंसारी, दीवान सिंह बर्गली, मीना भट्ट, चौसला, अरशद अली, चन्दन सिंह मटियाली, हरि गिरी, धनी राम आर्य, नारायण दत्त जोशी, ममता प्रजापति, श्याम सिंह, मोहन लाल, अफसर अली, हेमा देवी, ऊषा वर्मा, मिथिलेश, रेखा रानी, रूपा देवी, भुवन चन्द्र, चंद्रा देवी आदि मौजूद रहे।

# पेचकस लेकर वारदात करने निकला चोर, सीसीटीवी में दिखा

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल के कृष्णापुर क्षेत्र में सोमवार की देर रात्रि में एक घर में रात्रि के समय पेचकस से खिड़की और दरवाजे की जाली तोड़ते हुए एक चोर का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है जिसके बाद वीडियो के सामने आते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। कृष्णापुर क्षेत्र के ग्रुप में चोर का वीडियो वायरल हो रहा है। दूसरी ओर कैंट क्षेत्र में एक व्यक्ति रात्रि के समय इधर उधर घूम कर चोरी करने के लिए रैकी करता हुआ सीसीटीवी में व्यक्ति दिख रहा है लेकिन इस व्यक्ति स्कूटर के कवर को चोरी कर वह से रू चक्कर हो गया। यह सब मामला कैंट क्षेत्र के घर के सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। तल्लीताल क्षेत्र में घरों के सीसीटीवी कैमरे में रात्रि के समय चोर चोरी करने का प्रयास और चोरी करते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। क्षेत्र के लोगों ने तल्लीताल पुलिस से गश्त बढ़ाने की मांग की है। मामले में तल्लीताल थाने के एसओ रमेश सिंह बोरा ने बताया कि क्षेत्रवासियों की शिकायत व सीसीटीवी के आधार पर चोरी की शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है जल्दी चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

# 'खुलासा करने में नाकाम, इस्तीफा दें कप्तान'

## ज्योति मेर हत्याकांड: धरना पांचवें दिन भी, नाराज युवक ने सिर मुंडवाया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** योगा ट्रेनर ज्योति मेर हत्याकांड के आरोपियों की 20 दिन बाद भी गिरफ्तारी न होने पर आक्रोश बढ़ता जा रहा है। पहाड़ी आर्मी व ज्योति के परिजनों का धरना पांचवें दिन भी बुद्धपार्क में जारी रहा। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन पर इस हत्याकांड में शुरू से ही लाप. रवाही बरतने का आरोप लगाया और जमकर नारेबाजी की। धरने पर बैठे हरीश कोटलिया ने बुद्धपार्क में अपना सिर मुंडवा कर नाराजगी जाहिर की। साथ ही धरने को कई पार्षदों व जनप्रतिनिधियों ने समर्थन दिया। धरने में बैठे लोगों का कहना है कि ज्योति मेर की हत्या में लिप्त आरोपियों को बचाने के लिए पुलिस भरसक प्रयास कर रही है। अपराधियों पर वीआईपी का हाथ है और पुलिस उसी वीआईपी के दबाव में है। पहाड़ी आर्मी के संस्थापक अध्यक्ष हरीश रावत ने कहा जिले में अपराधियों के बीच में एसएसपी और पुलिस का कोई खौफ नहीं है। खुफिया तंत्र पूरी तरह विफल है और जिले में अराज. कता का माहौल बना हुआ है। एसएसपी मीणा को जनहित में तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। पार्षद शैलेन्द्र दानू, रोहित कुमार, मनोज जोशी, रवि जोशी, भूपेन्द्र जोशी और हेमंत साहू ने भी एक स्वर में जिले में फैली अराजकता और बढ़ती गुंडागर्दी को लेकर नाराजगी जाहिर की। राज्य आंदोलनकारी हरीश पनेरू और पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रकाश सिंह बोरा ने आरोप लगाया कि राज्य की स्थिति बदहाल हो चुकी है और इसके लिए वे अधिकारी जिम्मेदार हैं जो अपने दायित्व निभाने में असफल रहे हैं। समाजसेविका हेमा कबड़वाल, कंचन और कविता जीना ने महिलाओं की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा आज महिलाएं घर से निकलने से डर रही हैं। धरने को सामाजिक, राजनीतिक, युवा, व्यापारी और महिला संगठनों से समर्थन दिया। धरना प्रदर्शन में फौजी भुवन पाण्डेय, आयेंद्र शर्मा, असिस्टेंट कमांडेंट आरपी सिंह, विनोद नेगी, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य दीप पांडे, कविता जीना, बबिता, विनोद भट्ट, नारायण बर्गली, दीवान रावत, पवन जलाल, विजय भंडारी, गोकुल मेहरा आदि मौजूद रहे।



# गौलापार हत्याकांड: गरीब परिवार की सुध लेने कोई नहीं पहुंचा

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। गौलापार में हुए 10 वर्षीय किशोर की नृशंस हत्या का पुलिस ने खुलासा तो कर दिया, लेकिन ये परिजनों के गले नहीं उतर रही है, और परिजन इंसाफ की मांग को लेकर इस मामले में सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं। मंगलवार को भी सीबीआई जांच की मांग को लेकर परिवार जन एकता पार्टी के साथ लगातार बुद्धपार्क में धरना प्रदर्शन कर रहे है, जो 9वें दिन भी जारी रहा। जन एकता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह का कहना है कि किशोर के सिर और हाथ को धड़ से अलग कर मार डाला गया और हत्यारोपी ने शव के टुकड़ों को अलग-अलग स्थानों पर अपने ही घर के पीछे दफना दिया। अंदेशा है कि हत्या नरबलि के लिए की गई। बड़ी बात यह है कि परिवार लगातार 9 दिन से धरने पर बैठे हैं, लेकिन अभी तक उनके पास एक भी प्रशासनिक अधिकारी पूछने नहीं आया, जो शर्म की बात है। उन्होंने कहा जब तक मांग पूरी नहीं हो जाती धरना जारी रहेगा। धरने में खुबकरन, पुष्पा, दीक्षा, उर्मिला मौर्या, गंगा देवी, मीना, कमला, सुमित्रा, सरोज, मोरकली, सचिन, दीपक मौर्य, नानक चंद, हर्षित मौर्य, पीतम लाल मौर्य, सुरेश मौर्य आदि मौजूद रहे।

# विद्युत समस्या: व्यापारियों ने ईई को घेरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** कालाढूंगी सब स्टेशन के अंतर्गत हो रही विद्युत समस्याओं को लेकर को प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल ने अधिशासी अभियंता प्रदीप कुमार का घेराव कर शीघ्र ही समस्या का निस्तारण करने की मांग की। मंगलवार को प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष राजीव अग्रवाल के नेतृत्व में दर्जनों लोग विद्युत विभाग कार्यालय पहुंचे और अधिशासी अभियंता घेराव कर विद्युत समस्याओं का निस्तारण की मांग की। प्रदेश संगठन प्रभारी वीरेन्द्र गुप्ता ने आरोप लगाया कि कालाढूंगी सब स्टेशन के अधिका. रियों का आ म जनता और व्यापारियों के प्रति व्यवहार अनुचित है और विद्युत समस्याओं को लेकर वह गंभीरता नहीं दिखाते। शिकायतों को अक्सर नजरअंदाज किया जाता है। महानगर अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने कहा कि बाजारों में अनावश्यक रूप से की जा रही बिजली कटौती व्यापारियों के लिए बेहद परेशान करने वाली है। साथ ही उन्होंने प्री-पेड स्मार्ट मीटरों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने मांग की कि जब तक इन मीटरों की विश्वसनीयता प्रमाणित नहीं होती, तब तक इनकी अनिवार्यता पर रोक लगाई जाए। इसके अलावा उन्होंने शहर की मुख्य सड़कों पर क्षतिग्रस्त पोल को बदलने की भी मांग की। व्यापारियों ने चेताया अगर शीघ्र ही विद्युत समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। घेराव करने वालों में पूरन लाल साह, प्रज्ञान भारद्वाज, कुंदन बिष्ट, चमन गुप्ता, रेखा वर्मा, संजय वर्मा, अमरजीत सिंह, मिक्की चड्ढा, कमल वर्मा, योगी गिरी गोस्वामी, चेतन जायसवाल, राहुल सागर, अभिषेक वर्मा, गणेश बिष्ट मौजूद रहे।



# दिवस का मेडिकल कॉलेज में चयन

**हल्द्वानी।** यूनिवर्सल कान्वेंट स्कूल हल्द्वानी के छात्र दिवस पाठक ने अपनी मेहनत और लगन से नीट -2025 की प्रवेश परीक्षा पास की और उनका राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में प्रवेश के लिए चयन हुआ है। दिवस पाठक की इस उपलब्धि से उनके परिवार और स्कूल में खुशी की लहर है। उनकी इस सफलता पर यूनिवर्सल स्कूल की प्रधानाचार्या तथा शिक्षकों ने दिवस की मेहनत और लगन की प्रशंसा की है। दिवस ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है। उन्होंने कहा कि मेहनत और लगन के साथ-साथ परिवार और शिक्षकों के समर्थन का भी उनकी सफलता में विशेष योगदान रहा है। दिवस का लक्ष्य चिकित्सा के क्षेत्र में अपना योगदान देकर समाज की सेवा करना है।

# संस्कृत प्रतिभाओं को मिला सम्मान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल एवं काव्य रत्नम साहित्य संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आज श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय में एक गरिमामय समारोह आयोजित किया गया, जिसमें उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित परीक्षा में उच्च दशम स्थान तालिका में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को कल्पना वार्ष्णेय स्मृति सम्मान पत्र एवं अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दर्जा राज्यमंत्री नवीन चंद्र वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कृत केवल भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा है। विद्यार्थियों को संस्कृत की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस युग में संस्कृत को आत्मसात कर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि डा. गोपाल दत्त त्रिपाठी ने कहा कि विद्यार्थियों को संस्कृत के साथ-साथ अन्य प्रतिस्पर्धात्मक गतिविधियों में भी भाग लेना चाहिए ताकि उनका समग्र विकास हो सके। कार्यक्रम संयोजक राजीव अग्रवाल ने कहा कि संस्कृत विद्यालयों की वर्तमान स्थिति को बेहतर बनाने के लिए सरकार को ठोस नीतियां बनानी होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अशोक वार्ष्णेय ने घोषणा करते हुए कहा कि इस वर्ष प्रादेशिक स्तर पर संस्कृत विद्यालयों में व्याख्यान माला आयोजित की जाएगी, जिससे विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच मिल सके। इस मौके पर डा. नवीन चंद्र बेलवाल, वीरेंद्र गुप्ता, मनोज कुमार पांडे, डा. मोहित जोशी, रामबाबू जायसवाल, भोलानाथ केसरवानी, पूरनलाल साह, लोकेश वार्ष्णेय, हृदयेश गुप्ता, गौरांग वार्ष्णेय, अरुणा अग्रवाल, बबीता अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, जानकी त्रिपाठी, रजनी बेलवाल, तृप्ति वार्ष्णेय, पावनी वार्ष्णेय, डा. कैलाश सनवाल, डा. भारत भूषण पांडे आदि मौजूद रहे।


कल्पना वार्ष्णेय स्मृति सम्मान से नवाज़े गए मेधावी

# पूर्व सैनिकों की सेवाओं पर संकट

## एसटीएच में उपनल से हटाकर सिविल ठेकेदारों के अधीन लाने का विरोध तेज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में बीते करीब 25 वर्षों से अनुशासन निष्ठा और समर्पण के साथ सेवाएं दे रहे पूर्व सैनिकों को हाल ही में उपनल उत्तराखंड पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड से हटाकर सिविल ठेकेदारों के अधीन लाने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

इस निर्णय से प्रदेशभर के पूर्व सैनिकों में गहरा आक्रोश है। इसके विरोध में पूर्व सैनिकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व रक्षा राज्यमंत्री एवं सांसद अजय भट्ट से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। सांसद को सौंपे गए ज्ञापन में पूर्व सैनिकों ने कहा कि सुशीला तिवारी मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डा.अरुण जोशी द्वारा 4 और 14 अगस्त को जारी दो अलग-अलग विज्ञप्तियों के माध्यम से मेडिकल कॉलेज, सुशीला तिवारी अस्पताल और मोटाहल्दू स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत कुल 92 पूर्व सैनिकों जिनमें सुरक्षा गार्ड, फायर टेक्नीशियन, वाहन चालक और गनमैन शामिल हैं को उपनल से हटाकर निजी सिविल एजेंसियों के माध्यम से नियुक्त करने का निर्देश जारी किया गया है। पूर्व सैनिकों का कहना है कि यह निर्णय न केवल उनके सम्मान और समर्पण पर सीधा प्रहार है, बल्कि उपनल की स्थापना के मूल उद्देश्यों के भी विरुद्ध है। उपनल की स्थापना विशेष रूप से पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को रोजगार देने के लिए की गई थी, ताकि वे अपने अनुशासन और अनुभव के बल पर समाज की सेवा कर सकें। श्री भट्ट ने न केवल पूर्व सैनिकों की बातों को गंभीरता से सुना, बल्कि उन्हें यह आश्वासन भी दिया कि वह इस विषय को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के समक्ष स्वयं उठाएंगे। ज्ञापन देने वालों में कर्नल जगत सिंह जंतवाल, कैप्टन सोबन सिंह भड़, गोविन्द सिंह बरती, भुवन चंद्र जोशी, मनोज पांडे, नरेंद्र पाल, दीप पंत, सुरेश दुमका, कैलाश सती, ईश्वर दानू आदि मौजूद रहे।


सांसद अजय भट्ट से मिलकर मुख्यमंत्री को भेजा गया पत्र


# शराब के नशे में भरे बाजार हंगामा

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र के बड़ा बाजार में मंगलवार दोपहर शराब के नशे में धुत एक युवक ने हंगामा खड़ा कर दिया। अचानक हुए इस उत्पात से व्यापारी और राहगीर परेशान हो गए। लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को शांत कराने का प्रयास कियाए लेकिन उसके आक्रोशित तेवर जारी रहे। अंततः पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर कोतवाली पहुंचाया। कोतवाली में कुछ घंटे बिताने के बाद जब युवक का नशा उतरा तो उसने पुलिस से छोड़ने की गुहार लगाई। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि मल्लीताल निवासी गणेश चंद्र के खिलाफ पुलिस एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई है।

# मयंक ने नीट की परीक्षा की पास

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार के छात्र मयंक का नीट क्वालीफाई करने के पश्चात एमबीबीएस के लिए गवर्नमेंट कालेज अल्मोड़ा उत्तराखंड में चयन हुआ है। स्कूल प्रबंधन के मुताबिक मयंक ने कहा कि मेरी इस कामयाबी में मेरे विद्यालय पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार की व्यवस्था, उसकी दिनचर्या, आचार्य वृन्द की समर्पित टीम तथा विद्यालय में चल रहे विद्या मंदिर कलासेज (वीसीएम) का बहुत बड़ा योगदान है, इसके लिए मैं अपने विद्यालय पार्वती प्रेमा जगाती का आजन्म आभारी रहूंगा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. सूर्य प्रकाश ने मयंक के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि मयंक अनुशासित छात्र रहे हैं, विद्यालय की सभी गति. विधियों में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करते रहे। सीनियर विंग के बायोलॉजी के प्रवक्ता अरुण यादव ने छात्र की स्व लता को उसकी लगन एवं परिश्रम का फल बताया। वास्तव में मयंक की यह कामयाबी अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणादायी रहेगी वहीं विद्यालय के प्रबंधक श्याम अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष विपिन अग्रवाल ने छात्र की इस कामयाबी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

सम्पादक: एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन' 05946-250286

मुख्यालय: मोबाइल:-9720007290

R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264

www.shahtimesnews.com

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पुलिस ने चोरी के सामान सहित तीन दबोचे



■ लॉजिस्टिक कंपनी से चोरी किए थे रिम

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** पुलिस ने एक लॉजिस्टिक कंपनी से रिम चोरी के मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों में कंपनी के दो चालक समेत तीन लोग शामिल हैं।

आर-एस लॉजिस्टिक कंपनी में सुपर वाइजर पद पर तैनात जावेद खां ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी थी कि कंपनी के वाहन संख्या एनएल 01एएच 7279 के चालक अरमान खां पुत्र इस्लाम खां निवासी बैकुंठपुर, बरेली तथा वाहन संख्या एनएल 01एजी 1688 के चालक आरिफ खां पुत्र इकराम खां निवासी ग्राम अभयपुर, थाना भोजीपुरा, बरेली को संचालन हेतु नियुक्त किया गया था।

दोनों चालकों पर आरोप है कि उन्होंने कंपनी के वाहनों से 10 रिम चोरी कर उन्हें औने-पौने दामों पर बेच दिया। शिकायत में यह भी कहा गया कि रिम की बिक्री में भोजीपुरा निवासी शाने आलम, आमीन समेत कुछ अन्य लोगों की भी संलिप्तता है। तहरीर के आधार पर जांच शुरू करते हुए पुलिस ने छानबीन की और निर्माणाधीन फ्लाईओवर, बाग. वाला काशीपुर रोड से तीन आरो. पियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में अरमान खां, आरिफ खां और आमीन पुत्र सुखा खां तीनों निवासी थाना भोजीपुरा, बरेली (उत्तर प्रदेश) शामिल हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी किया गया माल भी बरामद किया है।

गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई चंदन बिष्ट, एसआई प्रियांशु जोशी, एसआई देवेंद्र मेहता समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

# अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम ने चलाया अभियान

## संजय नगर खेड़ा में खाखे की आड़ में चल रही अवैध शराब की दुकान को किया ध्वस्त

■ कई दुकानदार अपनी ठेलियां और सामान समेटकर भागते नजर आए
■ टीम ने कई खोखों का सामान भी जब्त किया



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** महापौर विकास शर्मा को मिली शिकायत के बाद नगर निगम की टीम ने नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण कर बनाई गई उस दुकान को नेस्तनाबूद कर दिया, जो लंबे समय से नशेड़ियों का अड्डा बनी हुई थी। सिर्फ एक दुकान ही नहीं, बल्कि आसपास के कई अवैध ठेले और खोखे, जो सड़क पर कब्जा जमाकर कारोबार कर रहे थे, उन्हें भी हटाया गया। बताया जा रहा है कि संजय नगर खेड़ा में खोखे की आड़ में अवैध शराब की दुकान चलाई जा रही थी।

अचानक हुई इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। नगर निगम की टीम जैसे ही लाव-लश्कर के साथ मौके पर पहुंची, तो कई दुकानदार अपनी ठेलियां और सामान समेटकर भागते नजर आए। टीम ने कई खोखों का सामान भी जब्त किया।

दरअसल संजय नगर खेड़ा में सब्जी मण्डी के पास अतिक्रमण कर बनाए गऐ एक खोखे में अवैध शराब बेचे जाने की शिकायत महापौर विकास शर्मा को मिली थी, जिसका संज्ञान लेकर महापौर विकास शर्मा ने नगर निगम की टीम को कार्रवाई के निर्देश दिए। महापोर के निर्देश पर नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल के नेतृत्व में नगर निगम की टीम लाव लस्कर के साथ मौके पर पहुंची और सख्ती दिखाते हुए अवैध शराब का ठिकाना बने खोखे को उखाड़ दिया। नगर निगम की टीम का एक्शन यही खत्म नहीं हुआ। इसके बाद किच्छा बाईपास रोड पर अतिक्रमण करके लगाये गये अन्य खोखे ठेलियों को टीम ने सख्ती दिखाते हुए हटा दिया। इस दौरान कई खोखो का सामान भी जब्त किया गया। अचानक हुई इस कार्रवाई से मौके पर हड़कम्प मच गया।

अवैध दुकानें लगाकर बैठे दुकानदार अपना अपना सामान समेटते नजर आये। इस दौरान नरेश दुर्गापाल ने सभी दुकानदारों को दुबारा अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि नगर निगम का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। सड़क पर अतिक्रमण करने की इजाजत किसी को नहीं दी जायेगी। उनके साथ टीम में कई कर्मचारी शामिल थे।

उधर महापौर विकास शर्मा ने कहा कि रुद्रपुर में नशे के सौदागरों के लिए कोई जगह नहीं है, जो लोग दुकानों की आड़ में समाज को खोखला कर रहे हैं, उनके खिलाफ अब निर्णायक कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी के 'ड्रग्स फी उत्तराखण्ड' अभियान को रुद्रपुर नगर निगम पूरी ताकत से आगे बढ़ायेगा। यह केवल शुरुआत है शहर से नशे और अतिक्रमण दोनों का सफाया किया जाएगा। महापौर ने बताया कि उन्हें संजय नगर खेड़ा स्थित सब्जी मंडी के पास अवैध शराब बिक्री की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। शाम के समय यह इलाका नशेड़ियों का अड्डा बन चुका था।

कुछ ठेली संचालक अपनी दुकानों को शराब परोसने के ठिकाने में बदल चुके थे। पुलिस द्वारा कई बार कार्रवाई की गई, लेकिन ये लोग दोबारा लौट आते थे। अब नगर निगम खुद एक्शन मोड में है, और ऐसे असामाजिक तत्वों को शहर से बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि शहर में कानून व्यवस्था और सामाजिक मर्यादा बनाए रखने के लिए यदि आवश्यकता पड़ी, तो भविष्य में ऐसे और भी बड़े अभियान चलाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ड्रग्स फ्री उत्तराखण्ड अभियान को आगे बढ़ाने के लिए रुद्रपुर नगर निगम पीछे नहीं रहेगा। नशा माफियाओं को किसी भी सूरत में पनपने नहीं दिया जाएगा।

# नेता प्रतिपक्ष ने नहीं निभाई मजबूत भूमिका: बाजवा



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा ने प्रेस वार्ता में कहा नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और कांग्रेस विधायकों के साथ गत दिनों पंचायत चुनाव के दौरान धामी सरकार की शह पर जो अभद्रता की गई, वह निंदनीय है।

बाजवा ने कहा कि आर्य वर्ष 2012 से बाजपुर विधानसभा का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। 2012 से 2022 तक वह कैबिनेट मंत्री के रूप में और 2022 से नेता प्रतिपक्ष के रूप में हैं। बाजवा ने कहा नेता प्रतिपक्ष के साथ जो गुंडागर्दी हुई, उस पर जनता में आक्रोश है। 2020 में आर्य के कैबिनेट मंत्री रहते हुए बाजपुर के 20 गांव की 5838 एकड़ भूमि से हजारों परिवारों को बेदखल करने की कार्यवाही प्रारंभ की गई थी, जिससे कई परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच गए। 1970 में जो भूमिधरी अधिकार प्राप्त हुए थे, उनको छीना गया, लेकिन अफसोस कि उस दौरान आर्य ने अपनी भूमिका मजबूती से नहीं निभाई। उत्तराखंड सरकार द्वारा राज्य का खनन कारोबार एक माइ. निंग पांच कंपनी को सौंप दिया गया।

इस पर पांच भी आर्य ने विरोध दर्ज नहीं किया। बहरहाल वर्तमान में नेता प्रतिपक्ष के साथ हुई अभद्रता का सभी किसान विरोध करते हैं। इस मौके पर दर्शन गोयल, राजेंद्र बेदी, बेअंत सिंह, खेम सिंह राणा आदि मौजूद रहे।

# मासिक अपराध समीक्षा बैठक में 20 पुलिस कर्मी हुए सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** पुलिस लाइन स्थित सभागार में मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बैठक में सभी थाना-चौकी प्रभारियों और अधिकारियों को अपराध नियंत्रण, नशा तस्करी, महिला-बाल सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर कड़े निर्देश दिए गए।

एसएसपी ने बैठक में साफ कहा कि जिले में किसी भी आपराधिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। थाना व चौकी प्रभारियों को अपने क्षेत्र में नियमित चेकिंग करने और असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने के आदेश दिए गए। लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण और न्यायालय से जारी वारंटों की समयबद्ध तामील सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। नशा तस्करी को समाज के लिए गंभीर खतरा बताते हुए एसएसपी ने कहा कि ऐसे मामलों में शिथिलता किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगी। साथ ही, महिला और बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर लापरवाही सामने आने पर सख्त कार्रवाई होगी। यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए सीपीयू को बिना हेलमेट, ट्रिपलिंग, रेट्रो साइलेंसर और काली फिल्म लगे वाहनों पर चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। शिकायतों पर त्वरित संज्ञान और रात्रि गश्त को और प्रभावी बनाने पर भी बल दिया गया।

बैठक के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले 20 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। एसएसपी ने कहा कि अच्छा कार्य करने वालों का हौसला बढ़ाना और लापरवाह पुलिसकर्मियों को चेतावनी देना बेहद जरूरी है। इसके अलावा, थानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की 24 घंटे मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने और तकनीकी साधनों के उपयोग पर जोर दिया गया। बैठक के अंत में एसएसपी ने पुलिसकर्मियों की समस्याएं भी सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया।

# करोड़ों की लागत से बने राजकीय पॉलिटेक्निक के लिए मार्ग तक नहीं



शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** राजकीय कृषि अनुसंधान केन्द्र के 4.99 एकड़ में करोड़ों की लागत से बने राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के मार्ग का पुनर्निर्माण नहीं हो सका। राजकीय पॉलिटेक्निक में विभिन्न ट्रेडों से लगभग 400 से अधिक छात्र-छात्राएं रोजगार पूरक शिक्षा प्राप्त करते हैं।

भूड़ नहर से राजकीय पॉलिटेक्निक मार्ग पॉलिटेक्निक निर्माण अवधि से नहर पटरी का इस्तेमाल होता था। करोड़ों खर्च कर वर्ष 2013 से बने इस कालेज के लिए कोई उचित अलग मार्ग नहीं है। इस बरसात में सिंचाई नहर के ओवरफ्लों होने नहर पटरी मार्ग अवरुद्ध हो गया। प्रधानाचार्य प्रभु नाथ के प्रयास के बाद नगर पालि. का द्वारा भेजी गयी जेसीबी से मार्ग ठीक कराया गया लेकिन कीचड़ के चलते मार्ग चलने लायक नहीं हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रभुनाथ ने बताया कि उनके द्वारा मार्ग के जीर्णोद्धार के तमाम प्रयास किये लेकिन अभी तक मार्ग का जीर्णोद्धार नहीं हो सका।

# दरऊ गोलीकाण्ड में 24 नामजद और दस अज्ञात पर केस दर्ज

■ गिरफ्तारी के लिए लगाई कई टीमें, दबिश जारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**किच्छा।** सोमवार को दिनदहाड़े ग्राम दरऊ में हुए गोलीकाण्ड के मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने घटना में शामिल 24 नामजद व 10 अज्ञात आरोपियों पर हत्या, लूट, छेड़छाड़, बलवा व शस्त्र अधिनियम समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है।आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें ताबड़तोड़ दबिशें दे रही है। फिलहाल कुछ लोगों को पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

बता दें दरऊ में सोमवार दोपहर को पुरानी रंजिश के चलते एक पक्ष के दो दर्जन से अधिक लोगों ने एक घर में धावा बोलकर ताबड़तोड़ फायरिंग की थी। जिसमें आलिम नाम के एक युवक की गोली लगने से मौत हो गयी। हमलावरों ने महिलाओं के साथ भी मारपीट और अभद्रता की जिसमें महिलाओं को चोटें आयी है। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। मीना पत्नी जुनैद निवासी दरऊ की ओर से दी गयी तहरीर के के मुताबिक सोमवार को प्रात: लगभग 10-55 बजे वह अपने घर में थी, तभी अचानक गोलियों चलने की आवाज आयी। उसने छत पर जाकर देखा तो 200 फिट की दूरी पर भाई आलिम के घर के बाहर कुछ लोग ताबड़तोड गोलियां चला रहे थे। मीना के मुताबिक वह हमलावरों की वीडियो बनाने लगी तभी उनमे से एक व्यक्ति गुलनवाज ने वीडियो बनाते हुए देखने पर अचानक रायफल से फायर झोंक दिया जो आकर घर की दीवार पर लगा। जिसके बाद घबरा कर घर के अन्दर आ गयी।

घर की दूरी ज्यादा अधिक न होने के कारण ये सब लोग दरवाजे पर आये और जबरन दरवाजा खोल कर घर में घुस गये जिनमें गुजाहिद खां पुत्र वाहिद खां, पप्पू खां पुत्र सिराज खां, हसीब खां पुत्र अयाज खां, फैज खो पुत्र आरिफ खां, फैजान खां पुत्र फिरासत खां, परवेज खां पुत्र फरियाद खॉ, शामिर खाँ पुत्र अयाज खां, आमिर खां पुत्र अयाज खा, गुल नवाज पुत्र अकील खाँ, तौसीफ खां पुत्र साजिद खां, नदीम खां पुत्र मजीदुल्लाह खां, नईम खां पुत्र मजीदुल्लाह खां, हस्सान पुत्र आफताब, शाहिद खां पुत्र सिराज खां समस्त निवासीगण ग्राम दरऊ तथा अन्य 10 अज्ञात लोग शामिल थे। सभी के हाथो में रायफले थी। मीना का आरोप है कि इनमें से तौसीफ ने कनपट्टी पर रायफल रख दी और फैजान, परवेज, पप्पू, गुलनवाज ने लात घूसो से पीटा और जगह जगह अंगो पर हाथ लगाया और बोले कि अभी तो तेरा चचेरे भाई आलिम को मारा है, तेरे पूरे घर व खानदान को मार देंगे। यह लोग भाई आलिम की हत्या कर आये थे। इसके बाद नदीम, नईम, हस्सान, शामिर, आमिर इन सब ने घर में लूटपाट की और घर में रखे नगद 7000 रूपये भी लूट कर ले गये। इनमे से परवेज खान जाते जाते मोबाईल फोन छीन कर ले गया।

उक्त सभी लोग एकराय होकर आये थे, उक्त सभी लोगों ने दरवाजे पर खड़े होकर दहशत फैलाने के लिए अपनी राइफलो से लगभग 14 राउण्ड फायर किये जिसमे से कुछ राउण्ड घर के दरवाजे पर लगे और कुछ हवा में फायर हुये। उक्त लोगों द्वारा जवान भाई आलिम की हत्या कर दी गयी है तथा यह लोग मेरी भी हत्या कर सकते हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर 24 नामजदों सहित दस अज्ञात के खिलाफ हत्या, लूट छेड़छाड़, बलवा, शस्त्र अधिनियम सहित कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

# 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा सोशल मीडिया के युग में कानून' विषय पर दिया व्याख्यान



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** चाणक्य लॉ कॉलेजमें नव आगंतुक छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित दीक्षारंभ कार्यक्रमों की श्रृंखला में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा सोशल मीडिया के युग में कानून' विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अमित मेंहदीरत्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। तत्पश्चात कॉलेज के चेयरमैन एसपी सिंह द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। अपने व्याख्यान में मुख्य वक्ता ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं सोशल मीडिया आज हमारी दिनचर्या का अहम हिस्सा बन चुके हैं। तकनीक ने जहां एक ओर संचार जानकारी और कार्यशैली को आसान बनाया है वहीं दूसरी ओर कई कानूनी और नैतिक चुनौतियां भी सामने आई है। ऐसे में जरूरी हो गया है कि हमारे कानून इस नई तकनीक क्रांति के अनुरूप विकसित हो। आज साइबर अपराधों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है और इन्हें रोकने के लिए कड़े साइबर कानून और डिजिटल फॉरेंसिक की आवश्यकता है। सोशल मीडिया विचारों की अभिव्यक्ति का जितना शक्तिशाली माध्यम है उतना ही वह खतरनाक भी साबित हो सकता है। इसके अंतर्गत नफरत फैलाना, फेक न्यूज, ट्रोलिंग, और साइबर बुलिंग जैसे गंभीर अपराध हो रहे है इसलिए कानून को लगातार अपडेट करते रहना, जन जागरूकता बढ़ाना, और डिजिटल नैतिकता को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है।

साइबर अपराधों से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण मामलों पर भी व्याख्यान में चर्चा की गई। अंत में प्राचार्या डॉक्टर दीपाक्षी जोशी द्वारा मुख्य अतिथि कोधन्यवाद प्रेषित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर हरकमल कौर द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राध्यापक सलीम अहमद, अनिल कुमार, डा. आयशा अमीन प्रतिभा सिंह, डा. रुबीना, उपा. सना तिवारी, मनप्रीत कौर, डा. हरकमल कौर, दीपाली नबियाल, आकांशा रघुवंशी, सिद्धि अग्रवाल एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# जिला बार एसोसिएशन के वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य बने शाहिद हुसैन



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** जिला बार एसोसिएशन रुद्रपुर के वार्षिक चुनाव के लिए जिला कार्यकारिणी के विभिन्न पदों पर प्रत्याशियों का चुनाव सोमवार 18 अगस्त को सम्पन्न हुआ। जबकि सभी पदों पर मतगणना मंगलवार को चल रही है।

मंगलवार देर शाम मतगणना के उपरांत घोषित नतीजों में जिला बार एसोसिएशन पूर्व उपाध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता शाहिद हुसैन एक बार फिर वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद पर चुनावी दंगल जीतने में कामयाब हुए है। बार एसोसिएशन चुनाव में वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद पर वरिष्ठ अधिवक्ता शाहिद हुसैन के जीतने पर उनके समर्थक अधिवक्ताओं, सामाजिक संगठनों से जुड़े समर्थकों द्वारा जीत का जश्न मनाया जा रहा है। अपनी जीत पर वरिष्ठ अधिवक्ता शाहिद हुसैन ने कहा कि वह प्राथमिकता के साथ बार एसोसिएशन की मजबूती तथा अधिवक्ताओं के हितों के लिए पूर्व से लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपने पूर्व के निर्विवादित कार्यकाल में बार एसोसिएशन के लिए लगातार कार्य किया है। वर्तमान वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद पर उन्हे लगातार अधिवक्ताओं का अपार समर्थन और सहयोग मिला है।

## एक नजर

### लापता तीन बच्चे दिल्ली-हरियाणा से किए गए बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** ऊधमसिंह नगर पुलिस की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने तीन लापता बच्चों को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बच्चों की सुरक्षित वापसी से घरों में खुशी की लहर दौड़ गई।

एसएसपी के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक बसंती आर्या के नेतृत्व में गठित टीम ने पहले आजाद नगर किच्छा की एक बालिका को हरियाणा के पानीपत से बरामद किया। यह बालिका 23 सितंबर 2024 को घर से नाराज होकर चली गई थी। काउंसलिंग के बाद उसे परिवार के सुपुर्द किया गया। इसी तरह किच्छा क्षेत्र सुनहरी से डेढ़ साल पहले लापता हुए बालक हिमांशु को पंचकूला से बरामद किया गया, जबकि थाना आईटीआई से आठ माह पूर्व गुमशुदा हुए बालक अभिषेक को दिल्ली से सकुशल खोज निकाला गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि लंबे समय से लापता इन बच्चों की तलाश आसान नहीं थी, लेकिन टीम ने लगातार प्रयास कर तीनों को ढूंढ निकाला। इस सफलता में एसआई नीरज सिंघल, कांस्टेबल सुरेश गिरी, महिला कांस्टेबल ममता मेहरा, गीता जोशी और प्रियंका कोरंगा की अहम भूमिका रही। बच्चों की सकुशल वापसी से परिजनों के चेहरे खिल उठे।

### एपेक्स ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा बी. फार्मा और डी. फार्मा सत्र 2025 के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता



**रुद्रपुर।** एपेक्स ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा बी फार्मा और डी. फार्मा सत्र 2025 के नवप्रवे. शित छात्रों के लिए हर वर्ष की भांति एक भव्य एवं ज्ञानवर्धक ओरिएंटेशन कार्यक्रम 'आरंभ' का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का सफल संच. ालन एपेक्स ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. मनदीप सिंह, एपेक्स कॉलेज ऑफ फार्मेसी के डायरेक्टर डॉ. मनोज भारद्वाज, कुलसचिव श्री गौरव सक्सेना, इंजीनियरिंग विभाग के निदेशक डॉ. धीरज गुनवंत तथा मैनेजमेंट विभाग के आचार्य डॉ. गुरप्रीत सिंह की उपस्थिति में यह कार्यक्रम सफल हुआ। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में विशिष्ट अतिथि डॉ. राजेन्द्र सिंह कठायत (उपायुक्त, कुमाऊं मंडल - FDA) ने अपनी उपस्थिति से छात्रों को प्रेरित किया। मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. मनदीप सिंह ने फार्मेसी क्षेत्र में करियर की संभावनाओं और नैतिक जिम्मेदारियों पर छात्रों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी फैकल्टी सदस्यों, स्टाफ और छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मैनेजिंग डायरेक्टर मनदीप सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम न केवल छात्रों के लिए मार्गदर्शक सिद्ध हुआ, बल्कि एक आनंददायक अनुभव भी रहा। छात्रों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया और नई शुरुआत के लिए प्रोत्साहित किया।

### दो दिवसीय शिविर में 50 महिलाओं को दिया गया प्रशिक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** जिला उद्योग केन्द्र द्वारा ग्राम पंचायत नौगवांठग्गू में आयोजित दो दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम में 50 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिन उद्यम से संबंधित व



महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए योजनाओं की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में कार्यदारी संस्था पंखुड़ी थारू सांस्कृतिक समिति खटीमा द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। संस्था अध्यक्ष अशोक सिंह खड़का द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। ग्राम प्रधान राखी राणा की अध्यक्षता में संपन्न कार्यक्रम में 50 महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम के प्रथम दिन मुख्यमंत्री स्वरोजगार, प्रधानमंत्री स्वरोजगार सर्जन योजना की जानकारी दी गयी। इस दौरान किरण, नविता, रेखा, सोनी, अंजली देवी, आशा, रिंकी राणा आदि उपस्थित थे।

### इमाम हुसैन की शहादत को याद करते कर्बला पहुंचे ताजिए



शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** शांतिपूर्वक संपन्न हुआ ग्रामीण इलाकों में चेहल्लुम का पर्व के ताजियादार ढोल नगाड़े के साथ ताजिया लेकर जुलूस की शक्ल में कर्बला पहुंचे।इस दौरान देर रात तक तजियादारों ने ढोल नगाड़ों के साथ गली गली घर घर जाकर नातें पाक व मर्सिया पढ़ी और दुआएं मांगी। मौके पर या हुसैन की सदाओं से ग्रामीण क्षेत्र गूंज उठा। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ताजियों के साथ क्षेत्र में जुलूस निकाला। साथ ही इमाम हुसैन की शहादत को याद किया।चेहल्लुम को लेकर सुबह से ही सीमांत ग्राम सभाओं में मुस्लिम समुदाय के लोग एकत्र होने लगे। मंगलवार देर शाम मुस्लिम समुदाय ताजियों के साथ जुलूस शुरू हुआ। जुलूस में बड़ी संख्या में लोग छोटे-बड़े ताजिए लेकर चल रहे थे। बच्चों ने भी ताजिए बनाए हुए थे। जुलूस में शामिल लोग या हुसैन या हुसैन, अली का दामन नही छोड़ेंगे, नारे तक्बीर अल्लाहु अकबर आसमान गूंज उठा। जुलूस ग्रामीण इलाकों जैसे कंचनपुरी जमौर नौसर कलेक्टर फॉर्म मझोला हुलकरी ढकिया गुलडिया आदि निर्धारित मार्गों से होता भेंसहा स्थित कर्बला पहुंचा। जुलूस में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शिरकत की साथ ही चेहल्लुम पर्व के चलते ग्रामीण इलाकों में जगह-जगह खीर शर्बत चना हलुआ का इंतजाम भी किया गया। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल तैनात रहा। कोतवाल मनोहर सिंह दशोनी, एडिशनल एसआई प्रमोद जोशी, एसआई मनोज जोशी, एसआई भूपेंद्र रसवाला, एसआई अनुराग सिंह, महिला एसआई सरिता विश्कर्मा तथा भारी संख्या में पीएसी बल तैनात रहे।

### अवैध निर्माण के खिलाफ एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल रामनगर के कार्यकर्ताओं के द्वारा रामनगर ट्रक यूनियन के पास पंजाबी कॉलोनी के सामने रानीखेत रोड के समीप में हो रहे अवैध निर्माण के खिलाफ एसडीएम प्रमोद कुमार को दिया। दिए गए ज्ञापन में उन्होंने कहा कि पंजाबी कॉलोनी के सामने रेलवे विभाग से सटी खाली पड़ी जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा हैं, जो कि गलत है। उन्होंने इस बात की शिकायत नगर पालि. का प्रशासन से भी की, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। उन्होंने अवैध निर्माण कार्य को रोकने की मांग की है। एसडीएम ने जांच के बाद कार्य करने का आश्वासन दिया है। इस दौरान हिर्देश शर्मा, सुनील वर्मा, भूपेंद्र मेहरा, नीरज वर्मा, कमल जोशी, अजय, प्रशांत तिवारी आदि मौजूद रहे।

## निर्वाचन व्यय विवरण लेखा निर्धारित समय सीमा में करें पेश: डीएम

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी पिथौरागढ़ पंचायत ने बताया है कि राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड देहराद.ून के द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2025 में प्रतिभाग करने वाले उम्मीदवारों (सदस्य ग्राम पंचायत को छोडकर) को निर्वाचन व्यय विवरण लेखा निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत (निर्वाचन परिणाम घोषित होने के 30 दिन के भीतर) जमा करना आवश्यक है। तद्‌क्रम में निर्धारित अवधि में निर्वाचन लेखा व्यय विवरण जमा नहीं करने वाले उम्मीदवारों की सूची आयोग द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर स-समय आयोग को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश प्राप्त है। नियत अवधि के अंतर्गत निर्वाचन व्यय लेखा जमा नहीं करने वाले उम्मीदवारों को 20 दिन का समय देते हुए आयोग द्वारा अन्तिम कारण बताओ नोटिस दिया जाना प्रावधानित है। त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2025 में प्रतिभाग करने वाले उम्मीदवारों (सदस्य ग्राम पंचायत की छोडकर) प्रधान ग्राम पंचायत, सदस्य क्षेत्र पंचायत,सदस्य जिला पंचायत अध्यक्ष/उपाध्यक्ष जिला पंचायत, प्रमुख / ज्येष्ठ उप प्रमुख/कनिष्ठ उप प्रमुख के पदों / स्थानों पर प्रतिभाग करने वाले प्रत्याशि अपना लेखा विवरण ससमय जमा करें।

# तहसील दिवस में आई समस्याओं को गंभीरता से लें अधिकारी: डीएम

- तहसील दिवस में 87 शिकायतें हुई पंजीकृत, 40 का मौके पर ही किया निस्तारण
- तहसील दिवस में अनुपस्थित अधिकारियों का वेतन रोकने के दिए निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** तहसील दिवस में पहुंचे जिलाधिकारी उधम सिंह नगर ने तहसील दिवस में आयी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनका त्वरित गति से निस्तारित सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए।

जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने मंगलवार को मंडी में आयोजित तहसील दिवस में पहुंचकर जनता/जनप्रतिनिधियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना। उन्होंने बताया कि जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए सभी विभागों के अधिकारी/कर्मचारी तहसील दिवस में पंजीकृत समस्याओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारित करना सुनिश्चित करें। मंडी परिसर में आयोजित तहसील दिवस में पेंशन, जन्म प्रमाण पत्र, पेयजल, सड़क निर्माण व मरम्मत, विद्युत , नलकूप, पेंशन, नगर पालिका आदि से सम्बन्धित 87 शिकायतें पंजीकृत हुई, जिसमे से लगभग 40 शिकायतों/समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया।



तहसील दिवस में ग्राम अंगदपुर निवासी परवीन सिंह ने दोनों भाईयों के भूमि खाते अलग-अलग कराने, एडवोकेट चौधरी कपिल सिंह ने आवारा पशुओं की रोक-थाम करने, नई बस्ती निवासी मसूद अली ने भवन को नाम में दर्ज करने, लक्ष्मीनगर कालोनी निवासी भाजपा नेता रवि मणि चौहान ने लक्ष्मीनगर कालोनी में पानी की टंकी बनाने व पाइप लाईन डलवाने, सभासद करन सिंह ने मनसा पट्टी कालोनी में विद्युत लाईन ठीक कराने, ग्राम गूलरगा.जी निवासी कमला देवी ने फीका नदी के तेज बहाव व बारिश से गन्ने की फसल नुकसान होने पर मुआवजा दिलाने, मौहल्ला गुजरातियान अनिल कुमार जोशी ने श्मशान घाट की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने, क्षतिग्रस्त मार्गो की मरम्मत कराने, ग्राम भोगपुर डाम तीरथनगर निवासी सलमान खान व ग्राम बढियोवाला निवासी ने पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र बनाने, ग्राम गौरा फार्म निवासी मोहित त्यागी ने एचएच-74 से ग्राम गौरा फार्म तक 02 किमी तक सड़क निर्माण कराने, ग्राम ढाडीपुरा निवासी रामवती ने बृद्धा पेंशन दिलाने का अनुरोध किया। जिसपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि तहसील दिवस में जनता व जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई समस्याओं को गम्भीरता से लेते हुए समयबद्ध तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जलाधिकारी ने तहसील दिवस में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों का वेतन रोकने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होने वभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालो का निरीक्षण भी किया।

तहसील दिवस में पूर्व विधायक डा. शैलेन्द्र मोहन सिंघल, अध्यक्ष नगर पालिका नौसाद सम्राट, ब्लाक प्रमुख अनूप कौर, जिलाध्यक्ष मनोज पाल, उप जिलाधिकारी सीएस चौहान, सीएमओ डा. केके अग्रवाल, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, मुख्य उद्यान अधिकारी एसके शर्मा, सहायक निदेशक दुग्ध राजेन्द्र सिंह, सहायक निदेशक मत्स्य संजय कुमार छिम्वाल, अधिशासी अभियंता सिंचाई एके जौन, लघु सिंचाई सुशील कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, जिला प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन, जिला पर्यटन अधिकारी लता बिष्ट, जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी, खण्ड विकास अधिकारी केके पाण्डे समेत सैकड़ो लोग व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## एक नजर

## नन्हें-मुन्हे बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने मोहा मन




शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** 79वां स्वतंत्रता दिवस लिटिल किंगडम प्रिपेरेटरी स्कूल में बड़े उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया गया, चूंकि मुख्य शिक्षा अधिकारी से प्राप्त निर्देशों के कारण सांस्कृतिक कार्यक्रम 15 अगस्त को आयोजित नहीं किए जा सके, इसलिए हमने अपने नन्हे-मुन्नों के साथ 19 अगस्त (मंगलवार) को अभिभावकों, शिक्षकों, बच्चों और सहायक कर्मचारियों के अपार सहयोग से स्वतंत्रता दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत इस ऐतिहासिक अवसर पर हार्दिक शुभकामनाओं के साथ हुई, जिसके बाद छात्रों द्वारा कई जीवंत प्रस्तुतियां दी गईं। प्ले ग्रुप से लेकर कक्षा पांच तक के बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से राष्ट्र के प्रति अपने प्यार का प्रदर्शन किया, जिसकी शुरुआत सुंदर गणेश वंदना से हुई, उसके बाद कश्मीर के ऑपरेशन सिंदूर पर विभिन्न देशभक्तिपूर्ण नृत्य प्रस्तुतियां और हृदयस्पर्शी देशभक्तिपूर्ण नृत्य हुए, जिससे वहां उपस्थित सभी लोग भावुक हो गए। यहां प्राचार्य गायत्री खन्ना, सिमरन पुरी (उप-प्राचार्य) लक्ष्य शर्मा (समन्वयक) आदि मौजूद थे।

## ईशांत चौधरी को शाखा प्रबंधक ने किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** एलआईसी में शानदार प्रदर्शन करने के लिए ईशांत चौधरी को शाखा प्रबंधक हेमंत वर्मा द्वारा सम्मानित किया गया। ईशांत चौधरी एक सामाजिक कार्यकर्ता है और लगातार ही समाज के हित में कार्य करते हैं। इस मौके पर सी एल आई डी पी असवाल, प्रदीप, जगदीश, संतोष, किरन, कृतिका, मीना, आदि मौजूद रहे।



## जेमस्टोन ज्वैलरी कलेक्शन 'व्याना' किया पेश

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने आज एक शानदार जेमस्टोन ज्वैलरी कलेक्शन 'व्याना' को पेश किया, जो हर महिला की विशिष्टता का उत्सव है. 'व्याना' की प्रेरणा इस विश्वास से ली गई है कि जैसे कोई भी दो रत्न एक जैसे नहीं होते, वैसे ही कोई भी दो महिलाएं भी एक जैसी नहीं होतीं. यह संग्रह स्त्री की व्यक्तिगत पहचान, आंतरिक शक्ति और आत्म-अभिव्यक्ति को समर्पित है।

मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एम.पी. अहमद ने लॉन्च पर कहा, "व्याना सिर्फ एक ज्वैलरी संग्रह नहीं है. यह एक महिला की जीजीविषा के विभिन्न रंगों को समर्पित है। इसके अलावा, मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने जेमस्टोन ज्वैलरी फेस्टिवल में 'व्याना' संग्रह के साथ-साथ उत्कृष्ट रत्नों और अनकट हीरों वाला पारंपरिक ज्वैलरी संग्रह भी प्रदर्शित किया है। जिसमें मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स की ब्रांड एंबेसडर श्रीनिधि शेट्टी 'व्याना' की भावना को जीवंत करती है।

## पहली बार मायावती के धर्मार्थ चिकित्सालय में पहुंची लंदन से आधा दर्जन डॉक्टरों की टीम

- यहां करेंगे विभिन्न प्रकार के नि:शुल्क ऑपरेशन, रजिस्ट्रेशन हुए शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**लोहाघाट।** नि:शुल्क सेवा एवं समर्पण के लिए अपनी अलग पहचान रखने वाला विश्व प्रसिद्ध अद्वैत आश्रम मायावती के अध्यक्ष स्वामी शुद्धिदानंद महाराज की प्रेरणा से इस दफा चार से 10 सितंबर तक यहां के धर्मार्थ चिकित्सालय में ऐसा सर्जिकल सिविल लगाया जा रहा है, जिसमें निजी चिकित्सालयों में ऑपरेशन कराने पर लाखों रुपये लिए जाते हैं। लेकिन यह कार्य यहां मुफ्त में किया जाएगा।



इस शिविर का नेतृत्व अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सर्जन एवं लेप्रोस्कोपिक विशेषज्ञ डा. कृष्णा सिंह के नेतृत्व में लंदन से आधा दर्जन ऐसे डॉक्टर आ रहे हैं, जो सर्जरी के मामले में इतने माहिर हैं कि उन्हें बाहर जाने का समय ही नहीं मिलता है। लेकिन यह सभी स्वामी विवेक.ानंद के जनकल्याण की अवधारणा को आगे बढ़ाने के लिए यहां आ रहे हैं। पहली बार आ रही इतनी बड़े डाक्टरों की टीम के आने से पहले यहां के चिकित्सालय में ऑपरेशन कर्ताओं को अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। पंजीकरण का कार्य यहां शुरू हो गया है।

इससे पहले धर्मार्थ चिकित्सालय में तीन से 10 सितंबर तक हड्डी, जोड़, गठिया रोगों के अलावा सामान्य रोग तथा दंत चिकित्सा शिविर भी आयोजित हो रहा है। जिसके संचालन के लिए महाराष्ट्र से डा. सुनील गोडबोले तथा डा. स्नेहा गोडबोले विशेष रूप से यहां आ रहे हैं। लंदन से डा. कृष्णा सिंह के नेतृत्व में डा. असलियर डेविड, डा. एल डेविड, डा. जिम कॉपर, डा. उर्मिला, डा. कौशिक आ रहे हैं। धर्मार्थ चिकित्सालय के प्रभारी स्वामी एकदेवानंद महाराज के अनुसार चार से 10 सितंबर तक लगने वाले इस शिविर की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। ऑपरेशन के लिए अत्याधुनिक मशीनो की व्यवस्था की गई है।

## चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद कर तीन चोर दबोचे

शाह टाइम्स संवाददाता

**नानकमत्ता।** नगर से चोरी गयी दो मोटरसाइकिल के साथ पुलिस ने तीन चोरों को गिरफ्तार किया है।

मंगलवार को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खेमपुर निवासी कुलविंदर सिंह पुत्र गुरचरण सिंह की मोटरसाइकिल संख्या UK06AY 9819 को अज्ञात चोरों द्वारा नगर की सनातन धर्म वाली गली से 15 अगस्त 2025 को चोरी कर लिया गया था। पुलिस ने कुलविंदर सिंह की तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर लिया था। पुलिस ने बताया कि 16 अगस्त को अज्ञात चोरों ने नानकमत्ता निवासी रितेश गुप्ता पुत्र स्व: अयोध्या प्रसाद की मोटरसाइकिल RJBB 0473 को नगर की टावर वाली गली से चोरी कर लिया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर दोनों मोटरसाइकिलों की खोजबीन शुरू कर दी। पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाल गया। सोमवार की शाम चेकिंग के दौरान पुलिस ने गुरुद्वारा नानकमत्ता से पीछे सुनखरी रोड के पास से तीन शातिर लोगों को गिरफ्तार किया पकड़े गए।



तीनों लोगों ने अपना नाम छिंदर सिंह पुत्र कुलवंत सिंह निवासी ग्राम बिडौरा मझोला, कुलदीप सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी ग्राम बीडोरा मझौला तथा नाजिम पुत्र आरिफ निवासी ड्यूडी मोड नानकमत्ता बताया,जिनके कब्जे से चोरी की दोनों मोटरसाइकिलों को बरामद कर लिया।

पुलिस ने चोरी में दर्ज अभियोग में धाराओं की बढ़ोतरी कर पकड़े गए तीनों आरोपियों को चालान कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। बरामद करने वाली पुलिस टीम में कस्बा इंचार्ज उप निरीक्षक सुनील कुमार, अपर उप निरीक्षक कृपाल सिंह, मुख्य आरक्षी नवनीत कुमार, सिपाही शुभम सैनी शामिल है।

## भारतीय सेना में भर्ती होने के लिए छात्राओं में एनसीसी के प्रति उत्साह



शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में 24 यूके गर्ल्स बटालियन एनसीसी अल्मोड़ा की ओर से नामांकन एवं भर्ती प्रक्रिया का आयोजन किया गया। एएनओ लेफ्टिनेंट (डॉ.)कृष्णा भारती के निर्देशन में लिखित परीक्षा एवं शारीरिक मापदंडों के आधार पर 42 कैडेटों का चयन किया गया। उन्होंने कैडेट्स को एनसीसी के उद्देश्यों एवं लक्ष्यों को बताते हुए एनसीसी बी एवं सी प्रमाण पत्र परीक्षा के महत्व की जानकारी दी। प्राचार्य प्रो.एम सी पाण्डे ने चयनित कैडेट्स को बधाई देते हुए अध्ययन के साथ साथ एनसीसी के माध्यम से सभी कैडेट्स को अपने भविष्य को संवारने के लिए प्रेरित किया। एनसीसी बटालियन अल्मोड़ा के सूबेदार मेजर दीपेंद्र सिंह ने दौड़,ऊंचाई,मेडिकल व लिखित परीक्षा के आधार पर कैडेटों का चयन किया। सभी छात्राओं ने उत्साह पूर्वक नामांकन प्रक्रिया में प्रतिभाग कर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर 79 यूके बटालियन के एएनओ लेफ्टिनेंट (डॉ.)डी.एन.जोशी ने चयनित कैडेट्स से एकता और अनुशासन का पालन कर राष्ट्र सेवा में अपनी अग्रणी भूमिका निभाने की बात कही।बता दें कि रामनगर महाविद्यालय 24 यू के गर्ल्स बटालियन की कैडेट अंजलि गोस्वामी यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के अंतर्गत कजाकिस्तान में भारत का प्रति.निधित्व कर रही है। महाविद्यालय की 24 यूके गर्ल्स बटालियन के अन्य कई कैडेट्स आरडीसी,एक भारत श्रेष्ठ भारत शिविर, आर्मी अटैचमेंट शिविर, पर्वतारोहण शिविर, थल सैनिक आदि विभिन्न शिविरों में महाविद्यालय का नाम रोशन कर चुके हैं। इस दौरान अंडर ऑफिसर आकांक्षा,अंडर ऑफिसर सिमरन खेरिया, सार्जेंट लता मनराल, सार्जेंट खुशी नेगी, भावना मेहरा,पलक, हिमांशी, हर्षिता आदि मौजूद रहे।

## बच्चों को मोबाइल की जगह बाल साहित्य दें: विक्की मेहता




- इस अभियान के तहत अब तक बांटी जा चुकी हैं 60 हजार से अधिक किताबें

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिथौरागढ़।** मोबाइल नहीं, पुस्तक दें अभियान के तहत समा.जसेवी विक्की मेहता द्वारा हिमालया पब्लिक स्कूल में नि:शुल्क बाल साहित्य की पुस्तकें वितरित की गई। बच्चों को अभियान के संयोजक इंजी. ललित शौर्य द्वारा लिखित पुस्तकें परियों का संदेश, गुलदार दगड़िया, स्वच्छता ही सेवा, जंगल हम बचाएंगे, द मैजिकल ग्लब्ज, जल की पुकार आदि पुस्तकों की प्रतियां बांटी गई।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक हीरा सिंह खाती को शाला ओढ़ाकर सम्मानित भी किया गया। अभियान के संयोजक इंजी. शौर्य ने कहा कि अब तक इस अभियान के तहत 60 हजार से अधिक पुस्तकें नि:शुल्क वितरित की जा चुकी हैं। समाजसेवी विक्की मेहता प्रतिवर्ष अभियान को प्रोत्साहित करते हुए बच्चों को किताबें वितरित करते हैं। समाजसेवी विक्की मेहता ने कहा कि आजकल बच्चों में मोबाइल की लत बढ़ती जा रही है। जिसके गंभीर दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं। यह अभियान केवल पुस्तकें बांटने का अभियान नहीं है बल्कि भावी पीढ़ी के भविष्य को बचाने का अभियान है। समाजसेवी जयप्रकाश देवलाल ने कहा कि बाल साहित्य बच्चों में संस्कार भरता है। आज हमें मोबा.इल की जगह बच्चों को बाल साहित्य देना चाहिए। जिससे वे भविष्य में अच्छे नागरिक बन सकें। विद्यालय के प्रबंधक हीरा सिंह खाती ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान प्रत्येक विद्यालय में चलाया जाना चाहिए। जिससे नई पीढ़ी को उचित मार्गदर्शन मिल सके। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य कंचन जोशी, प्रकाश कांडपाल, रश्मि मारकाना, आकांक्षा चड्ढा, ममता पुनेठा, सुमन बिष्ट , सविता धामी समेत सैकड़ों बच्चे उपस्थित थे।

## डीएम की कार्य संस्कृति से पलायन कर चुके पांच दर्जन परिवार अब अपने पूर्वजों की विरासत से फिर जोड़ेंगे अपना नाता

- डीएम के निर्देश पर समस्या का निदान के लिए तीन घंटे बाद ही दलबल के साथ मौके में पहुंच गई एसडीएम

शाह टाइम्स संवाददाता

**चंपावत।** 21 साल से सड़क सुविधा न मिलने से अपनी सोना उगलने वाली जमीन से नाता तोड़कर भीड़ का हिस्सा बने खेतीगाड़ के लोगों को जिलाधिकारी मनीष कुमार की 'क्विक एक्शन' की कार्य संस्कृति का उस समय पता चला जब जन मिलन कार्यक्रम में गांव वालों ने उनके सम्मुख सड़क न होने से गांव से पलायन के बारे में संयुक्त रूप से ज्ञापन दिया था। तब इन लोगों के आश्चर्य का ठिकाना नहीं रहा जब उनके घर पहुंचने तक एसडीएम नीतू डांगर का फोन आया कि हम सभी लोग सड़क के नाप - जोप तथा विवाद को हल करने के लिए मौके में आ रहे हैं।

लोनिवि के ईई, पटवारी, रेंजर आदि सभी को साथ लेकर आई महिला एसडीएम ने उस स्पोट में जाकर सड़क का विरोध करने वाले व्यक्ति के कागजात देखे तो वह सरकारी जमीन निकलने पर भड़क गई। जो व्यक्ति जमीन में कब्जा कर सड़क बनाने में बड़ी बाधा पैदा कर रहा था। एसडीएम के तीखे तेवर दिखाने के बाद उस व्यक्ति की हवा निकाल गई। एसडीएम ने मौके में ही समस्या का समाधान कर पांच किलोमीटर लंबी सड़क बनाने से जहां खेतीगाड व कफललेख गांव से पलायन कर चुके लोगों के लिए गांव के द्वार खोल दिए हैं वहीं दर्जनों परिवार अब अपने पूर्वजों की विरासत से नाता जोड़ेंगे।



गांव के प्रमुख नागरिक गोपाल दत्त, जगदीश चंद्र, निवर्तमान ग्राम प्रधान रमेश चंद पांडे, विपिन चंद्र ने जिलाधिकारी व एसडीएम को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा यह उनके लिए सड़क नहीं लाइफ लाइन बनेगी उनका कहना था कि गांव के सभी लोग रिवर्स पलायन कर अपने गांव को 'मॉडल विलेज' की ऐसी शकल देंगे जिसे लोग देखते ही रह जाएंगे। लोनिवि के ईई हितेश कांडपाल ने बताया कि अब विभाग शीघ्र सड़क के पिलर बनाने का काम शुरू कर देगा। उधर बरसों से लटके घिघारुकोट बासबसवाडीं सड़क बनने का भी डीएम ने रास्ता खोल दिया है। आज राजस्व, वन एवं लोनिवि की संयुक्त टीम लधियाघाटी के प्रमुख गांव रकम क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु जमीन की तलाश में निकल गई है। एसडीएम के निर्देश पर गई यह टीम आज भूमि का मामला निपटाकर घिघारुकोट - बासबसवाडीं क्षेत्र में आर्थिक प्रगति के द्वार खोलने के साथ यहां के लोगों की ब्लॉक मुख्यालय जाने की दूरी 21 किलोमीटर कम हो जाएगी। इस सड़क का मामला भी जन मिलन कार्यक्रम में जिलाधिकारी के संज्ञान में लाया गया था। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता नंदू पांडे के अनुसार इस त्वरीत कार्रवाई से ग्रामीणों को आश्चर्य जनक प्रसन्नता हुई है। जिसके लिए उन्होंने जिलाधिकारी एवं अन्य लोगों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, महुआखेड़ागंज, उधम सिंह नगर**

गृहकर नामान्तरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नाजिम हुसैन पुत्र श्री सुबराती हुसैन निवासी वार्ड नं. - 07 जागामस्जिद गहुआखेडागंज तह. काशीपुर जिला ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड) के प्रार्थना पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें। जोकि पालिका के गृहकर अभिलेखों में मकान नं.- 08/224 पर दर्ज है। को रजिस्ट्रर्ड बैनामें, शपथपत्र के आधार पर गृहकर अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराना चाहती हैं। जोकि वर्तमान में पालिका गृहकर अभिलेखों में श्री अली अकबर पुत्र श्री सुवराती काशीपुर व जिला ऊधम सिंह नगर के नाम दर्ज हैं। रजिस्ट्रर्ड बैनामें, शपथपत्र के आधार पर पालिका अभिलेखो में दर्ज मकान नं.-08/224 का जुज को श्री नाजिम हुसैन पुत्र श्री सुबराती हुसैन वार्ड न.0-07 जामामस्जिद महुआखेड़ागंज तह० काशीपुर जिला ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड) का दाखिल खारिज कर प्रार्थी के नाम दर्ज करने में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर नगर पालिका परिषद महुआखेड़ागंज के कार्यालय में लिखित में सूचना दें। आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नियत तिथि के उपरांत नियमानुसार पालि.का अभिलेखों में मात्र गृहकर वसूली हेतु नामान्तरण कर नाम दर्ज कर दिया जायेगा। बाद म्याद प्राप्त आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अधिशासी अधिकारी

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, महुआखेड़ागंज, उधम सिंह नगर**

गृहकर नामान्तरण सूचना

सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती जगवती पत्नी श्री यादराम निवासी वार्ड नं.- 01 विजयनगर गहुआखेडागंज तह. काशीपुर उधमसिंहनगर उत्तराखण्ड रजिस्ट्रड बैनामें, शपथपत्र के आधार पर पालिका अभिलेख दाखिल खारिज कर अपना नाम दर्ज कराना चाहती है। प्रार्थनी ने उक्त खसरा नं.- 700 मिन कुल क्षेत्रफल 139.40 वर्गमीटर वाकै महुआखेड़ागंज को श्रीमती रामप्यारी पत्नी श्री मल्लू सिंह निवासी वार्ड नं.- 01 मौहल्ला विजयनगर महुआखेड़ागंज जिला उधम सिंह नगर से रजिस्ट्रड बेनामे कर पंजीकृत क्रय किया है। प्रार्थनी वर्तमान में उक्त खसरे पर निर्मित मकान को पालिका के गृहकर अभिलेखों में स्वयं के नाम से दर्ज करवाना चाहती है। रजिस्ट्रड बैनामें, शपथपत्र के आधार पर उक्त खसरा नं.- 700 मिन कुल क्षेत्रफल 139.40 वर्गमीटर वाकै महुआखेड़ागंज का दाखिल खारिज कर प्रार्थनी के नाम दर्ज करने में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर नगर पालिका परिषद महुआखेड़ागंज के कार्यालय में लिखित में सूचना दें। आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नियत तिथि के उपरांत नियमानुसार पालिका अभिलेखों में मात्र गृहकर वसूली हेतु नामान्तरण कर नाम दर्ज कर दिया जायेगा। बाद म्याद प्राप्त आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अधिशासी अधिकारी

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, महुआखेड़ागंज, उधम सिंह नगर**

गृहकर नामान्तरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री तसलीम पुत्र श्री जुम्मा खान निवासी ग्राम पीपलगांव तह. जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश रजिस्ट्रड बैनामें, शपथपत्र के आधार पर पालिका अभिलेख दाखिल खारिज कर अपना नाम दर्ज कराना चाहती हैं। प्रार्थी ने उक्त खसरा नं.- 1000 मिन कुल क्षेत्रफल 209.11 वर्गमीटर वाकै वार्ड नं.-04 मौ. आदर्शनगर, महुआखेड़ागंज को श्री करन सिंह पुत्र श्री शिवचरन नि. मौहल्ला आदर्शनगर वार्ड नं.-04 महुआखेड़ागंज जिला उधम सिंह नगर से रजिस्ट्रड बैनामे कर पंजीकृत क्रय किया हैं। प्रार्थी वर्तमान में उक्त खसरे पर निर्मित मकान को पालिका के गृहकर अभिलेखों में स्वयं के नाम से दर्ज करवाना चाहते है। रजिस्ट्रड बैनामें, शपथपत्र के आधार पर उक्त खसरा नं.- 1000 मिन कुल क्षेत्रफल 209.11 वर्गमीटर वाकै वार्ड नं.-04 मौ. आदर्शनगर, महुआखेड़ागंज का दाखिल खारिज कर प्रार्थी के नाम दर्ज करने में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर नगर पालिका परिषद महुआखेड़ागंज के कार्यालय में लिखित में सूचना दें। आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नियत तिथि के उपरांत नियमानुसार पालिका अभिलेखों में मात्र गृहकर वसूली हेतु नामान्तरण कर नाम दर्ज कर दिया जायेगा। बाद म्याद प्राप्त आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अधिशासी अधिकारी

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, गदरपुर, उधम सिंह नगर**

नामान्तरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं.-02 क्रमांक 256 पर श्रीमती जैबुल निशा पत्नी श्री रफीक अहमद का नाम अंकित है। उक्त भवन पर 267 रू० वार्षिक गृहकर निर्धारण है। श्रीमती जैबुल निशा की दिनांक 04.03.2020 को मृत्यु हो चुकी है। उत्तरजीवी प्रमाण पत्र के आधार पर जैबुल निशा पत्नी रफीक अहमद के श्री रफीक अहमद, श्री अफजाल हुसैन, श्री आबिद हुसैन वारिस है। श्री अफजाल हुसैन पुत्र श्री रफीक अहमद निवासी वार्ड नं.-02 गदरपुर द्वारा उक्त भवन पर अपने नाम से गृहकर दर्ज कराने हेतु पत्रावली प्रस्तुत कर गृहकर नामान्तरण कराने के लिये अनुरोध किया गया है, जो कि प्रस्तावित है। उपरोक्तानुसार नामान्तरण करने पर यदि किसी को कोई अपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद किसी आपत्ती पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में नामान्तरण स्वत: निरस्त समझा जायेगा, तथा सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

अधिशासी अधिकारी

## कस्टम विभाग ने चाइनीज लहसुन किया नष्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** कस्टम विभाग ने पूर्व में नेपाल सीमा से पकड़ा 1500 किलो लहसुन तहसील प्रशासन की उपस्थिति में नष्ट किया। नेपाल से भारत में चाइनीज लहसुन की तस्करी की जाती है। यह लहसुन नेपाल में सस्ता बताया जाता है। जिसके चलते इसकी यहां तस्करी की जाती है। चाइनीज लहसुन भारत में प्रतिबधिंत किया गया है। कस्टम विभाग ने बताया कि ये लहसुन नेपाल से लाते समय मेलाघाट क्षेत्र में अक्तूबर 2024 और जनवरी 2025 में कस्टम और पुलिस के संयुक्त अभियान में पकड़ा गया था। जिसे मंगलवार को कस्टम सहायक आयुक्त बरेली जगन मोहन, कस्टम अधीक्षक बनबसा राजेश शर्मा, तहसीलदार वीरेंद्र सजवान की उपस्थिति में नष्ट किया गया।

## नुक्कड़ नाटकों और स्वास्थ्य शिविरों से टीबी उन्मूलन की ओर बढ़े कदम

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिथौरागढ़।** जनपद पिथौरागढ़ में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग लगातार जनजागरूकता एवं जांच अभियान चला रहा है। इसी क्रम में सूचना एवं लोक संपर्क विभाग में पंजीकृत नाट्य दलों भाव राग ताल नाट्य दल एवं फूलदेई नाट्य दल द्वारा गांव-गांव जाकर नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से जनता को टीबी के बचाव और इलाज से संबंधित संदेश दिए जा रहे हैं और सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान के बारे में जनता को जानकारी दी और इस पहल के साथ जुड़कर टीबी उन्मूलन अभियान को सफल बनाने की अपील की। बता दें टीबी उन्मूलन अभियान के अंतर्गत जिले में असुरक्षित जनसंख्या की मैपिंग की जा रही है, जिसमें 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग, डायबिटीज रोगी, कुपोषित व्यक्ति, धूम्रपान व शराब का सेवन करने वाले, सामूहिक रूप से रहने वाले तथा अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगों को चिह्नित कर निक्षय पोर्टल पर पंजीकृत किया जा रहा है। अब तक जिले में कुल 22,890 व्यक्तियों का पंजीकरण किया जा चुका है। इनमें से 4,079 व्यक्तियों का एक्स-रे तथा 4,502 व्यक्तियों का बलगम परीक्षण किया गया है। जांच के बाद आवश्यकतानुसार रोगियों को उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है।

# दिवंगत छायाकारों को याद किया

## विश्व फोटोग्राफी दिवस पर सीआरएसटी इण्टर कालेज में फोटो प्रदर्शनी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** विश्व फोटोग्राफी दिवस के विशेष मौके पर मंगलवार को नैनीताल में फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। आयोजन लोरिस्ट लीग एवं सीआरएसटी इण्टर कालेज नैनीताल की तरफ से किया गया। इसमें नैनीताल के तीन दिवंगत छायाकारों (एएन सिंह, बलवीर सिंह व अल्पायु में दिवंगत हुए अमित साह) को याद किया गया। बता दें कि दिवंगत छायाकार एएन सिंह उन छायाकारों में रहे जिन्होंने नैनीताल में सर्वप्रथम आयोजित फोटो सैलून्स के आयोजनों में सक्रिय भूमिका निभाई अपनी बेहतरीन फोटोग्राफी से अपनी विशिष्ट पहचान बनायी। स्व. बलवीर एक अच्छे खिलाड़ी थे लेकिन एक बिमारी के कारण वे चलने फिरने में अक्षम हो गये वे सिर्फ एक आटो से ही इधर उधर जाते थे। जब उन्होंने फोटोग्राफी को अपनाया तो सभी को लगा ये कैसे संभव होगा लेकिन उन्होंने इस असंभव को समभव बनाया और एक जाने माने दिव्यांग फोटोग्राफर के रूप में प्रसिद्ध हुए जबकि युवा स्व. अमित साह बहुत जल्द अपनी उत्कृष्ट फोटोग्राफी से राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने में कामयाब हुए लेकिन अल्पायु में ही उनका निधन हो गया।



मंगलवार को इन तीन छायाकारों के अलावा नैनीताल में फोटो सैलून की शुरुआत करने वाले कर्नल सूदन को भी याद किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अक्षोभ सिंह रहे जिन्होंने नैनीताल की फोटोग्राफी के अतीत को याद किया। आयोजन के शुरुआत में देश के जाने वाले छायाकार व पद्मश्री अनूप साह ने फोटोग्राफी के महत्व और बारीकियों पर प्रकाश डाला। कार्यकम संचालन छायाकार प्रदीप पाण्डेय ने किया। अंत में कार्यकारी आयोजक छायाकार हिमांशु जोशी ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में नैनीताल के छायाकारों के अलावा अल्मोड़ा के छायाकार चेतन कपूर तथा जय मित्र सिंह बिष्ट तथा देवेश बिष्ट के फोटोग्राफो की प्रदर्शनी लगायी गयी।कार्यक्रम सीआरएसटी इण्टर कालेज नैनीताल के सभागार में हुआ, जिसमें विनय साह, आलोक साह, विनोद पाण्डे, जहूर आलम, हरीश राणा, केएस सजवाण, डा. रचना बिष्ट, सुमित साह, अदिति खुराना, रत्ना साह तथा विनिता यशस्वी समेत कई छायाकार मौजूद रहे। आयोजकों के मुताबिक फोटो प्रदर्शनी सीआरएसटी इण्टर कालेज नैनीताल में बुधवार (आज) शाम को 6 बजे तक लगी रहेगी।

# सड़क पर रखा सामान किया जब्त

## अतिक्रमण हटाओ अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर निगम ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर सड़क पर रखा गया तीन ट्रॉली सामान जब्त किया। देर शाम बाजार क्षेत्र और क्रियाशाला रोड में चलाए गए अभियान में फिर से सड़क पर अतिक्रमण कर व्यापार करने पर चालानी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई। सड़कों पर अतिक्रमण कर व्यापार किए जाने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। बाजार क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण को लेकर प्रशासन पूरी तरह से सख्त हो गया है। मंगलवार को सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान और नगर आयुक्त ऋचा सिंह की अगुवाई में निगम की टीम ने बाजार क्षेत्र और क्रियाशाला रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। प्रशासन की टीम को देखते ही अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। टीम ने सड़क किनारे और गली में लगे फड़ ठेलियों को हटाते हुए उन पर रखा सामान भी अपने कब्जे में ले लिया। कार्रवाई के दौरान टीम ने फुटपाथ पर अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई कर तीन ट्रॉली सामान जप्त किया और 5 हजार का चालान भी किया। नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने कहा कि लगातार अब बाजार क्षेत्र का भ्रमण किया जाएगा और बाजार क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। बाजार क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण अब बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

## एक नजर

### नेवी विंग में भर्ती आज

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के डीएसबी परिसर नैनीताल स्थित एनसीसी नेवी विंग द्वारा भर्ती कार्यक्रम बुधवार (आज) आयोजित किया जाएगा। यह भर्ती प्रक्रिया प्रात: 10.30 बजे से प्रारंभ होगी। भर्ती में शामिल होने के इच्छुक डीएसबी परिसर के सभी छात्र छात्राएँ निर्धारित समय पर उपस्थित होकर एनसीसी भर्ती प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। विश्व. विद्यालय के एनसीसी अधिकारी सब लेफ्टिनेंट डा. रीतेश साह के मुताबिक इच्छुक विद्यार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे समय पर पहुँचकर आवश्यक औपचारिकताओं को पूर्ण करें और अनुशासन का पालन करते हुए भर्ती प्रक्रिया में हिस्सा लें सकते है।

### बारापत्थर के जंगल में पौधारोपण

**नैनीताल।** नगर की प्रतिष्ठित आशीर्वाद वूमेंस क्लब के द्वारा मंगलवार को अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वह्न करते हुए नगर के बारापत्थर के जंगल में पौधारोपण का आयोजन किया गया जिसमें रामा माउंटेसरी स्कूल के बच्चों ने भी भागीदारी निभायी, क्लब के द्वारा उतीस, बांज, पुतली, खासु, बड, किल्मोड़ा, हिसालू, देवदार तथा अंगू पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान कलब के प्रतिनिधियों ने स्कूली बच्चों को पौधरोण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के संदर्भ में विस्तार से समझाया गया तथा हर रोपित पौधे की उपयोगिता भी बतायी गयी। कहा गया कि वर्तमान परिवेश में पौधे लगाना और उनकी देखभाल करना कितना आवश्यक है यह भी उन्हें समझाया गया कहा कि आप ही नौनिहाल कल के राष्ट्र के निर्माता हों। पौधरोपण में शोभा गुप्ता, गीता साह, रेखा कंसल, मोनिका शाह, रेखा त्रिवेदी, निधि बंसल, मानसी गर्ग श्रीवास्तव नीलू, लियांज, मीनू, निधि कंसल और वर्षाजली श्रीवास्तव तथा मंजू बिष्ट आदि शामिल रही।

### जश्ने ईद मिलाद उन नबी कमेटी की बैठक

**नैनीताल।** जश्ने ईद मिलाद इन नबी कमेटी की बैठक नगर के रजा क्लब मल्लीताल में फिरोज खान की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी आने वाले जुलूस के बारे में चर्चा हुई। बैठक में अध्यक्ष फिरोज खान, उपाध्यक्ष मो. फईम, महासचिव मो. खालिद, सचिव आसिफ बख्श, कोषाध्यक्ष परवेज आलम, मो. नफीस, मो. रईस व मो. याकुब ने विचार रखे।

### अनूठा पौधारोपण आंदोलन जारी

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय अध्यक्ष राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पौधा रोपण अभियान के 490 वें दिन गुरना देवी मंदिर परिसर स्थित गुरना वाटिका में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा। कार्यक्रम में मंदिर के पुजारी भी उपस्थित रहे।

### प्रदेश महिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन

**हल्द्वानी।** सशक्त एकता उद्योग व्यापार मंडल की कोर कमेटी एवं महिला प्रदेश प्रभारी सीमा बत्रा की अगुवाई में संगठन के कार्यालय में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक में सभी पदाधिकारियों और सदस्यों की सर्वसम्मति से प्रदेश महिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। कार्यकारिणी गठन के दौरान सर्वसम्मति से प्रगति जैन भीमताल, मेहरागांव को प्रदेश महिला अध्यक्ष और ज्योति अवस्थी हल्द्वानी को प्रदेश महिला महामंत्री पद पर मनोनीत किया गया।

# महोत्सव के लिए निविदा कल खोली जाएगी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर पालिका की ओर से नंदा देवी महोत्सव में नए स्वरूप में कैनोपी दुकाने, पांडाल, नगर में बिजली की सजावट आदि के लिए की गई निविदा अब बृहस्पतिवार को होगी। अधिशासी अधिकारी रो. हिताश शर्मा ने बताया कि निविदा बृहस्पतिवार को खोली जाएगी। उन्होंने बताया कि आन लाइन निविदा में तीन टेंडर पड़े थे। ऑफलाइन में एक ही निविदादाता ने दस्तावेज प्रस्तुत किए इसमें भी एफडीआर नहीं लगी पाई गई। इसी कारण निविदा को बृहस्पतिवार को खोला जाना तय किया गया है।

# शपथ पत्र पेश करें डीएम व एसएसपी हरिद्वार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नगर पंचायत पिरान कलियर की भूमि को नगर पंचायत को वापस किए जाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट की खंडपीठ द्वारा कल के आदेश पर आज जिलाधिकारी सहित एसएसपी हरिद्वार कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हुए। जिसपर कोर्ट ने उनसे कहा कि आप जो कह रहे हैं उसे एक सप्ताह के भीतर शपथपत्र के माध्यम से कोर्ट में पेश करे। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने अगली सुनवाई हेतु अगले सप्ताह की तिथि नियत की। मामले के अनुसार पिरान कलियर निवासी याशीन ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि 2014-15 पिरान कलियर की नगर पंचायत का गठन हुआ था। जिसके बाद उस वक्त आबादी के बीच सरकारी भूमि को सरकार के द्वारा 2018 में पुलिस प्रशासन को उक्त भूमि आबंटित करते हुए 3 साल में थाना बनाने को कहा, लेकिन समयावधि बीत जाने के बाद भी वहां आज तक थाना नही बनाया गया। याचिका में कहा गया है कि नगर पंचायत पिरान कलियर स्थित सरकारी भूमि नगर पंचायत को दे दी जाए ताकि नगर पंचायत इस भूमि का उपयोग जनता के हितों के लिए कर सके कयोंकि अभी तक नगर पंचायत के पास अभी तक अपना कोई कार्यालय खोलने के लिए कोई सरकारी जमीन मुहैया नहीं है।

# एक ही दिन होंगे छात्रसंघ चुनाव

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड राज्य के तीनों विवि के कुलपतियों ने ऑनलाइन माध्यम से बैठक कर तय किया कि छात्रसंघ चुनाव तीनों विश्वविद्यालयों में एक ही दिन आयोजित किए जाएंगे। चुनाव की तिथि 15 से 17 सितंबर के मध्य प्रशासन व पुलिस की ओर से सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के बाद घोषित की जाएगी। मंगलवार को कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत की अध्यक्षता में वर्चुअल बैठक हुई जिसमें एसएसजे विश्वविद्यालय अल्मोड़ा के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट व श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय बादशाहीथौल टिहरी के कुलपति प्रो. एनके जोशी समि. लित हुए। बैठक में आगामी छात्रसंघ चुनावों पर विस्तृत विचार.विमर्श किया गया। कुविवि के कुलपति प्रो. डीएस रावत ने बताया छात्रसंघ चुनाव लिंगदोह समिति की संस्तुतियों व सभी कानूनी प्रावधानों के अनुरूप कराए जाएंगे। शांतिपूर्ण, पारदर्शी और लोकतांत्रिक प्रक्रिया सुनिश्चित करना विश्वविद्यालयों की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। बैठक के निर्णय के अनुसार अधिष्ठाता छात्र कल्याण (डीएसडब्ल्यू) को स्थानीय प्रशासन से समन्वय स्थापित करने के लिए निर्देशित किया गया है। कॉलेज स्तर पर होने वाले चुनावों में सभी प्राचार्यों को लिंगदोह समिति की संस्तुतियों का पालन अनिवार्य रूप से करना होगा। निदेशक उच्च शिक्षा के स्तर से यह सुनिश्चित करने की अपेक्षा कि गई है कि महाविद्यालयों में चुनाव के दौरान आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराई जाए। तीनों कुलपतियों ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे शैक्षणिक वातावरण की गरिमा बनाए रखते हुए जिममेदारी से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी करें।

**तिथि घोषित करने की मांग**

कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के छात्र नेताओं ने जल्द छात्रसंघ चुनाव की तिथि घोषित करने की मांग की है। चेतावनी दी है कि यदि बुधवार (आज) तिथि घोषित नहीं होती है तो वह विवि परिसर में प्रदर्शन करेंगे। छात्रनेता अभिषेक कुमार ने बताया पूर्व में कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत से मुलाकात कर 20 अगस्त तक तिथि घोषित करने की मांग की थी। चेतावनी दी है कि यदि 20 अगस्त को तिथि घोषित नहीं हुई तो महाविद्यालयों के छात्र नेता विश्व. विद्यालय के प्रशासनिक भवन में प्रदर्शन करेंगे।

# निशुल्क शिविर का लाभ उठाया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भीमताल विकासखंड के बेलुवाखान ग्रामसभा की नव निर्वाचित ग्राम प्रधान डा. बबीता ममराल के सौजन्य से दृष्टि सेंटर फॉर एडवांस आई केयर सेंटर हल्द्वानी द्वारा मंगलवार को निशुल्क आंखों की जांच और परामर्श (आयुष्मान इंसीएचएस, एसजीएचएस एवं अन्य पीटीए द्वार, मोतियाबिंदु एवं पर्दे का) का एक दिवसीय शिविर का आयोजन गाजा पंचायत घर में किया गया। शिविर में सौ अधिक लोगों ने आंखों की जांच कराई गयी। जांच के दौरान दस से अधिक लोगों की मोतियाबिन्द होने की पुष्टि हुई जिसमें आठ लोगों को दृष्टि आई केयर सेंटर द्वारा निशुल्क ऑपरेशन के लिए हल्द्वानी भेजा। शिविर में आई केयर सेंटर के विशाल श्रीवास्तव, सचिन बाबू, गंगा प्रसाद,नरेश शर्मा आदि लोग थे। इसके अलावा शिविर में ग्राम प्रधान बबीता डा. बबीता मनराल समेत राजेंद्र मनराल, योगेश बोरा, गोपाल सिंह बिष्ट, संजय मेहरा, शकुंतला नेगी, किरन रावत, चंपा पांडे, प्रकाश आर्य तथा इन्द्र नेगी आदि लोगों द्वारा सहयोग किया गया। शिविर में बलदियाखान, सौलिया, कुण, रुसी, बीरभट्टी, बकरखोड़, गोठानी, गेठिया, ज्योलीकोट, दोगांव तथा गाजा आदि गाँव के लोग मौजूद थे।



# डा. संजय एम्स गुवाहाटी के अध्यक्ष नामित

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** भारत सरकार ने पद्मश्री से सम्मानित प्रसिद्ध अस्थि रोग विशेषज्ञ डा. बीकेएस संजय को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) गुवाहाटी का अध्यक्ष नामित किया है। एम्स संस्थान भारत में उत्कृष्ट चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान एवं रोगी देखभाल के लिए सर्वोच्च संस्थान माने जाते हैं।

भोजन, शिक्षा और स्वास्थ्य प्रत्येक व्यक्ति की मूलभूत आवश्यकताएँ हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने भारत की तृतीयक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को सुदृढ़ करने और इन सेवाओं को बड़े शहरों से बाहर देश के कोने कोने तक पहुँचाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया। वर्तमान में देशभर में एम्स कार्यरत हैं जिनमें एम्स गुवाहाटी भी सम्मिलित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि ये नए एम्स संस्थान विकसित भारत मिशन के आधार स्तंभ सिद्ध होंगे। एम्स गुवाहाटी की आधारशिला प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 26 मई 2017 को रखी गई थी। इस संस्थान की स्थापना पूर्वोत्तर भारत में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ, चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान की उपलबधता में क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करने हेतु की गई थी। पूर्वोत्तर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास वर्तमान केंद्र सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने डा. भूपेंद्र कुमार सिंह संजय को पूर्वोत्तर राज्यों में उत्कृष्ट रोगी देखभाल, चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान को सशक्त बनाने हेतु अध्यक्ष पद पर नामित किया है। प्रो. संजय एक अंत. रराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त अस्थि रोग विशेषज्ञ तथा क्लीनिकल शोधकर्ता, शिक्षाविद् लेखक तथा वक्ता व कवि और समाजसेवी हैं।

उनकी असाधारण उपलबिधयों के लिए उनका नाम इंडिया इंटरनेशनल लिम्का और गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया जा चुका है। उनके शोध कार्य जर्नल ऑफ बोन एंड जॉइंट सर्जरीए इंटरनेशनल ऑर्थोपीडिकस जर्नल ऑफ हैंड सर्जरी सहित कई शीर्ष अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रका. शित हुए हैं। डा. संजय ने अपनी बुनियादी ऑर्थोपीडिक शिक्षा कानपुरए पीजीआई चंडीगढ़ और सेंट्रल इंस्टिट्यूट ऑफ ऑर्थोपीडिकस नई दिल्ली से प्राप्त की। उन्होंने स्वीडन, स्विट्जरलैंड, जापान व अमेरिका और रूस से ऑर्थोपीडिकस की विभिन्न उप विशेषज्ञताओं में उन्नत प्रशिक्षण और फैलोशिप भी प्राप्त की हैं। अपने 45 वर्षों के दीर्घ चिकित्सा करियर में उन्होंने भारत और विदेशों में विभिन्न पदों पर कार्य किया है।

वे 50 से अधिक देशों की यात्रा कर चुके हैं तथा जापान, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर, मलेशिया और अमे. रिका सहित कई देशों के विश्वविद्यालयों में अपने ज्ञान एवं अनुभव को साझा कर चुके हैं। डा. संजय को उनकी विशिष्ट चिकित्सा एवं सामाजिक सेवाओं के लिए अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय व्यावसायिक, सामाजिक व सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संगठनों द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। भारत सरकार ने वर्ष 2021 में उन्हें पद्मश्री सम्मान से अलंकृत किया।


## कार्यालय मुख्य कृषि अधिकारी, चम्पावत

पत्रांक:- मु0कृ0अ0/ 820/ SMAM/ विज्ञापन/2025-26, दिनांक: 19/08/2025

**कृषक बंधुओं हेतु आवश्यक सूचना**

**जनपद चम्पावत में वर्ष 2025-26 में कृषि यंत्रो के एग्रीमशीनरी पोर्टल पर विकास खण्डवार अपलोड लक्ष्यों के सापेक्ष आवेदन करने से संबधित।**

जनपद चम्पावत के समस्त कृषकों/कृषक समूहों आदि को सूचित किया जाता है कि एस0एम0ए0एम0 योजनान्तर्गत जनपद के कृषकों/कृषक समूहों के द्वारा क्रय किये जाने वाले कृषि यंत्रों/ कस्टम हायरिंगसेंटर एवं फार्म मशीनरी बैंक पर अनुदान हेतु कृषकों एवं कृषक समूहों के पंजीकरण (Registration) की प्रक्रिया भारत सरकार के DBT Portal https://agrimachinery.nic.in पर गतिमान है। जनपद में कृषि यंत्र एवं कस्टम हायरिंग सेन्टर/फार्म मशीनरी बैंक के विकास खण्ड वार आवंटित लक्ष्यों के सापेक्ष पोर्टल पर दिनांक 25 अगस्त, 2025 को प्रात: 11:00 बजे से इच्छुक कृषक/कृषक समूह / स्थानीय स्वयं सहायता समूह/ग्रामीण उद्यमी /कृषक उत्पादक समूह/ग्राम सेवा सहकारी समितिया / आदि DBT Portal https://agrimachinery.nic.in पर लॉग-इन कर आवेदन कर सकते है। पोर्टल पर लक्ष्यों के सापेक्ष आवेदन होते ही निर्धारित समय के अनुसार Schedular चालू हो जाएगा। (1. डीलर सलेक्शन-05 दिन, 2. बिल जनरेशन-07 दिन, 3. बिल अप्रूवल-03 दिन, 4. भौतिक सत्यापन-10 दिन, 5. पुन: सत्यापन-01 दिन, 6. अनुदान स्वीकृत-03 दिन, 7. आवेदन अस्वीकृति-01 दिन)। योजनान्तर्गत कृषकों को अनुदान का भुगतान शतप्रतिशत DBT (Direct benefit Transfer) के तहत किसानों के बैंक खातों में किया जाएगा।

कृषक/कृषक समूह अधिक जानकारी के लिए संबंधित क्षेत्र के न्याय पंचायत प्रभारी (कृषि) /विकाराखण्ड प्रभारी (कृषि) / कृषि एवं भूमि सरक्षण अधिकारी, लोहाघाट/मुख्य कृषि अधिकारी, चम्पावत के कार्यालय से कार्यालय समयावधि में सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

मुख्य कृषि अधिकारी
चम्पावत।


# विद्यार्थियों को सौंपी जिम्मेदारियां

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिले के भीमताल विकासखंड के ज्योलीकोट में स्थित नेन्सी कॉन्वेंट स्कूल में मंगलवार को बड़े हर्षोल्लास और गरिमा के साथ इन्वेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को विभिन्न जिम्मेदारियों के पद सौंपकर सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारंभ प्रार्थना और स्वागत गीत से हुआ।



इसके पश्चात पदभार ग्रहण करने वाले छात्रों ने अपने कर्तव्यों का ईमानदारी, अनुशासन और निष्ठा के साथ पालन करने की शपथ ली। इस मौके पर स्कूल कैप्टन वेदिका सिंह, स्कूल काउंसिल हेड स्वादा तथा स्कूल प्रीफेट ईशान सिंह जबकि स्पोर्ट्स कैप्टन रोहित यादव को बनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेकटर डा. संजय कुमार सिंह ने कहा कि नेतृत्व का अर्थ केवल पद धारण करना नहीं बल्कि सेवाएं अनुशासन और निष्ठा से कार्य करना है। डीन डा. अशोक शर्मा ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि ये जिम्मेदारियाँ उनके आत्मविश्वास और नेतृत्व कौशल को विकसित करेंगी जबकि प्रिंसिपल श्रीमती हीना ने नवनियुक्त पदाधिका. रियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चेयरपर्सन मंजू सिंह ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद प्रदान किया वहीं मैनेजिंग डायरेटर इंजीनियर आईपी सिंह ने छात्रों को उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों का महत्व समझाते हुए उनके सफल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# गढ़वाल विवि में बीएससी होम साइंस पाठ्यक्रम संचालित किया जाएं

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि की छात्र हितों से जुड़ी मांग को लेकर विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्री प्रकाश सिंह से वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कक्षाओं कि छत लीकेज होना, महिला पाठन कक्ष का संचालित किए जाने सहित 7 सूत्रीय मांगों को लेकर छात्रों ने कुल. पति को ज्ञापन प्रेषित किया। मंगलवार को गढ़वाल विवि के छात्र संघ अध्यक्ष जसवंत सिंह राणा के नेतृत्व में छात्र गढ़वाल विवि के कुलपति से मिले। इस दौरान छात्र संघ अध्यक्ष जसवंत राणा और विवि प्रतिनिधि आशीष पंत ने कहा कि विवि के शिक्षा विभाग की छत टपकने से कक्षाओं में पानी भर रहा है। जिससे छात्र-छात्राओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ृ रहा है। कहा कि पूर्व में भी इसकी सूचना गढ़वाल विवि प्रशासन को दे दी गई थी, लेकिन कोई भी कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई। उन्होंने जल्द से समस्या का समाधान किए जाने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने गढ़वाल विवि में महिला पठन कक्ष संचालित किए जाने, इंजीनियरिंग विभाग में विद्युत कटौती की समस्या का समाधान करने, स्नातक स्तर पर बीएससी होम साइंस पाठ्यक्रम संचालित करने, स्कूल आफ एग्रीकल्चर और डीन आफिस चौरास परिसर शिफ्ट करने, यूजीसी, नेट, गेट, बैंक पीओं, नीट और एसएससी के परीक्षा केंद्र गढ़वाल विवि में बनाएं जाने और गढ़वाल विवि का 12वां दीक्षांत समारोह जल्द आयोजित किए जाने की मांग की।


## कार्यालय मुख्य उद्यान अधिकारी, ऊधमसिंह नगर, विकास भवन रूद्रपुर।

फोन:-05944-250447
Email-horti.usn@gmail.com

पत्रांक: 880/ तक-1/विविध/2025-26, दिनाँक: 14/08/2025

**उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उत्तराखण्ड, जनपद ऊधमसिंहनगर।**

**द्वारा कृषको हेतु संचालित योजनाऐं एवं अनुदान का विवरण:-**

| क्र0सं0 | योजना का नाम | मद | देय अनुदान |
|---|---|---|---|
| 1 | एकीकृत बागवानी विकास योजना | फल, सब्जी, मसाला, पुष्प क्षेत्र विस्तार, शेडनेट हाउस, प्लास्टिक मल्चिंग एवं मशीनीकरण। | योजना के मानकानुसार 60 प्रतिशत तक। |
| 2 | राष्ट्रीय कृषि विकास योजना- "पर ड्रॉप मोर क्रॉप" | ड्रिप, स्प्रिंकलर एवं रेनगन सिंचाई। | योजना के मानकानुसार 55 प्रतिशत तक केन्द्रीय एवं 25 प्रतिशत टॉप अप के रूप में राज्य सरकार द्वारा देय अनुदान। |
| 3 | जिला योजना | नये उद्यान स्थापना, सब्जी बीज, कीट व्याधिनाशक, औद्यानिक संयंत्र, पाश्चुराइज्ड कम्पोस्ट स्पॉन सहित का वितरण। | योजना के मानकानुसार 80 प्रतिशत तक। |
| 4 | राज्य सैक्टर | सब्जी, मसाला एवं पुष्प बीज, जैविक कीट व्याधिनाशक, फल पौध, कूल हाउस रेफ्रीजेरेटेड बेन। | योजना के मानकानुसार 60 प्रतिशत तक। |
| 5 | प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना | नई खाद्य प्रसंस्करण इकाई की स्थापना अथवा पूर्व में स्थापित इकाई के उन्नयन हेतु | योजना के मानकानुसार 35 प्रतिशत अधिकतम 10.00 लाख तक। |
| 6 | नाबार्ड की RIDF योजना | कलस्टर आधारित 100 से 200 वर्गमीटर के छोटे पॉलीहाउस का निर्माण | योजना के मानकानुसार 80 प्रतिशत। |

जिलाधिकारी
उधमसिंह नगर।

मुख्य विकास अधिकारी
ऊधमसिंह नगर।

मुख्य उद्यान अधिकारी
ऊधमसिंह नगर।


# धराली के बाद अब हर्षिल को डरा रही भागीरथी नदी

**हर्षिल में भी मचाई भागीरथी नदी ने मचाई तबाही**
**हर्षिल में जीएमएवीन गेस्ट हाउस भी बहा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** धराली में आई आपदा के बाद भागीरथी नदी ने अपनी दिशा बदलकर हर्षिल में खतरा बढ़ा दिया है।खीर गंगा का पानी तेज बहाव के साथ हर्षिल के बीच भारी मलबा लेकर आया।

मलबा गिरने से बहाव के रुकने के कारण हर्षिल के पास चार पांच मीटर लंबी कृत्रिम झील बन गई है। जिससे जिला प्रशासन की सांसे आपकी रहीं उसके बाद प्रशासन ने सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस, वन विभाग की मदद से मैनली रूप से झील को पंचर करने में सफल रहे जिससे बड़े खतरे को टाल दिया है।





गौरतलब है कि षमिनी स्वीटजरलैंडष कहा जानें वाले हर्षिल भी पांच अगस्त को खीरगंगा से आई विनाशकारी बाढ़ से महज 34 सैकड में हंसता खिलता पर्यटक स्थल धराली और हर्षिल को मलवे के ढेर में बदल गया। धराली के बाद धीरे-धीरे भागीरथी नदी हर्षिल को भी डराने लगी है।

गढ़वाल मंडल विकास निगम का हर्षिल परिसर, जो कभी पर्यटकों से गुलजार रहता था, इस भीषण आपदा के बाद भारी नुकसान झेल रहा है।

प्रबंधक सुशील डिमरी ने बताया कि आपदा में डीलक्स हट बह गया और नदी किनारे बना ग्लास हाउस भी पूरी तरह से बह गया। दोनों ग्लास हाउस, स्टाफ क्वार्टर और स्टोर जीर्ण-शीर्ण हालत में हैं और कभी भी गिर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जीएमवीएन की सभी सीवर लाइनें क्षतिग्रस्त हो गई हैं, जबकि एक अन्य हट समान सहित नदी में बह गया। डिमरी के अनुसार, हर्षिल में इस पैमाने का नुकसान पहले कभी नहीं देखा गया और अब यहां पर्यटन गतिविधियों के पुनर्जीवित होने में समय लग सकता है। उन्होंने बताया कि यात्राकाल में पूरा गेस्ट हाउस की बुकिंग हो रखी है।

### उर्स को लेकर कलियर नगर पंचायत ने चलाया

# मेला ग्राउंड में सफाई अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** नगर पंचायत पिरान कलियर की टीम ने सड़क किनारे मेला ग्राउंड में विशेष सफाई अभियान चलाया। जिसमें झाड़ियां और घास हटाई गई। इस दौरान दुकानदारों और लोगों को सफाई के प्रति जागरूक भी किया।

पिरान कलियर साबिर पाक के सालाना उर्स के मद्देनजर

नगर पंचायत की टीम ने सड़क किनारे ,खाली प्लाट ,मेला ग्राउंड में साफ सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में टीम ने प्लॉट और सोहलपुर और रुड़की रोड पर सड़क किनारे उगी हुई झाड़ियों और घास को साफ किया।चौक हुए नालों को भी साफ किया।ईओ कुलदीप सिंह चौहान ने बताया कि उर्स शुरू होने वाला है। इसी को देखते हुए नगर पंचायत की टीम ने मेला ग्राउंड ,खाली पड़े प्लाट और सड़क किनारों से झाड़ियों और घास को हटाने के लिए एक विशेष सफाई अभियान चलाया गया। कलियर क्षेत्र में खाली प्लाटों सड़क किनारे जो बड़ी बड़ी घास उग गई थी।और गंदगी और कचरे का ढेर बन गए थे। नगर पंचायत सफाई कर्मचारियों की टीम ने इस



अभियान में खाली पड़ी जगहों से झाड़ियों और घास को काटा, कचरा हटाया और सार्वजनिक स्थानों को साफ किया। साथ ही लोगों को सफाई के प्रति जागरूक भी किया।नगरवासियों से अपील की है कि कोई भी खुले में कूड़ा न फेंके।आसपास सफाई का ध्यान रखें।कूड़े को कूड़ेदान में डाले।

# भगवानपुर नगर पंचायत व तहसील प्रशासन ने सड़कों से हटाया अतिक्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** एसडीम भगवानपुर के निर्देश पर नायब तहसीलदार व नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी ने कस्बे की सड़कों से अस्थाई अतिक्रमण हटाया।

सड़कों पर दुकानदारों द्वारा लगातार अतिक्रमण करने की सूचना पर एसडीम भगवानपुर देवेंद्र सिंह नेगी ने नायब तहसीलदार अनिल गुप्ता व अधिशासी अधिकारी सुरेंद्र कुमार को टीम के साथ अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने के लिए कहा जिस पर दोनों अधिकारी टीम के साथ सड़कों पर उतरे और दुकानों द्वारा किए गए स्थाई अतिक्रमण को हटाया इस दौरान कुछ दुकानदारों से अधिकारियों की नोकझोंक भी हुई लेकिन अधिकारियो ने साफ कर दिया कि सड़क पर अतिक्रमण कभी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा लगातार अभियान चलाकर कस्बे को आती कारण मुक्त किया जाएगा। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सुरेंद्र कुमार ने बताया किकस्बे में जाम की स्थिति बनी रहती है लोगों की शिकायत है कि दुकानदारों ने सड़कों पर अतिक्रमण किया हुआ है जिसको लेकर आज नायब तहसीलदार के साथ अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गयादुकानदारों को आगे भी हिदायत दिए गए की सड़क



पर अतिक्रमण न करें। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी सुरेंद्र कुमार के साथ तथा स्टाफ एवं राजस्व विभाग से नायब तहसीलदार अनिल गुप्ता राजस्व निरीक्षक ओमप्रकाश क्षेत्रीय पटवारी सलीम अहमद के साथ भगवानपुर बाजार से 32 अस्थाई अतिक्रमण हटाएं गए तथा 28 00 रुपए जुर्माना अतिक्रमण से संबंधित वसूला गया।

### क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय टीम ने की कार्यवाही

# प्राइवेट वाहन में ढोए जा रहे थे छात्र, चार सीज 19 के चालान

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** एआरटीओ ने मंगलवार को फिर छात्र सुरक्षा के मद्देनजर स्कूल वाहनों के खिलाफ अभियान जारी रखा। अभियान में चार स्कूल वाहन सीज किए गए हैं। जबकि उन्नीस के चालान किए हैं। इन प्राइवेट वाहनों का प्रयोग व्यावसायिक तौर पर हो रहा था। अभियान 18 अगस्त से 23 अगस्त तक जारी रहेगा। शहर और देहात में नियमित अभियान चलने से स्कूल संचालकों में भी हड़कंप मचा है।

जिले में प्राइवेट स्कूलों की भरमार है। यहां प्ले स्कूल से लेकर हाई और इंटरमीडिएट के छोटे-बड़े स्कूल हर साल खुल रहे हैं। स्कूलों को बेहद आकर्षित बनाया जा रहा है। जबकि बेहतर शिक्षा के लाख दावे हो रहे हैं। लेकिन छात्र सुरक्षा के नाम पर नियमों को ताक पर रखा जा रहा है। अधिकांश स्कूलों में छात्रों को घर से स्कूल और स्कूल से घर ले जाने के लिए बेहद ही खराब स्थिति के वाहन प्रयोग में लाए जा रहे हैं। ऐसे में एआरटीओ (प्रवर्तन) कृष्णा पलाडिया के नेतृत्व में स्कूली वाहनों की चेकिंग हो रही है। जिनमें छोटे और बड़े स्कूल वाहन शामिल है। मंगलवार को रुड़की में चार स्कूल वाहनों को रोका गया जो प्राइवेट वाहन थे और उनका प्रयोग व्यवसाय में किया जा रहा था। चार प्राइवेट स्कूली वाहन में बच्चे भी क्षमता से अधिक मिले। जबकि उन्नीस स्कूल वाहनों के भी चालान किए गए हैं। जिनमें सुरक्षा, छात्र संख्या ज्यादा, अधूरे कागजात व अन्य अनियमितताएं मिलने पर चालान किए गए। अभियान सप्ताह भर तक जारी रहने का दावा किय गया है। आपको बता दे कि पिछले दो दिन से वाहनों की चेकिंग से स्कूल संचालकों में भी हड़कंप मचा हुआ है।

# पुलिस ने नकदी समेत दो सटोरियों को दबोचा

**शाह टाइम संवाददाता**

**लक्सर** लकसर पुलिस के द्वारा दो सटोरियो को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 1900 रुपए नकद सट्टा पर्ची व पेन भी बरामद हुए हैं।

राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों संदिग्ध व्यक्तियों असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाए जाने के लिए निर्देशित किया था उच्च अधिकारियों के आदेश पर 18 अगस्त 2025 को गस्ट व चेकिंग के दौरान दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया उनके कब्जे से 1900 रुपए नगद सट्टा पर्ची व पेन बरामद हुए हैं पूछताछ करने पर उन व्यक्तियों ने अपने नाम कार्तिक पुत्र पप्पन निवासी ग्राम केहड़ा थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार उम्र 22 वर्ष शुभम पुत्र इंद्र निवासी उप्रोक्त उम्र 23 वर्ष बताया उनको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में लकसर पुलिस चौकी प्रभारी विपिन कुमार कांस्टेबल राजेंद्र सिंह चौहान अरुण नेगी सुरेश सिंह चौहान होमगार्ड मंगेराम शामिल रहे पकड़े गए व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए व्यक्तियों को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# दसवीं की छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता, फोन नंबर भी बंद

- ❖पिता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच पड़ताल
- ❖छात्रा की आखिरी लोकेशन और कॉल रिकॉर्ड खंगाल रही पुलिस

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** दसवीं कक्षा की छात्रा दोपहर ट्यूशन जाने के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। छात्रा का फोन नंबर भी बंद आ रहा है। पुलिस ने छात्रा के पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। छात्रा के फोन नंबर की आखिरी लोकेशन और कॉल रिकॉर्ड खंगाली जा रही है। जबकि छात्रा के संपर्क में रहने वाले लोगों से भी पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी है। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने बताया कि सोमवार को 16 वर्षीय पुत्री दोपहर तीन बजे ट्यूशन जाने के लिए शास्त्रीनगर गई थी। लेकिन फिर वापस घर नहीं लौटी। जिसके बाद पुलिस तक मामला पहुंचा। परिवार के मुताबिक पुत्री का फोन नंबर भी बंद आ रहा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। छात्रा लापता हुए तीन दिन हो गए हैं। मामला अब प्रेम प्रसंग से भी जोड़कर देखा जा रहा है। इंस्पेक्टर आरके सकलानी ने बताया कि छात्रा के संपर्क में रहने वाले सहपाठी व अन्य लोगों से पूछताछ की जा रही है। छात्रा के फोन की कॉल रिकॉर्ड से भी कुछ संदिग्ध फोन नंबर मिले हैं। जल्द छात्रा को सकुशल ढूंढ लिया जाएगा।

### पुलिस को देख बाइक छोड़ भागे गो तस्कर

# बाइक, 165 किलो मांस व अवशेष किये बरामद

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सोलानी नदी के पास खेत में छापा मारा। जहां पुलिस को देखकर गो तस्कर बाइक छोड़कर मौके से भाग खड़े हुए। टीम ने मौके से 165 किलो प्रतिबंधित मांस, पशु अवशेष और बाइक बरामद की है।

उत्तराखंड गोवंश संरक्षण स्क्वायड के उपनिरीक्षक शरद सिंह को सूचना मिली कि सोलानी नदी के पास गोकशी हो रही है। इसके बाद टीम ने मौके की ओर दौड़ लगा दी। तभी एक बाइक पर दो व्यक्ति आते दिखे। जिनको पुलिस ने रुकने का इशारा किया, लेकिन जैसे ही उन्होंने खुद को पुलिस से घिरता देख तो वह बाइक मौके पर छोड़कर भाग खड़े हुए। मौके से 165 किलो प्रतिबंधित मांस और अवशेष बरामद हुए हैं। जबकि जिन चार लोगों ने गोकशी की है उनके नाम पते भी पुलिस को मिले हैं।

### लकसर विधायक की सीएम से रामपुर रायघटी में गंगा पुल निर्माण की मांग

# विकास कराना ही मेरा मसकद : शहजाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र के रामपुर रायघटी में गंगा पर पूल निर्माण को लेकर विधायक ने मुख्यमंत्री से भेंट की है लक्सर विधायक मोहम्मद शहजाद ने बताया कि मेरे द्वारा रामपुर रायघटी से गंगा नदी के दूसरे किनारे जनपद बिजनौर की ओर पूल निर्माण की मांग की जा रही थी जिसके लिए मेरे द्वारा प्रयास किए गए और मुख्यमंत्री घोषणा में उक्त निर्माण को शामिल भी किया गया उन्होंने कहा साथ ही संबंधित विभाग द्वारा कई बार मेरे द्वारा स्थलीय निरीक्षण भी किया



गया और लोक निर्माण विभाग द्वारा अग्ररेत्तर कार्रवाई भी अमल में लाई गई उन्होंने कहा जनहित को ध्यान में रखते हुए इस पुल के निर्माण के लिए मैंने आज माननीय मुख्यमंत्री से भेंट कर उक्त निर्माण के लिए प्रथम चरण की स्वीकृति प्रदान किए जाने के लिए निवेदन भी किया है उन्होंने कहा रामपुर रायघटी के दर्जनों गांव सहित लक्सर विधानसभा और बिजनौर के लोगों के लिए आने-जाने के लिए रास्ता खुल जाएगा और घंटो के सफर की आवाजाई कुछ मिनटो में तय हो जाएगी।शहजाद विधायक ने कहा कि वह अपने क्षेत्र के बुनियादी विकास के लिए ईमानदारी जिम्मेदारी से प्रयास कर रहे हैंऔर करते रहेंगे।

# इंस्पेक्टर गोविंद कुमार को सौंपी कलियर उर्स मेला कोतवाली प्रभारी की जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कलियर।** एसएसपी हरिद्वार ने निरीक्षक गोविन्द कुमार को कलियर उर्स का मेला प्रभारी नियुक्त किया है। मेला आगामी 24 अगस्त से शुरू होकर लगभग 20 दिनों तक चलेगा।



आगामी उर्स मेला पिरान कलियर को सुचारू, सुरक्षित एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा विशेष व्यवस्थाएँ की जा रही हैं। इस क्रम में निरीक्षक गोविंद कुमार को उर्स मेला पिरान कलियर का प्रभारी नियुक्त किया गया है। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु निरीक्षक गोविंद कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

# अवैध तमंचे के साथ एक युवक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लकसर।** पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया है उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में अपराधो की रोकथाम अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों असामाजिक तत्व पर अंकुश लगाए जाने के लिए पुलिस को चेकिंग के लिए निर्देशित किया था उच्च अधिकारियों के आदेश अनुसार 18 अगस्त 2025 को रात्रि में थाना क्षेत्र में संदिग्ध वाहन व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान क्षेत्र से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे से 315 बोर का अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम सचिन पुत्र कैलाशो निवासी रामसाहवाला थाना मंडावर जनपद बिजनॉर उत्तर प्रदेश उम्र 23 वर्ष बताया उसको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में भीकमपुर पुलिस चौकी प्रभारी नवीन सिंह चौहान कांस्टेबल संदीप रावत अजीत तोमर शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# पुलिस ने दो फरार वारंटी दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर पुलिस के द्वारा मुखबीर की सूचना पर दो वारंटइयों को गिरफ्तार किया है। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा न्यायालय से प्राप्त आदेशिकाओ को सत प्रतिशत तामील करने के लिए निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबीर की सूचना पर न्यायालय से जारी आदेशिकाओ की तामील के लिए पुलिस ने छापेमारी करते हुए दो वारंटीयो को गिरफ्तार किया गया जिनके नाम ईरशाद अली पुत्र अख्तर निवासी हबीबकुड़ी रायशी कोतवाली लकसर मुश्ताक पुत्र अख्तर निवासी उपरोक्त बताएं उनको पकड़ाने वाली पुलिस टीम में रायसी पुलिस चौकी प्रभारी नीरज रावत कांस्टेबल महेंद्र सिंह अनिल वर्मा शामिल रहे। पकड़े गए व्यक्तियों को संबंधित मुकदमे में दाखिल कर पकड़े गए व्यक्तियों को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र इसरार का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक ना होने के कारण मैंने इसरार को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद इसरार के किसी भी लेनदेन व अनैतिक कार्य की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**निजामुद्दीन पुत्र अब्दुल वहीद नि. सुलतानपुर आदमपुर थाना व तहसील लक्सर, हरिद्वार।**

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र जावेद का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक ना होने के कारण मैंने जावेद को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद जावेद के किसी भी लेनदेन व अनैतिक कार्य की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**इमदाद पुत्र अल्लाबन्दा नि. मौहल्ला लोधा मंडी ज्वालापुर, कोतवाली ज्वालापुर, हरिद्वार।**

## चांद दिखाई देने के बाद मेहंदी डोरी की रस्म से होगा उर्स का आगाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** विश्व प्रसिद्ध दरगाह हजरत मखदूम अलाउद्दीन अली अहमद साबिर पाक का सालाना उर्स/मेला चांद दिखाई देने पर 24 अगस्त से मेंहदी डोरी की रस्म के साथ शुरू हो जाएगा। उर्स/मेले में देश विदेश से लाखों जायरीन पिरान कलियर पहुंचते है। जिसको लेकर पुलिस/प्रशासन पहले से ही तैयारियों में जुट जाता है। एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल ने उर्स/मेले में इंस्पेक्टर गोविंद कुमार को मेला कोतवाली प्रभारी नियुक्त किया है। उर्स मेले में आने वाले जायरीनों की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इंस्पेक्टर गोविंद कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

# कलियर में आज फिर चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** दरगाह साबिर पाक के 757 वें सालाना उर्स की तैयारियो को लेकर अतिक्रमण दूसरे दिन भी रहा। नगर पंचायत तहसील प्रशासन की टीम ने मंगलवार को भी मेला क्षेत्र से अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। साबिर पाक के सालाना उर्स के मद्देनजर तहसील प्रशासन और नगर पंचायत की टीम ने नायब तहसीदार धनीराम सैनी और ईओ कुलदीप सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिसबल के साथ दूसरे दिन सोहलपुर रोड ,टँकी चौक, दरगाह ईमाम साहब,अब्दाल साहब ,वीआईपी रोड सहित अन्य जगहों से जेसीबी अतिक्रमण हटाया है। इस दौरान कुछ अस्थाई दुकानदारों का सामान भी जब्त किया।अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान कई जगहो पर से दुकानदारों ने स्वयं ही अपनी अपनी दुकानों को हटा लिया। वही टीम को अतिक्रमण हटाने के दौरान नोकझोंक का सामना भी करना पड़ा है। नायब तहसीदार धनीराम सैनी और ईओ कुलदीप सिंह चौहान ने बताया कि ज्वांइट मजिस्ट्रेट के निर्देश पर साबिर पाक के सालाना उर्स के मद्देनजर क्षेत्र से अभियान चलाकर अवैध अतिक्रमण हटवाया जा रहा हैं। जो अतिक्रमण रह गया था उसे दूसरे दिन फिर से हटाया गया है। और कुछ को स्वयं अतिक्रमण हटाने की चेतवानी दी गई है।अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### भगवानपुर तहसील दिवस में एसडीएम ने सुनी जन समस्याएं

# 18 शिकायत में से चार का मौके पर निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

भगवानपुर। तहसील दिवस भगवानपुर में उप जिलाधिकारी देवेंद्र सिंह नेगी जी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें मौके पर 18 शिकायत दर्ज हुई तथा चार का निस्तारण कर दिया गया शेष 14 शिकायतें जिसमें चकबंदी विभाग की पैमाइश एवं चकमार्ग तथा पानी की निकासी अतिक्रमण से संबंधित वरिष्ठ नागरिकभरण पोषण से संबंधित आपदा के अंतर्गत फसल का मुआवजा तहसील से संबंधित भूमि की पैमाइश आदि प्रार्थना पत्र दिए गए हैं जो कि संबंधित विभागों को दिए जा रहे हैं तथा उपस्थित विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को मौके पर प्रार्थना पत्र एक सप्ताह के अंतर्गत निस्तारण हेतु आदेशित किया गया है तथा पूर्व से लंबित चल रहे प्रार्थना पत्रों के संबंध में भी एक सप्ताह के अंतर्गत ही निस्तारण हेतु प्रदर्शित किया गया है ऐसा न करने पर संबंधित विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कारण बताओ नौकरी जारी किया जाएगातथा अनुपस्थित पाए गए विभागों के खिलाफ अलग से महोदय के हस्ताक्षर के द्वारा स्पष्टीकरण कारण बताओं नोटिस जारी किए जा रहे हैं तहसील दिवस में नायब तहसीलदार अनिल गुप्ताखंड विकास अधिकारी श्री



आलोक जी सहायक समाज कल्याण अधिकारी विवेक सैनी, सहायक जिला सहायक पूर्ति अधिकारी श्रीमती पूनम सैनी यूपीसीएल के उपखंड अधिकारी शिक्षा विभाग से सहायक शिक्षा अधिकारी बाल विकास विभाग के अधिकारी पेजल योजना के अधिकारी सचिन कुमार नलकूप खंड के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# बीएसएम इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने निकाली फिटनेस रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बीएसएम इंटर कॉलेज, रुड़की के एनसीसी कैडेट्स ने फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज कैंपेन के अंतर्गत एक साईकिल रैली का आयोजन किया जिसके द्वारा एनसीसी कैडेट्स ने लोगों को अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए नियमित रूप से व्यायाम करने के लिए जागरूक किया। रैली विद्यालय प्रांगण से शुरू होकर गणेशपुर पुल गंग नहर से होते हुए सिविल लाइन, नेहरू स्टेडियम होते हुए विद्यालय में संपन्न हुई । इससे पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक ने विद्यालय के वरिष्ठ स्कंध व कनिष्ठ स्कंध कैडेट्स द्वारा आयोजित की जा रही साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कैडेट्स को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास हो सकता है, एनसीसी कैडेट्स को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना चाहिए और नियमित रूप से व्यायाम करना चाहिए। उन्होंने कैडेट्स को अपना आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के कनिष्ठ स्कंध एनसीसी अधिकारी कमल मिश्रा ने एनसीसी कैडेट को अपने स्वास्थ्य के प्रति



जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया उन्होंने कहा जब हम स्वस्थ होंगे तभी हम अपने कार्य के प्रति सजग होंगे उन्होंने एनसीसी कैडेट्स को अपना आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। रैली में एनसीसी के 100 कैडेट्स द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें आर्यन गौतम, शुभम कुमार, निखिल कुमार हिमांशु आदि कैडेट उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### रबाडा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर

**केर्न्स, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका 19 अगस्त से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही वनडे सीरीज में तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा के बिना खेलेगा। यह तेज गेंदबाज अपने दाहिने टखने में सूजन के कारण बाहर है। बताया जा रहा है कि 30 वर्षीय रबाडा का सोमवार (18 अगस्त) को स्कैन हुआ था, जिसमें चोट की गंभीरता की पुष्टि हुई है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने कहा है कि वह अब ऑस्ट्रेलिया में ही रहेंगे और राष्ट्रीय टीम के मेडिकल स्टाफ की देखरेख में रिहैबिलिटेशन से गुजरेंगे। केर्न्स में होने वाले पहले मैच के लिए, दक्षिण अफ्रीका ने लुंगी एनगिडी, नांद्रे बर्गर और वियान मुल्डर की तेज गेंदबाजी तिकड़ी को चुना है। अगले दो मैच 22 और 24 अगस्त को मैके में खेले जाएंगे।

### ऑस्ट्रेलिया पर भारी पड़ा केशव का पंजा

**केर्न्स, वार्ता।** लेफ्ट आर्म स्पिनर केशव महराज (33 रन पर पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी से दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को पहले वनडे में मंगलवार को 98 रन से रौंदकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में आठ विकेट पर 296 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की टीम 40-5 ओवर में 198 रन पर सिमट गयी। करियर में पहली बार वनडे में पांच विकेट लेने वाले केशव को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। इससे पहले महराज का करियर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 33 रन पर चार विकेट था। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से कप्तान ने 96 गेंदों में 10 चौकों की मदद से सर्वाधिक 88 रन बनाये। बेन ड्वारश्विस ने 33 और हेड ने 27 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया की टीम 60

# एशिया कप के लिए भारतीय टीम घोषित

## सूर्यकुमार यादव कप्तान, शुभमन गिल उपकप्तान, जायसवाल-सुंदर रिजर्व प्लेयर, टूर्नामेंट 9 सितम्बर से शुरू



**मुंबई, वार्ता।** एशिया कप 2025 के लिए भारत के 15 सदस्यीय दल में शुभमन गिल को मौका दिया गया है। साथ ही वह टीम के उपकप्तान भी बनाए गए हैं। मुंबई के बीसीसीआई हेडक्वार्टर में चयन समिति की बैठक के बाद एशिया कप के लिए मंगलवार को टीम का ऐलान कर दिया गया। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम में संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा को भी मौका दिया गया है लेकिन गिल को उपकप्तान बनाए जाने के बाद, इस बात की उम्मीद की जा सकती है, वह पारी की शुरुआत कर सकते हैं। इस बात की उम्मीद थी कि भारत यशस्वी जायसवाल या श्रेयस अय्यर को मौका दे सकता है लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जितेश शर्मा को दूसरे विकेटकीपर के तौर पर टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने आरसीबी के लिए हालिया आईपीएल में काफी कमाल की बल्लेबाजी की थी। इसके अलावा तेज गेंदबाजी विभाग में हर्षित राणा को मौका दिया गया है। अगर मध्य और निचले क्रम में बल्लेबाजी के विकल्प के बारे में बात की जाए तो दल में सूर्यकुमार, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह और जितेश शर्मा हैं। अगर भारत गिल और अभिषेक से पारी की शुरुआत करता है तो जितेश को पहली पसंद विकेटकीपर के तौर पर उतारा जा सकता है। टीम में तीन ऑलराउंडर है, जिसमें अक्षर पटेल, हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे का नाम शामिल हैं। गेंदबाजी के विशेषज्ञ विकल्प के रूप में जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती और हर्षित राणा हैं। गिल की वापसी के संदर्भ में कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप के बाद उन्होंने (शुभमन गिल) टीम की अगुवाई की थी। जब हम श्रीलंका गए तब वह उपकप्तान थे। इसके बाद हम टेस्ट क्रिकेट में व्यस्त हो गए लेकिन उनकी वापसी हमारे लिए अच्छी है। पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप के बाद यह बड़ी सीरीज है और यह खुद को जांचने का अच्छा मौका है। शुभमन गिल भारत की टी-20 टीम में वापस आ गए हैं और सीधे नेतृत्व की भूमिका में आ गए हैं। 25 वर्षीय इस सलामी बल्लेबाज को एशिया कप 2025 के लिए उप-कप्तान नियुक्त किया गया है। इंग्लैंड के खिलाफ एशिया कप में पिछला मैच न खेलने के बाद यह उनकी वापसी है। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम में वह अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन के साथ तीन प्रमुख सलामी बल्लेबाजों के रूप में शामिल हो गए हैं। यशस्वी जायसवाल या श्रेयस अय्यर के लिए कोई जगह नहीं है, लेकिन जितेश शर्मा दूसरे विकेटकीपर के रूप में शामिल हो गए हैं। सैमसन और अभिषेक द्वारा बांग्लादेश, दक्षिण अप्रफीका और इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखलाओं में प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद गिल की जगह इस प्रारूप में संदिग्ध थी। लेकिन गुजरात टाइटन्स के कप्तान ने आईपीएल 2025 में 155-87 के स्ट्राइक रेट से 650 रन बनाए।







# पाक हॉकी एशिया कप से हटा

● **ओमान ने भी नाम वापसी लिया, बांग्लादेश व कजाकिस्तान को मौका**

**नई दिल्ली, वार्ता।** पाकिस्तान 29 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट से अधिकृत रूप से हट गया है। इतना ही नहीं, ओमान ने भी अपना नाम वापस ले लिया है। ऐसे में बांग्लादेश और कजाकिस्तान को मौका दिया गया है।

हॉकी इंडिया के एक सूत्र ने बताया कि मंगलवार सुबह पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन ने भारत आने से अधिकृत तौर पर इनकार कर दिया है। ओमान की टीम भी हट गई है। ऐसे में बांग्लादेश और कजाकिस्तान को ड्रा में शामिल कर दिया। इससे पहले मीडिया रिपोर्ट में पाकिस्तान के इस टूर्नामेंट से हटने की बातें कही जा रही थीं। एक महीने पहले पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन ने सुरक्षा कारणों का हवाला दिया था।

हालांकि भारत सरकार ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों को वीजा दिया था। एशिया कप जीतने वाली टीम को वर्ल्ड कप का टिकट एशिया कप से हटने के साथ ही पाकिस्तान ने वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई करने का एक मौका गंवा दिया है। दरअसल, एशिया कप जीतने वाली टीम को वर्ल्ड कप का टिकट मिलता है। हॉकी का अगला वर्ल्ड कप 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड में खेला जाएगा। एशिया कप जीतने वाली टीम वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई करेगी, जो कि 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड में खेला जाएगा।

### पीसीबी ने बाबर आजम-रिजवान को कैटेगरी-ए से बी में डाला

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तानी सितारों अबरार अहमद, हारिस रऊफ, सैम अयूब, सलमान अली आगा और शादाब खान को पिछले 12 महीनों में उनके प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया है और उन्हें 2025/26 के लिए टीम की केंद्रीय अनुबंध सूची में पदोन्नति मिली है। इन सभी खिलाड़ियों ने पिछले एक साल में शानदार प्रदर्शन किया और पाकिस्तान द्वारा आज जारी की गई नवीनतम अनुबंध सूची में श्रेणी बी में पदोन्नति हासिल की। 1 जुलाई 2025 से शुरू होने वाले वर्ष के लिए कुल 30 खिलाड़ियों को केंद्रीय अनुबंध प्राप्त हुए हैं, जिनमें से कुल 10 खिलाड़ी श्रेणी बी में सूचीबद्ध हैं।

# अल्काराज-इगा ने जीता सिनसिनाटी ओपन

● **कार्लोस अल्काराज ने जैनिक सिनर के सिर्फ पांच गेम खेलने के बाद रिटायर होने से खिताब जीता**

● **इगा स्वियाटेक ने महिला एकल के फाइनल में इटली की जैस्मीन को 7-5, 6-4 से हराया**

**सिनसिनाटी, वार्ता।** कार्लोस अल्काराज को 2025 सिनसिनाटी ओपन चैंपियन का ताज पहनाया गया, जब जैनिक सिनर को फाइनल में रिटायर होना पड़ा, क्योंकि वे सिर्फ पांच गेम के बाद 5-0 से पिछड़ रहे थे।

कार्लोस अल्काराज ने सोमवार (18 अगस्त) को जैनिक सिनर के सिर्फ पांच गेम खेलने के बाद रिटायर होने से 2025 सिनसिनाटी ओपन का खिताब जीत लिया। अंतिम स्कोर 5-0 रहा। सीजन का उनका चौथा फाइनल मुकाबला, यह मैच जल्द ही पलट गया। 2025 सीजन के चौथे फाइनल मुकाबले की शुरुआत अच्छी रही क्योंकि आमतौर पर स्थिर रहने वाले सिनर ने अपना पहला सर्विस गेम लव पर गंवा दिया। अल्काराज ने लगातार चार और गेम जीते, इससे पहले कि इतालवी खिलाड़ी ने चेंजओवर के दौरान ट्रेनर को बुलाया। कुछ ही मिनटों बाद, दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी मैच से रिटायर हो गए। दोनों खिलाड़ी - जो अपनी प्रतिद्वंद्विता का आनंद ले रहे थे - आपस में लिपट गए, अल्काराज ने अपने प्रतिद्वंद्वी के गले में हाथ डाला और सिनर के स्वास्थ्य को लेकर लचतित दिखे। सिनर ने ट्रॉफी समारोह के दौरान दर्शकों से माफी मांगी। उन्होंने कहा कि आपको निराश करने के लिए मुझे बहुत, बहुत दुख है। कल से, मैं अच्छा महसूस नहीं कर रहा था। मुझे लगा था कि रात में मैं बेहतर हो जाऊंगा, लेकिन हालत और बिगड़ गई। मैंने वापसी की कोशिश की, इसे कम से कम एक छोटा मैच बनाने की कोशिश की, लेकिन मैं इससे ज्यादा नहीं झेल सका। अल्काराज और सिनर दोनों को यूएस ओपन मिक्स्ड डबल्स चैंपियनशिप में खेलना है।

**विश्व की** दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने महिला एकल फाइनल में इटली की जैस्मीन पाओलिनी को 7-5, 6-4 से हराकर अपना पहला सिनसिनाटी ओपन खिताब जीता। इगा स्वियाटेक ने सोमवार (18 अगस्त) को जैस्मीन पाओलिनी को 7-5, 6-4 से हराकर अपना पहला सिनसिनाटी ओपन खिताब जीता। एक घंटे 49 मिनट के कठिन टेनिस में, स्वियाटेक - टूर्नामेंट में एकल में जीत हासिल करने वाली पहली पोलिश खिलाड़ी - ने पहली बार फाइनल में पहुंचने वाली पाओलिनी के खिलाफ छठी बार जीत हासिल की। उन्होंने इतालवी खिलाड़ी के खिलाफ केवल एक सेट गंवाया है। यह जीत उनके पहले से ही शानदार करियर में एक और मील का पत्थर साबित हुई। यह स्वियाटेक का इस टूर पर 24वां और 1000 लेवल के स्तर पर 11वां खिताब था। छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने चैंपियनशिप तक पहुंचने के दौरान एक भी सेट नहीं गंवाया। लवबलडन में जीत के बाद सिनसिनाटी स्वियाटेक का इस सीजन का दूसरा खिताब था। वह यूएस ओपन में नंबर 2 सीड एकल के रूप में भाग ले रही हैं और नए रूप से तैयार किए गए मिश्रित युगल में उनकी जोड़ी कैस्पर रूड के साथ है।

# विश्व कप टीम में शेफाली को जगह नहीं





● **प्रतिका रावल ओपनर के तौर पर भारतीय टीम की पहली पसंद बनी हुई है, रेणुका सिंह ने 15 सदस्यीय दल में वापसी की**

**मुंबई, वार्ता।** महिला वनडे विश्व कप के लिए भारतीय टीम में शेफाली वर्मा को मौका नहीं दिया गया है। प्रतिका रावल ओपनर के तौर पर भारतीय टीम की पहली पसंद बनी हुई हैं, जिन्होंने हालिया समय में भारत के लिए वनडे मैचों में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था।

बीसीसीआई के मुंबई हेडक्वार्टर में विश्व कप और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है।

मध्य प्रदेश की युवा तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ को भी टीम में शामिल किया गया है। साथ ही रेणुका सिंह ने 15 सदस्यीय दल में वापसी की है। 30 सितंबर से शुरू हो रहे महिला वनडे वर्ल्ड कप का पहला मैच भारत और श्रीलंका के बीच 30 सितंबर को होगा। कुल आठ टीमों वाले इस टूर्नामेंट में नॉकआउट स्टेज से पहले हर टीम हर दूसरी टीम के खिलाफ खेलते हुए कुल सात मैच खेलेगी। भारत और पाकिस्तान का मुकाबला 5 अक्टूबर को कोलंबो में खेला जाएगा। टूर्नामेंट का फाइनल 2 नवंबर को खेला जाएगा।

### विश्व कप के लिए भारतीय टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), प्रतीका रावल, हरलीन देओल, जेमिमाह रॉड्रिग्स , ऋचा घोष (विकेटकीपर), यस्तिका भाटिया (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, अमनजोत कौर, राधा यादव, स्नेह राणा, एन श्री चरणी, रेणुका सिंह,अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़

**वर्ल्ड कप में भारत के मुकाबले**

बनाम श्रीलंका – 30 सितंबर 2025

बनाम पाकिस्तान – 5 अक्टूबर

बनाम दक्षिण अफ्रीका– 9 अक्टूबर

बनाम ऑस्ट्रेलिया – 12 अक्टूबर

बनाम इंग्लैंड – 19 अक्टूबर 2025

बनाम न्यूजीलैंड – 23 अक्टूबर

बनाम बांग्लादेश – 26 अक्टूबर

# फाइनल में जगह बनाने के लिए ईस्ट बंगाल का मुकाबला डेब्यूटेंट डायमंड हार्बर एफसी से

**कोलकाता, वार्ता।** 134वें इंडियनऑयल डूरंड कप का सेमीफाइनल चरण कोलकाता में रोमांचक मोड़ पर है, जहां एक बदली हुई और आत्मविश्वास से भरी ईस्ट बंगाल टीम बुधवार को सेमीफाइनल में टूर्नामेंट डेब्यूटेंट डायमंड हार्बर एफसी से भिड़ेगी। यह मुकाबला शाम 7 बजे कोलकाता के प्रसिद्ध विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन (सॉल्ट लेक स्टेडियम) में खेला जाएगा।

ईस्ट बंगाल ने क्वार्टरफाइनल में चिरप्रतिद्वंद्वी मोहन बागान को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई, जबकि डायमंड हार्बर एफसी ने आईएसएल क्लब जमशेदपुर एफसी को 2-0 से हराकर सबको चौंका दिया। हेड कोच ऑस्कर ब्रुजोन की अगुआई में ईस्ट बंगाल ने हालिया वर्षों की कमजोरियों को पीछे छोड़ दिया है। कोच बनने के बाद पहली बार उन्होंने मोहन बागान के खिलाफ डर्बी जीत दर्ज की, जिससे टीम का आत्मविश्वास चरम पर है। ब्रुजोन ने मैच से पहले कहा कि डायमंड हार्बर एक बेखौफ टीम है। वे डेब्यूटेंट हैं लेकिन उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में जुझारूपन दिखाया है। इस तरह की टीमों को हल्के में लेना भारी पड़ सकता है। हमने डर्बी में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन अब वो इतिहास हो चुका है। हमें उसी ऊर्जा और फोकस के साथ इस सेमीफाइनल में उतरना होगा। ईस्ट बंगाल ने ग्रुप स्टेज में साउथ यूनाइटेड एफसी को 5-0, नमधारी एफसी को 1-0 और इंडियन एयर फोर्स को 6-1 से हराकर शानदार शुरुआत की थी। मोहन बागान के खिलाफ डर्बी में दिमित्रियोस डाइमंटाकोस दो गोल दागकर हीरो बन गए।

# जूनियर विश्व नंबर-1 तन्वी शर्मा, भार्गव राम विश्व तेज भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे

● **सुहांदिनाता कप के लिए मिश्रित टीम चैंपियनशिप 6-11 अक्टूबर तक खेली जाएगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** विश्व की नंबर 1 जूनियर बालिका एकल खिलाड़ी तन्वी शर्मा, भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू की बालक युगल जोड़ी, एशियाई जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता वेन्नाला कलागोटला और अनुभवी उन्नति हुड्डा, 6-19 अक्टूबर, 2025 तक गुवाहाटी के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में आयोजित होने वाली बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2025 में 25 सदस्यीय मजबूत भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे।

सुहांदिनाता कप के लिए मिश्रित टीम चैंपियनशिप 6-11 अक्टूबर तक खेली जाएगी, जबकि व्यक्तिगत स्पर्धाएँ 13-19 अक्टूबर तक होंगी। भारतीय बैडलमटन संघ के सचिव संजय मिश्रा ने कहा कि हम बेहद उत्साहित हैं कि भारत अपने घरेलू मैदान पर विश्व जूनियर चैंपियनशिप के लिए अपनी सबसे मजबूत टीमों में से एक उतारेगा। हमारी टीम में दो विश्व जूनियर नंबर 1 खिलाड़ी और कुछ ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने सीनियर सर्किट में अपनी छाप छोड़ी है, और मुझे पूरा विश्वास है कि इस बार हम भारतीय खिलाड़ियों को पोडियम पर देखेंगे। भारत ने पिछली बार 2008 में बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप की मेजबानी की थी, जब साइना नेहवाल स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय शटलर बनी थीं, जबकि आरएमवी गुरु साई दत्त ने लड़कों के एकल वर्ग में कांस्य पदक जीता था। भारत ने अब तक इस प्रतियोगिता में चार रजत और छह कांस्य सहित 11 पदक जीते हैं, और 2025 संस्करण के लिए चुनी गई टीम में इस संख्या को बढ़ाने के लिए पर्याप्त गहराई है। चैंपियनशिप के लिए अंतिम टीम का चयन एक गहन ट्रायल के बाद किया गया, जिसमें एशियाई जूनियर चैंपियनशिप टीम के सभी सदस्य, विश्व जूनियर शीर्ष 20 में स्थान पाने वाले खिलाड़ी, बाई एकल शीर्ष 8, बाई युगल शीर्ष 4 जोड़ियां और बीडब्ल्यूएफ सीनियर शीर्ष 50 में स्थान पाने वाले जूनियर खिलाड़ी शामिल थे। दो- चरणीय राउंड-रॉबिन प्रारूप ने सुनिश्चित किया कि सबसे प्रतिस्पर्धी लाइन-अप का चयन किया जाए। एशियाई जूनियर चैंपियनशिप की बालिका एकल कांस्य पदक विजेता तन्वी और वेन्नाला को सीधे टीम में चुना गया। प्रतियोगिता के नियमों के अनुसार, टीम से 10 लड़के और 10 लड़कियों का चयन मिश्रित टीम चैंपियनशिप में खेलने के लिए किया जाएगा। गुवाहाटी में चैंपियनशिप की मेजबानी के साथ, भारतीय खिलाड़ियों को उत्साही घरेलू दर्शकों का भी लाभ मिलेगा।

# ओम पवार और संदीप जैन ने पहले यूपीए इंडिपेंडेंस कप पिकलबॉल टूर्नामेंट में मारी बाजी

**नोएडा, वार्ता।** यूनिवर्सल पिकलबॉल एसोसिएशन (यूपीए) द्वारा आयोजित पहले यूपीए इंडिपेंडेंस कप पिकलबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन नोएडा के सेक्टर 121 स्थित हाल ही में लॉन्च हुए स्पोर्ट्स वेन्यू 'पिकलब्ले' पर किया गया।

टूर्नामेंट में 100 से अधिक खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अंडर-14 से 60+ आयु वर्ग तक कुल 11 अलग-अलग श्रेणियों में 150 मुकाबले खेले गए। हर श्रेणी के विजेताओं को 6,000 रुपये प्रति वर्ग की नकद राशि सहित कुल 66,000 रुपये के आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी की नोएडा इकाई के अध्यक्ष महेश चौहान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने पिकलबॉल को पहली बार खेलने का अनुभव साझा किया और कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार इस खेल को बढ़ावा देने हेतु हर संभव सहायता करेगी, ताकि यह फिटनेस गतिविधि के रूप में आम जन तक पहुंचे, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन से जुड़ा हुआ है। महेश चौहान ने कार्यक्रम में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि मैं यूनिवर्सल पिकलबॉल एसोसिएशन के आमंत्रण पर यहां आया। पहले मुझे इस खेल के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी, लेकिन जब हमारे एक कार्यकर्ता ने इसके बारे में बताया, तो मुझे रुचि हुई। मुझे देखकर खुशी हुई कि बीते 3-4 वर्षों में यह खेल उत्तर प्रदेश में तेजी से लोकप्रिय हुआ है।

# मनु के कांस्य के बाद रश्मिका को स्वर्ण पदक

● **मनु ने महिलाओं की 10 मी. एयर पिस्टल के फाइनल में 219.7 अंक हासिल कर तीसरा स्थान पाया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** कज़ाकिस्तान के श्यामकेंट में चल रही 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप राइफल/पिस्टल/ शॉटगन के दूसरे दिन, दो बार की ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मनु भाकर ने अपने करियर की अद्भुत निरंतरता का प्रदर्शन करते हुए, एक और व्यक्तिगत अंतर्राष्ट्रीय पदक हासिल किया।

रश्मिका सहगल ने स्वर्ण पदक जीता, जो प्रतियोगिता में भारत का तीसरा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक था। मनु ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में 219.7 अंक हासिल कर तीसरा स्थान हासिल किया। इसके बाद, रश्मिका ने आत्मविश्वास से भरे प्रदर्शन के साथ जूनियर महिला एयर पिस्टल का खिताब जीता - उनका स्कोर 241.9 रहा, जो रजत पदक विजेता कोरियाई हान सेउंगह्यून से 4.3 अंक अधिक था। वास्तव में, रश्मिका (क्वालीफिकेशन स्कोर 582) के लिए यह दोहरी खुशी की बात थी, क्योंकि उन्होंने वंशिका चौधरी (573) और मोहिनी सिंह (565) के साथ मिलकर इस स्पर्धा में टीम स्वर्ण पदक जीता। मनु (583) ने मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन पलक (573) और सुरुचि फोगाट (574) के साथ महिला एयर पिस्टल में टीम कांस्य पदक भी जीता, दोनों क्रमशः तीन और दो अंकों से व्यक्तिगत फाइनल में जगह बनाने से चूक गईं। फाइनल में, मनु पहली पांच-शॉट सीरीज के बाद पांचवें और दूसरी के बाद चौथे स्थान पर थीं, लेकिन 11वें सिंगल शॉट में 10-5 का स्कोर बनाकर वह चीन की अंतिम विजेता मा कियानके के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गईं। इसके बाद, जब मा मैदान पर नहीं थीं, तो कोरियाई 25 मीटर पिस्टल ओलंपिक चैंपियन यांग जिन, अनुभवी ईरानी हनीयेह रोस्तमियान और मनु के बीच छोटे स्थानों के लिए कड़ी टक्कर देखने को मिली।

हालांकि, भारतीय खिलाड़ी ने जरूरी समय पर बड़े शॉट लगाए और उन्हें कांस्य पदक से ही संतोष करना पड़ा,जहां हनीयेह चौथे स्थान पर रहीं। जूनियर महिला फाइनल में, रश्मिका कोरिया की हान के साथ शुरू से ही वर्चस्व की लड़ाई में शामिल थीं। हालांकि, 13वें सिंगल शॉट के बाद वह पहली बार उससे आगे निकल गईं और उसके बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। 15वें शॉट में 10-9 का स्कोर सोने पर सुहागा था। सोमवार से भारत ने सीनियर पुरुष और महिला दोनों वर्गों में 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं में एक व्यक्तिगत कांस्य, एक टीम रजत और एक टीम कांस्य पदक जीता है। उन्होंने इस स्पर्धा में व्यक्तिगत जूनियर स्वर्ण पदक भी जीते हैं, जिसमें सोमवार को कपिल बैंसला ने पहला स्थान हासिल किया, और मंगलवार को रश्मिका सहगल ने दूसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा, जहां कपिल ने इस स्पर्धा में टीम रजत पदक जीता, वहीं रश्मिका ने महिला जूनियर टीम प्रतियोगिता में अपनी साथी वंशिका और मोहिनी की मदद से स्वर्णिम डबल पूरा करने में सफलता प्राप्त की। जोनाथन गेविन एंटनी ने भी जूनियर पुरुष एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीता, जबकि गिरीश गुप्ता ने युवा पुरुष एयर पिस्टल में स्वर्ण और देव प्रताप ने युवा पुरुष वर्ग में कांस्य पदक जीता।



शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 20 अगस्त 2025

# कांग्रेस का ग्राफ बढ़ेगा

वोटों की चोरी जैसे गंभीर मुद्दे को लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की वोटर अधिकार तेजी से जारी है, हाल के वर्षों में राहुल की ये तीसरी यात्रा है। इससे पहले उन्होंने भारत जोड़ो और न्याय यात्रा निकाली थी। इस यात्रा से लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का ग्राफ बढ़ा था। उसकी सीटें बढ़ीं और अब एक बार फिर कांग्रेस इस उम्मीद में है कि वोट अधिकार यात्रा से बिहार में उसकी स्थिति बदलेगी। भारत जोड़ो यात्रा, न्याय यात्रा और अब वोट अधिकार यात्रा, ये वो यात्राएं हैं जिसमें दो कांग्रेस सांसद राहुल गांधी निकाल चुके हैं और एक निकाल रहे हैं। भारत जोड़ो और न्याय यात्रा को राहुल ने लोकसभा चुनाव से पहले निकाला था, तो वोट अधिकार यात्रा को बिहार चुनाव से पहले निकाल रहे हैं। कांग्रेस ने यात्रा के प्रयोग को लोकसभा चुनाव में हिट माना था, जिसके बाद इसे बिहार विधानसभा चुनाव में इस्तेमाल करने का फैसला किया गया। लोकसभा चुनाव को देखें, तो राहुल गांधी ने जिन सीटों से अपनी यात्रा के दौरान गुजरे उनमें से 41 सीटों पर कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल जीतने में कामयाब रहे। भारत जोड़ो यात्रा ने 71 सीटों को कवर किया था, जबकि न्याय यात्रा 82 सीटों से होकर गुजरी थी। यानी कुल 153 सीटों से ये दोनों यात्रा होकर निकली थी, जिसमें से इंडिया गठबंधन को 41 सीटों पर जीत मिली थी। राहुल गांधी की ये यात्रा बिहार में भी थी। सात सीटों पर ये पहुंची थी, इनमें से कांग्रेस ने तीन सीटों पर चुनाव लड़ा और सभी पर जीत हासिल की।वहीं, उसके विपक्षी सहयोगियों ने दो सीटें जीतीं। कुल मिलाकर ये यात्रा बिहार में सफल रही थी। वहीं देशभर में भी इस यात्रा से कांग्रेस की सीटें बढ़ीं। जो पार्टी पिछले दो चुनावों से 50 का आंकड़ा भी नहीं पार कर पा रही थी वो 2024 के चुनाव में इससे काफी आगे निकलने में सफल हुई और यहां तक कि उससे लोकसभा में विपक्ष का नेता चुनने का अधिकार भी मिला। कांग्रेस- आरजेडी के साथ मिलकर इस बार बिहार में सत्ता परिवर्तन का सपना देख रही है। इसको हकीकत में बदलने का मोर्चा खुद राहुल गांधी ने संभाल लिया है। जन-जन को साधने के लिए वह वोट अधिकार यात्रा निकाल रहे हैं। राहुल की इस यात्रा का मकसद जनता को उसके वोट के अधिकार के बारे में बताना है। दरअसल कांग्रेस और राहुल गांधी आरोप लगा रहे हैं कि लोकसभा चुनाव और महाराष्ट्र चुनाव में वोटों की चोरी हुई है। एसआईआर को लेकर भी चुनाव आयोग को वह निशाने पर लिए हुए हैं। वोट चोरी पर सरकार और चुनाव आयोग को घेरने के लिए वोट अधिकार यात्रा 23 जिलों से होकर गुजरेगी। इसकी शुरुआत राहुल ने सासाराम से की, जो दलितों का गढ़ है। बाबू जगजीवन राम और फिर उनकी बेटी मीरा कुमार यहीं से सांसद चुनी जाती रहीं। मुस्लिमों की तरह दलित भी बिहार में कांग्रेस का बड़ा वोट बैंक रहा है। बिहार में दुसाध-पासी वोट के साथ अन्य दलित जातियों का 55 से 65 फीसदी वोट एनडीए के पाले में जाता रहा है, लेकिन 2024 के चुनाव में इसमें गिरावट देखी गई है। राहुल जिन 23 जिलों की 50 विधानसभा सीटों पर जा रहे हैं, 2020 के विधानसभा चुनाव में महागठबंधन ने इनमें से 23 सीटें जीती थीं। कांग्रेस 50 में से 20 सीटों पर लड़ी थी जिसमें से 8 सीटों पर जीत मिली थी। यह दशकों में बिहार में कांग्रेस का पहला बड़ा जमीनी स्तर का आंदोलन है जहां लालू प्रसाद यादव और नीतीश कुमार जैसे क्षेत्रीय नेताओं के उभरने के साथ इसका राजनीतिक प्रभाव लगातार कम होता गया। 2020 में बिहार में 3 चरणों में वोटिंग हुई थी। 243 सीटों वाली विधानसभा में बीजेपी को 74, जेडीयू को 43, आरजेडी को 75, कांग्रेस को 19, सीपीआइ एमएल को 12, एआइएमएम को 5, सीपीआई को 2, सीपीएम को 2, बसपा को 1, हम को 4, लोकजनशक्ति पार्टी को 1, विकासशील इंसान पार्टी को 4 सीटों पर मिली थी। राहुल की कोशिश 2020 के आंकड़े को बदलने की है। यही नहीं वह इस बार कांग्रेस के लिए ज्यादा से ज्यादा सीटों पर उम्मीदवारों का भी प्रयास करेंगे।

## राहुल गांधी को देश का अगला प्रधानमंत्री बनाएंगे



आने वाले लोकसभा के चुनाव में महागठबंधन की मजबूत सरकार और राहुल गांधी को देश का अगला प्रधानमंत्री बनाएंगे, भाजपा के लोग चुनाव आयोग के साथ मिलकर गरीबों का वोट छीनने की कोशिश कर रहे हैं, लोकसभा में जीवित सदस्यों को अब मृत घोषित कर दिया गया है, यह सब एक साजिश का हिस्सा लगता है, उन्हें लगता है कि बिहार को आसानी से चूना लगा देंगे, लेकिन मोदी जी यह नहीं जानते कि हम बिहारी हैं, हमारा बिहार सब पर भारी है, हम लोग चूना में खैनी में मिलाकर रगड़ दिया करते हैं, चाहे कोई भी जाति, वर्ग या धर्म से हो, हम नया बिहार बनाएंगे, सबको साथ लेकर आगे बढ़ेंगे। -**तेजस्वी यादव, वरिष्ठ राजद नेता**

# मच्छर बन रहा सर्वाधिक मौत का कारण





**श्वेता गोयल**

मच्छर पूरी दुनिया में बीमारियों के सबसे बड़े वाहक होते हैं, जिनके काटने से डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया, जीका वायरस इत्यादि जानलेवा बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। डेंगू और मलेरिया इन सभी में सबसे ज्यादा खतरनाक हैं, जो कई मामलों में जानलेवा साबित होते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2010 में मच्छरों के काटने के कारण अफ्रीका में सर्वाधिक मौतें हुई थी। दुनिया के कई हिस्सों में मच्छरों के काटने से होने वाली मौतें आज भी गंभीर चिंता का कारण हैं, इसीलिए मच्छरों से होने वाली बीमारियों के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने और बचाव के उपायों के बारे में बताने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 20 अगस्त को एक खास विषय के साथ 'विश्व मच्छर दिवस' मनाया जाता है।

20 अगस्त को ही यह दिवस मनाने का कारण यही है कि 1897 में लिवरपूल स्कूल ऑफ ट्रॉपिकल मेडिसिन के ब्रिटिश डॉक्टर सर रोनाल्ड रॉस ने इसी दिन मादा एनाफिलीज मच्छर की खोज की थी, जिसके काटने से मलेरिया होता है। यह पहली बार था, जब किसी डॉक्टर ने मच्छर और मलेरिया के बीच संबंध स्थापित किया था और उनकी उस खोज ने मलेरिया की रोकथाम और उपचार खोजने में मदद की। मच्छरों द्वारा फैलने वाली बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और मच्छरों के खिलाफ वैश्विक प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए 20 अगस्त 1897 से ही इस दिन की शुरुआत हुई। मलेरिया से जुड़ी महत्वपूर्ण खोज के कारण ही डा। रोनाल्ड रॉस को 1902 में चिकित्सा के क्षेत्र में प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इस वर्ष 'विश्व मच्छर दिवस' का विषय है 'अधिक समतापूर्ण विश्व के लिए मलेरिया के विरुद्ध लड़ाई में तेजी लाना' जो विशेष रूप से कमजोर आबादी के लिए मलेरिया की रोकथाम, निदान और उपचार तक समान पहुंच सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल देता है। यह मलेरिया नियंत्रण में प्रभावी हस्तक्षेपों को बढ़ाने और नवाचार को प्रोत्साहित करने के महत्व पर भी प्रकाश डालता है। मलेरिया सबसे आम लेकिन जानलेवा वेक्टर जनित बीमारी है, जो संक्रमित मच्छर के काटने से होती है, जिसके माध्यम से परजीवी रक्त प्रवाह में प्रवेश करता है। यह ऐसी परजीवी बीमारी है, जो अफीका और दक्षिण एशिया जैसे गर्म और आर्द्र जलवायु वाले उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में अधिक आम है। हालांकि समय पर निदान और उपचार जटिलताओं को रोक सकता है तथा कई लोगों की जान बचा सकता है। जब कोई मच्छर मलेरिया से संक्रमित किसी व्यक्ति को काटता है तो वह मच्छर भी संक्रमित हो जाता है, फिर यह संक्रमित मच्छर अपने काटने से परजीवी को स्वस्थ व्यक्ति में फैला सकता है, जिससे बीमारी फैलती है। बता दें कि सभी मच्छर मलेरिया नहीं फैलाते बल्कि केवल संक्रमित मादा एनाफिलीज ही इसे मनुष्यों में फैलाने में सक्षम होते हैं। मलेरिया एनाफिलीज मच्छर से नहीं होता बल्कि यह मच्छर परजीवी का काम करते हैं। यदि कोई मच्छर आपको काटता है और उसमें मलेरिया है तो परजीवी आपके रक्त प्रवाह में चला जाएगा, जो आपके पूरे शरीर को संक्रमित कर सकता है।

वैसे तो दुनिया में मलेरिया का उपचार मच्छर की खोज से पहले भी था। वैज्ञानिकों ने उससे पहले 'कुनैन' दवा की खोज कर ली थी लेकिन उसकी कमी के कारण हर साल हजारों लोगों की जान जा रही थी। 1897 में मलेरिया के वाहक एनाफिलीज मच्छर की खोज होने के बाद ही मलेरिया से निपटने के लिए वैज्ञानिकों द्वारा कई और महत्वपूर्ण रिसर्च की गई। हालांकि समय के साथ मलेरिया परजीवियों ने आर्टेमिसिनिन और क्लोरोक्वीन सहित आमतौर पर मलेरिया के उपचार में इस्तेमाल की जाने वाली कई दवाओं के प्रति प्रतिरोध विकसित कर लिया है, इसीलिए अब दुनियाभर के कई स्वास्थ्य विशेषज्ञ मलेरिया से लड़ने वाली बेहतर दवाओं की खोज जारी रखे हुए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार मच्छरों से होने वाली बीमारियों के कारण दुनियाभर में हर साल सात लाख से ज्यादा लोगों की मौत हो जाती है।

मच्छरों के काटने से डेंगू, मलेरिया, जीका वायरस, वेस्ट नाइल, पीला बुखार, लिम्फैटिक फाइलेरिया जैसी बीमारियां होती हैं। मच्छर के काटने पर बहुत ज्यादा खुजली और जलन की समस्या होती है। दुनियाभर में हर साल मलेरिया के करीब 29 करोड़ मामले सामने आते हैं और मलेरिया से प्रतिवर्ष चार लाख से ज्यादा लोग मौत के मुंह में समा जाते हैं। हर साल भारत में ही करीब 4 करोड़ लोग मच्छर जनित बीमारियों से प्रभावित होते हैं, जिनमें मलेरिया सबसे आम है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार भारत में मलेरिया के ही प्रतिवर्ष करीब डेढ़ करोड़ मामले सामने आते हैं। दुनिया के 100 से भी ज्यादा देशों में मलेरिया के मामले रिपोर्ट होते हैं। हालांकि विशेषज्ञों के मुताबिक दुनियाभर में मलेरिया के करीब 70 प्रतिशत मामले 11 देशों में ही केंद्रित हैं, जिनमें से एक भारत तथा बाकी अफीकी महाद्वीप के हैं। मलेरिया ऐसी बीमारी है, जो आमतौर पर दुनिया के उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों को प्रभावित करती है। मलेरिया एक गंभीर और कभी-कभी ऐसी घातक बीमारी है, जिसके लक्षणों में उच्च बुखार, ठंड लगना, पसीना, सिरदर्द और शरीर में दर्द शामिल होते हैं।

दुनियाभर में मच्छरों की करीब 3700 प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें से 393 प्रजातियां भारत में हैं। ब्राजील, इंडोनेशिया, मलेशिया और थाईलैंड के बाद भारत पांचवां सर्वाधिक मच्छर विविधता वाला देश है। इनमें से मच्छरों की कुछ प्रजातियां ही रोगवाहक होती हैं। मच्छरों की ऐसी ही कुछ विशेष प्रजातियां विभिन्न बीमारियों के प्रसार का कारण बनती हैं, जिनमें मलेरिया के अलावा डेंगू, चिकनगुनिया, जीका, वेस्ट नाइल वायरस रोग, लिम्फैटिक फाइलेरिया इत्यादि प्रमुख हैं। दुनियाभर में 4 अरब से भी ज्यादा लोग एडीज मच्छर द्वारा फैलने वाले डेंगू के जोखिम वाले क्षेत्रों में रहते हैं। डेंगू बुखार आमतौर पर उष्णकटिबंधीय और उप-उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में अधिक पाया जाता है, जिसके लक्षणों में उच्च बुखार, सिरदर्द, मांसपे. शियों और जोड़ो में दर्द तथा त्वचा पर चकत्ते शामिल हैं। डेंगू बुखार कभी-कभी डेंगू हेमरेजिक फीवर या डेंगू शॉक सिंड्रोम में बदल सकता है, जो जीवन के लिए खतरनाक हो सकता है। चिकनगु. निया के मामले और प्रकोप अमेरिका, अफ्रीका, एशिया, यूरोप तथा हिंद और प्रशांत महासागरों में 100 से भी ज्यादा देशों में सामने आए हैं। चिकनगुनिया भी एडीज मच्छर द्वारा ही फैलता है, जिसके लक्षणों में बुखार, जोड़ो में गंभीर दर्द, और त्वचा पर रैशेज शामिल हैं। चिकनगुनिया का दर्द कई महीनों तक बना रह सकता है, जिससे व्यक्ति की जीवन गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है।

जीका वायरस भी संक्रमित एडीज प्रजाति के मच्छर के काटने से फैलता है। यह वायरस जीका वायरस से संक्रमित व्यक्ति से उसके यौन साथी में शारीरिक संबंधों के जरिए भी फैल सकता है। गर्भवती महिला से उसके गर्भ में पल रहे बच्चे में भी यह वायरस फैल सकता है। गर्भावस्था के दौरान संक्रमण से कुछ जन्म दोष हो सकते हैं। जीका वायरस रोग के मामले और प्रकोप अफ्रीका, अमेरिका, दक्षिणी प्रशांत और पश्चिमी प्रशांत के क्षेत्रों में सामने आते रहे हैं। वेस्ट नाइल वायरस रोग अमेरिका सहित दुनिया के कई स्थानों में पाया जाता है, जो मच्छर जनित बीमारी का प्रमुख कारण है। यह क्यूलेक्स मच्छर के माध्यम से फैलता है, जो कभी-कभी एन्सेफलाइटिस और मेनिंजाइटिस जैसी गंभीर न्यूरोलॉजिकल समस्याएं उत्पन्न कर सकता है। मच्छरजनित बीमारियों से बचने के लिए जरूरी है कि अपने घर के अंदर और आसपास साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नेपाल में लंबे समय तक रहा कोइराला परिवार का वर्चस्व

**शेखर कोइराला के हाल ही ओली सरकार पर जमीन कब्जाने संबंधी बयान से ओली सरकार असहज हुई है। नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर भी कोइराला परिवार का कब्जा रहता था। इस परिवार के सुशील कोइराला नेपाली कांग्रेस के आखिरी अध्यक्ष रहें हैं। इस समय इस पार्टी के अध्यक्ष पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा हैं। नेपाल की राजनीति में चर्चा है कि शेखर कोइराला पार्टी के अध्यक्ष पद को हासिल करने की चाह रखते हैं ताकि नेपाली कांग्रेस पर एक बार फिर कोइराला परिवार का वर्चस्व कायम हो सके।**



**यशोदा श्रीवास्तव**

नेपाल की राजनीति में कभी कोइराला परिवार का दबदबा था। राजा शासन से लेकर लोकतंत्र बहाली तक इस परिवार के चार प्रधानमंत्री हुए। कहना न होगा कि एक ही वंश के चारों प्रधानमंत्रियों का मिजाज भिन्न था और सभी की कार्यशैली भी अलहदा थी।

कोइराला जाति से कान्यकुब्ज ब्राह्मण होते हैं। चूंकि यह परिवार पहाड़ का निवासी है इसलिए इन्हें पहाड़ी ब्राह्मण भी कहा जाता है। राजशाही के जमाने में इस परिवार के पहले प्रधानमंत्री मातृका प्रसाद कोइराला हुए। मातृका प्रसाद 16 नवम्बर 1951 से 14 अगस्त 1952 और फिर 15 जून 1953 से 11 अप्रेल 1955 तक ऐसे समय प्रधानमंत्री रहे जब राजशाही अपने निरंकुशता के चरम पर था। कोइ. राला परिवार के यह पहले ऐसे प्रधानमंत्री थे जो बस नाम के प्रधानमंत्री थे लेकिन उसके बाद जब इनके छोटे भाई वीपी कोइराला प्रधानमंत्री बने तो कहना न होगा, उन्होंने तत्कालीन नरेश महेंद्र के नाक में दम कर दिया। वे मात्र 18 माह ही प्रधानमंत्री रहे लेकिन इनके इस कार्यकाल को लो. कतंत्र की स्थापना काल के रूप में याद किया जाता है। प्रधानमंत्री वीपी कोइराला अपेक्षाकृत लोकतांत्रिक थे। इसीलिए उनकी राजा महेन्द्र से लंबे समय तक टकराव चला। बहुत दलीय लोकतंत्र की लड़ाई में उन्हें 18 महीने जेल में रहना पड़ा। वे कई महीनों तक भूमिगत भी रहे। उन्हें निर्वाशित जीवन भी व्यतीत करना पड़ा। वीपी कोइराला नेपाल के ऐसे प्रधानमंत्री थे जिन्होंने 1960 में ही राजशाही की चूले हिलाकर रख दी थी। उनका जीवन अधिकांशत: जेल,निर्वासन और बीमारियों से जूझते हुए बीता। वीपी को. इराला के बाद इनके छोटे भाई गिरिजा प्रसाद कोइराला प्रधानमंत्री हुए। वे नेपाल के चार बार प्रधानमंत्री थे। उन्होंने राजशाही के वक्त का नेपाल और लोकतान्त्रिक नेपाल दोनों को करीब से देखा।

वे 1991 से लेकर 2008 यानि लोकतंत्र बहाली तक नेपाल के प्रधानमंत्री रहे। वे लंबे समय तक पार्टी के अध्यक्ष भी रहे। गिरिजा प्रसाद कोइराला को नेपाल का महात्मा गांधी भी कहा गया है। वे स्वर्गीय नरेश वीरेंद्र विक्रम शाह के काफी करीब रहे। वे सदैव ही भारत नेपाल के बीच प्रगाढ़ संबंध के हिमायती रहे। गिरिजा प्रसाद कोइराला का भारत से भी नजदीक का संबंध रहा है। स्वर्गीय गिरिजा प्रसाद कोइराला का मिजाज अपने बड़े भाई वीपी कोइराला से भिन्न रहा। लोकतांत्रिक नेपाल का समर्थक होते हुए भी इनका तेवर राजा के प्रति कभी आक्रामक नहीं रहा। नेपाल की राजनीति में गिरिजा प्रसाद कोइराला के शांति स्वभाव के नाते इन्हें लोग प्यार से गिरिजा बाबू भी कहते थे। गिरिजा प्रसाद कोइराला के बाद 2014 में सुशील कोइराला नेपाल के 37 वें और लोकतान्त्रिक नेपाल के छठवें प्रधानमंत्री हुए। सुशील कोइराला गिरिजा प्रसाद कोइराला के बूआ के लड़के थे। इस तरह इन्हें भी कोइराला परिवार के सदस्य के रूप में जाना जाता है। उनकी पहचान वरिष्ठ राजनितिज्ञ और लोकतान्त्रिक योद्धा के रूप में है। वे पार्टी के अध्यक्ष भी थे।प्रधानमंत्री रहते हुए उनके सादगी चर्चा खूब रही। वे सरकारी खजाने का एक भी पैसा अपनी सुविधाओं पर कभी नहीं खर्च किए। नेपाल के लोगों को उस समय घोर आश्चर्य हुआ जब 2015 में नया संविधान लागू होने के बाद हुए आम चुनाव में उन्हें मौजूदा प्रधानमंत्री व एमाले नेता केपी शर्मा ओली से हार जाना पड़ा। चुनाव हारने के कुछ दिन बाद ही फेफड़े के संक्रमण की वजह से उनका निधन हो गया। सुशील कोइराला का मानना था कि नेपाल जैसे गरीब देश में केवल व्यक्तिगत आजादी और राजनीतिक अधिकारों की गारंटी ही पर्याप्त नहीं है। वे कहते थे कि लो. कतांत्रिक समाजवाद ही नेपाल के पिछड़े पन का समाधान है। कोइराला परिवार के अंतिम शख्सियत सुशील कोइराला के बाद इस परिवार मे राजनीतिक शून्यता जा गई है। आज इस परिवार के एक मात्र सदस्य शेखर कोइराला नेपाल की राजनीति में सक्रिय हैं और नेपाली कांग्रेस में अपनी हैसियत बढ़ाने को संघर्षरत भी हैं। शेखर कोइराला पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय गिरिजा प्रसाद कोइराला के चचेरे भाई हैं। शेखर कोइराला वर्तमान में प्रतिनिधि सभा के सदस्य हैं। नेपाल में मौजूदा ओली सरकार नेपाली कांग्रेस के साथ गठबंधन में है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# किसान और व्यापारी का साझा भविष्य: राष्ट्रीय लोकदल की विचारधारा





**रोहित अग्रवाल**

राष्ट्रीय लोकदल को अक्सर केवल किसानों की पार्टी कहा जाता रहा है। अतीत में यह धारणा गहरी रही कि किसानों की राजनीति और व्यापारियों के हित अलग-अलग हैं। लेकिन बदलते समय ने यह साबित किया है कि जब तक व्यापार श्रंखला मजबूत नहीं होगी, तब तक किसानों की उपज को उचित मूल्य नहीं मिल सकता और जब तक किसान समृद्ध नहीं होगा, तब तक व्यापार भी स्थाई और संतुलित नहीं हो सकता। यही कारण है कि राष्ट्रीय लोकदल ने अपनी विचारधारा में किसान और व्यापारी दोनों वर्गों को जोड़कर देखने का संकल्प लिया है।

कृषक और व्यापारी, दोनों देश की आर्थिक धुरी हैं। किसान अनाज, सब्जियां, फल और तमाम कृषि उत्पाद पैदा करता है, लेकिन उनका सही मूल्य तभी संभव है जब मजबूत व्यापारिक श्रंखला उपलब्ध हो। भंडारण, परिवहन, प्रसंस्करण और विपणन जैसी व्यवस्थाएं यदि व्यवस्थित ढंग से होंगी, तभी किसान की उपज अंतर्राष्ट्रीय बाजार तक पहुंचेगी और उसे उसका हक मिलेगा। इसी सोच से राष्ट्रीय लोकदल ने व्यापार प्रकोष्ठ का गठन किया है, जिसका उद्देश्य यही है कि व्यापारी वर्ग की मजबूती से किसानों का भी भविष्य सुरक्षित हो।

यह भी सच है कि पिछले वर्षों में चले चौदह महीने लंबे किसान आंदोलन ने किसानों और भारतीय जनता पार्टी के बीच दूरी का एक वातावरण बनाया था। उस दौर में यह संदेश गया कि भाजपा व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करने वाली पार्टी है और यह भी कि व्यापारी और किसान के हित आपस में मेल नहीं खाते, लेकिन आज परिस्थितियां बदली हैं। राष्ट्रीय लोकदल इस खाई को भरने का काम कर रहा है। हम किसान और व्यापारी दोनों को साथ लेकर समावेशी नीति तैयार कर रहे हैं। भाजपा भी अब किसानों की जरूरतों को समझते हुए अपनी नीतियों में सुधार कर रही है।

संवाद और सहयोग के इस माहौल ने यह सिद्ध कर दिया है कि किसान और व्यापारी, दोनों वर्गों का तालमेल ही देश की प्रगति का आधार है। इस समावेशी दृष्टिकोण के सफल परिणाम आने वाले वर्षों में दिखाई देंगे और किसान की स्थिति निश्चित रूप से बेहतर होगी। आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार देशभर में औद्योगिक कॉरिडोर, एक्सप्रेस-वे और हाईवे का जाल बिछा रही है। इन परियोजनाओं का लाभ केवल उद्योग जगत को ही नहीं मिलेगा, बल्कि किसान की फसल भी अब सीधे बड़े बाजारों और प्रसंस्करण केंद्रों तक पहुंच सकेगी। खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के जरिए किसानों के उत्पाद का मूल्य कई गुना बढ़कर उन्हें मिलेगा। राष्ट्रीय लोकदल मानता है कि यह विकास की दिशा दोनों वर्गों के लिए समान रूप से हितकारी है और इसलिए व्यापार व किसान को एक सेतु से जोड़ने का काम हमारा व्यापार प्रकोष्ठ कर रहा है। राष्ट्रीय लोक. दल, भारतीय जनता पार्टी की उन नीतियों का समर्थन करता है जिनसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) के जरिए भंडारण, बीज, खाद, दवा और कृषि उपकरण गांव-गांव तक पहुंचाने की योजना इसका उदाहरण है। अब किसान को इनपुट सामग्री भी उसके दरवाजे पर उचित दाम पर मिलेगी और उपज का भंडारण भी गांव में ही संभव होगा। इससे किसान को बिचौलियों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा और व्यापारी वर्ग को भी पारदर्शी व्यापार व्यवस्था का अवसर मिलेगा। पुरानी धारणा यह थी कि व्यापारी और किसान एक-दूसरे के हितों के विपरीत खड़े होते हैं, लेकिन राष्ट्रीय लोकदल इस सोच को तोड़ रहा है। हमारी विचारधारा कहती है कि जब व्यापारी को अनुकूल माहौल मिलेगा, व्यापा. रिक संरचना मजबूत होगी, तो वही संरचना किसान के हितों की भी रक्षा करेगी। किसान और व्यापारी एक-दूसरे के पूरक हैं, विरोधी नहीं।

इसी विचार के साथ राष्ट्रीय लोकदल ने किसान और व्यापारी के साझा भविष्य का खाका तैयार किया है। यह तालमेल केवल राजनीतिक गठबंधन नहीं, बल्कि आर्थिक और सामाजिक समरसता की नई राह है। भाजपा की समावेशी नीतियों और राष्ट्रीय लोकदल की किसान-केन्द्रित विचारधारा के बीच यह सामंजस्य देश की प्रगति के लिए आवश्यक है। आज जरूरत है कि किसान और व्यापारी एक-दूसरे का हाथ थामकर आगे बढ़ें। राष्ट्रीय लोकदल इस साझा दृष्टि को लेकर ही काम कर रहा है, जहां किसान की समृद्धि और व्यापारी की प्रगति साथ-साथ चले। यही रास्ता देश की वास्तविक उन्नति की ओर ले जाएगा और यही भारत को विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में निर्णायक कदम साबित होगा।

(लेखक राष्ट्रीय लोक दल व्यापार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, ये उनके निजी विचार हैं)

# भारत-चीन में बातचीत से संबंध मजबूत हुए: डोभाल

## एनएसए ने कहा: दोनों देशों को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिली

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने कहा है कि भारत और चीन के शीर्ष नेतृत्व के बीच पिछले वर्ष हुई बातचीत के बाद से आपसी संबंध मजबूत हुए हैं और इससे दोनों देशों को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिली है। डोभाल ने भारत यात्रा पर आये चीन के विदेश मंत्री वांग ई के साथ मंगलवार को यहां विशिष्ट प्रतिनिधि स्तर की 24वें दौर की बैठक से पहले अपने प्रारंभिक वक्तव्य में वांग और उनके साथ आये शिष्टमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि पिछले नौ महीनों में सीमाओं पर शांति और सौहार्द के कारण संबंध और भी मजबूत हुए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले नौ महीनों में एक सकारात्मक रुझान देखने को मिला है। सीमाएं शांत रही हैं।

शांति और सौहार्द कायम रहा है। हमारे द्विपक्षीय संबंध और भी मजबूत हुए हैं। हम अपने नेताओं के प्रति अत्यंत आभारी हैं, जिन्होंने गत अक्टूबर में कज़ान में एक नई दिशा स्थापित की, और तब से हमें बहुत लाभ हुआ है। जो नया माहौल बना है, उसने हमें उन विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने में मदद की है जिन पर हम काम कर रहे हैं। विशिष्ट प्रतिनिधि स्तर की इस वार्ता के



■ **चीन ने माना पिछले कुछ वर्षों का मुश्किल दौर दोनों देशों के हित में नहीं था**

सफल रहने की उम्मीद जताते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जल्द ही चीन की यात्रा पर जाएंगे और ऐसे में यह वार्ता और भी महत्त्वपूर्ण हो जाती है।

उन्होंने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि पिछली वार्ता की तरह, यह 24वीं विशिष्ट प्रतिनिधि स्तर की वार्ता भी उतनी ही सफल होगी। हमारे प्रधानमंत्री जल्द ही एससीओ शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए चीन जायेंगे और इसलिए, मुझे लगता है कि ये विशिष्ट प्रतिनिधि स्तर की वार्ताएं बहुत महत्वपूर्ण हैं। डोभाल ने दोनों देशों के राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने का भी उल्लेख किया और कहा कि इस पड़ाव पर भारत और चीन के संबंधों में घनिष्ठता आएगी। विदित हो कि भारत यात्रा पर आए वांग ने सोमवार को विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता की थी। वहीं गलवान में भारत और चीन के सैनिकों के बीच झड़प के पांच वर्ष बाद चीन के विदेश मंत्री वांग ई ने मंगलवार को माना कि पिछले कुछ वर्षो का मुश्किल दौर दोनों देशों के हित में नहीं था और अब दोनों को आम सहमति बनाकर सीमाओं पर विशिष्ट मुद्दों को सुलझाकर परस्पर विश्वास बढाना चाहिए। भारत ने भी सीमा पर शांति और सौहार्द के कारण संबंधों के मजबूत होने का उल्लेख करते हुए कहा है कि इससे दोनों देशों को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिली है। सीमा विवाद से संबंधित मुद्दों पर विशेष प्रतिनिधि स्तर की 24 वीं बैठक में हिस्सा लेने के लिए भारत यात्रा पर आए चीन के विदेश मंत्री वांग ई ने मंगलवार को यहां राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ बैठक में अपने प्रारंभिक वक्तव्य में कहा कि भारत और चीन के बीच मजबूत और स्थिर संबंध दोनों देशों के दीर्घकालिक हितों की पूर्ति करते हैं।

### भारत से कल सीधे पाक जाएंगे चीनी विदेश मंत्री वांग ई

**नई दिल्ली।** भारत यात्रा पर आए चीन के विदेश मंत्री वांग ई तीन दिन की यात्रा संपन्न होने के बाद बुधवार को यहां से सीधे पाकिस्तान की यात्रा पर जाएंगे जहां वह अपने पाकिस्तानी समकक्ष और उप-प्रधानमंत्री मोहम्मद इशाक डार के साथ वार्ता करेंगे। चीन के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि वांग ई 20 से 22 अगस्त तक पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार के साथ चीन-पाकिस्तान विदेश मंत्रियों की रणनीतिक वार्ता के छठे दौर की बैठक में हिस्सा लेने के लिए पाकिस्तान जाएंगे। चीन के विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने चीन और पाकिस्तान को अटूट और सदाबहार मित्र बताते हुए कहा है कि दोनों पक्ष 'व्यावहारिक सहयोग' बढ़ाने के लिए 'गहन संवाद' करेंगे। चीन के विदेश मंत्री की तीन वर्षों में यह दूसरी पाकिस्तान यात्रा होगी।



मुंबई। बारिश के बीच पानी से भरी सड़क से गुजरते लोगों के बीच कुर्सी पर बैठा एक व्यक्ति।

### जॉर्डन सम्राट ने गाजा में युद्धविराम, मानवीय सहायता की आपूर्ति का किया आह्वान

**अम्मान।** जॉर्डन के सम्राट अब्दुल्ला द्वितीय ने सोमवार को गाजा में तत्काल युद्धविराम और मानवीय सहायता की निर्बाध आपूर्ति का आह्वान किया। रॉयल हाशमाइट कोर्ट ने एक बयान में यह जानकारी दी है। बयान में कहा गया है कि बैठक के दौरान सम्राट अब्दुल्ला ने गाजा पर अपने कब्जे को मजबूत करने और वहाँ सैन्य नियंत्रण का विस्तार करने की इजरायल की योजनाओं को जॉर्डन द्वारा अस्वीकार किए जाने की बात दोहराई और चेतावनी दी कि इस तरह के 'एकतरफा कदम' क्षेत्रीय स्थिरता के लिए खतरा पैदा करते हैं। उन्होंने तथाकथित ग्रेटर इजरायल दृष्टिकोण पर इजरायल के बयानों को भी खारिज कर दिया और पश्चिमी तट पर बस्तियों के विस्तार की निंदा की। उन्होंने कहा कि यह अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करता है और फलस्तीनियों के एक स्वतंत्र राज्य की स्थापना के अधिकार को कमजोर करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका के यूटा में गोलीबारी में दो पुलिस अधिकारियों की मौत

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका के यूटा में रविवार रात हुई गोलीबारी में दो पुलिस अधिकारी मारे गए और एक अन्य घायल हो गया। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। मीडिया के अनुसार पड़ोसी ब्रिघम सिटी पुलिस विभाग ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि ट्रेमोंटन शहर में घरेलू हिसा के एक मामले में किसी व्यक्ति के कई बार 911 पर कॉल करने के बाद ट्रेमोंटन गारलैंड पुलिस विभाग के अधिकारियों ने कार्रवाई की। रिपोर्ट के अनुसार एक व्यक्ति बंदूक लेकर बाहर आया और पहले अधिकारी को गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पहले अधिकारी की मदद करने आए दूसरे अधिकारी को भी उस व्यक्ति ने गोली मारी जिससे उसकी मौत हो गई।

### तीन दिन की यात्रा पर आज रूस रवाना होंगे जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर आज रूस की तीन दिन की आधिकारिक यात्रा पर रवाना होंगे जहां वह रूस के विदेश मंत्री के साथ द्विपक्षीय वार्ता के अलावा भारत-रूस व्यापार मंच की बैठक में भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि डॉ. जयशंकर कि यह यात्रा रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव के निमंत्रण पर हो रही है। यात्रा के दौरान वह बुधवार को निर्धारित भारत-रूस अंतर-सरकारी व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग आयोग के 26वें सत्र की सह-अध्यक्षता करेंगे। विदेश मंत्री मॉस्को में भारत-रूस व्यापार मंच की बैठक को भी संबोधित करेंगे। विदेश मंत्री जयशंकर रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से भी मुलाकात करेंगे और द्विपक्षीय एजेंडे की समीक्षा करेंगे तथा क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार साझा करेंगे।

### कोलंबिया और पेरू की यात्रा पर जाएंगे पी. कुमारन

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) पी. कुमारन दक्षिण अमेरिकी देशों कोलंबिया व पेरू की छह दिन की यात्रा पर जाएंगे जहां वह इन देशों के साथ निरंतर बढ़ते द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि यात्रा के दौरान कुमारन कोलंबिया व पेरू की सरकारों के मंत्रियों व अधिकारियों से मिलेंगे और द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और बहुपक्षीय संदर्भ में पारस्परिक हित के विषयों के अलावा, व्यापार और वाणिज्य, खनन, ऊर्जा, स्वास्थ्य और फार्मास्यूटिकल्स, रक्षा, बुनियादी ढांचा, आईटी और डिजिटल क्षेत्रों में सहयोग सहित पारस्परिक हित के क्षेत्रों पर चर्चा करेंगे।

# रूस-यूक्रेन के बीच फिलहाल सीजफायर नहीं

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने की जेलेंस्की और यूरोपीय लीडर्स के साथ मीटिंग, सीजफायर पर सहमति नहीं बनी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की और यूरोपीय लीडर्स के साथ मीटिंग की। इसमें रूस-यूक्रेन के बीच सीजफायर पर सहमति नहीं बनी। ट्रम्प ने कहा कि फिलहाल इतनी जल्दी सीजफायर संभव नहीं है। हालांकि, मीटिंग में यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी पर चर्चा हुई। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका और यूरोपीय देश मिलकर इस पर काम करेंगे। वहीं, रूसी राष्ट्रपति आफिस (क्रेमलिन) ने बताया कि ट्रम्प ने मीटिंग रोककर पुतिन से फोन पर 40 मिनट बात की।

इस दौरान पुतिन ने रूस और यूक्रेन के प्रतिनिधियों के बीच सीधे बातचीत का समर्थन किया। जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्त्ज ने बताया कि ट्रम्प के साथ फोन पर बातचीत के दौरान पुतिन 15 दिन के भीतर जेलेंस्की से मुलाकात को राजी हो गए। मीटिंग के बाद जेलेंस्की ने प्रेस कान्फ्रेंस करके बताया कि यूक्रेन सुरक्षा गारंटी के बदले यूरोप के पैसों से 90 अरब डालर (करीब 8 लाख करोड़ रुपये) के अमेरिकी हथियार खरीदेगा। ट्रम्प ने यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी लेने का संकेत देते हुए कहा है कि अमेरिका यूक्रेन की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद करेगा। बातचीत से उत्साहित अमेरिकी राष्ट्रपति ने रूस और यूक्रेन के बीच द्विपक्षीय वार्ता की व्यवस्था करने के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन को इस बातचीत के दौरान ही फोन किया और आशा व्यक्त कि अब अगली बैठक यूक्रेन, रूस और अमेरिका की त्रिपक्षीय बैठक के रूप में हो सकती है। अमेरिकी सुरक्षा गारंटी को लेकर भले ही संकेत मिले हों लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि ये वार्ता किस रूप में होंगी और इनमें विदेशी सैनिकों की तैनाती, संयुक्त हवाई और समुद्री गश्त, खुफिया जानकारी साझा करना या सैन्य सहायता शामिल हो सकती है। अमेरिका, यूरोपीय देशों और यूक्रेन के बीच चल रही बातचीत से उत्साहित यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि वह रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता के लिए तैयार हैं। जेलेंस्की ने कहा कि व्हाइट हाउस में हुई यह वार्ता अब तक की सबसे अच्छी वार्ता रही है और वह पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता के लिए तैयार हैं। ट्रंप ने युद्ध समाप्त करने के लिए आगे की बातचीत से पहले किसी तरह के युद्धविराम की आवश्यकता को खारिज कर दिया, जिसका यूरोपीय नेताओं ने विरोध किया। बैठक में आए जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ ने कहा कि मैं कल्पना भी नहीं कर सकता कि अगली बैठक युद्धविराम के बिना होगी। उन्होंने कहा कि हमें रूस पर दबाव बनाने की कोशिश करनी होगी। व्हाइट हाउस में मौजूद ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने कहा कि वह आज की बैठक के परिणाम से बहुत प्रसन्न हैं, जिसने नेताओं के बीच एकता की सच्ची भावना को प्रदर्शित किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि यूक्रेन के बारे में कोई भी निर्णय उसके बिना नहीं लिया जाना चाहिए। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भी युद्धविराम के लिए मर्ज़ की टिप्पणियों को दोहराया लेकिन यह भी कहा कि यूरोपीय सैन्य बलों को ज़मीनी स्तर पर यूक्रेन की मदद करनी चाहिए। फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने हालांकि जरा तल्खी से कहा कि यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी में अमेरिका की भागीदारी के बारे में 'कुछ भी ठोस' नहीं है। जेलेंस्की और पुतिन के बीच द्विपक्षीय बैठक के बारे में उन्होंने कहा कि रूसी नेता पर भरोसा नहीं किया जा सकता।



■ **ट्रम्प ने पुतिन को फोन किया यूक्रेन सुरक्षा गारंटी के बदले आठ लाख करोड़ के अमेरिकी हथियार खरीदेगा**

### यूक्रेन में युद्ध के समाधान में प्रगाति हो रही: जेलेंस्की

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प एवं यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने सोमवार को व्हाइट हाउस में द्विपक्षीय बैठक की। ट्रम्प ने ज़ेलेंस्की के साथ पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि उनका मानना है कि पुतिन रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करना चाहते हैं और वह शांति सुनिश्चित करने के लिए यूक्रेन और सभी पक्षों के साथ मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में युद्ध के समाधान में प्रगति हो रही है और उसके द्वारा मांगी गई सुरक्षा गारंटी प्रदान की जाएगी। ज़ेलेंस्की ने कहा कि वह युद्ध को कूटनीतिक तरीके से समाप्त करने के विचार का समर्थन करते हैं और वह त्रिपक्षीय बैठक के लिए तैयार हैं। ट्रम्प ने मीडिया से कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन के लिए सुरक्षा गारंटी स्वीकार करने पर सहमत हुए हैं, जो उन प्रमुख बिंदुओं में से एक है जिन पर 'हमें विचार करने की आवश्यकता है,' और कहा कि पुतिन इसका समाधान खोजना चाहते हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने मोदी, आरएसएस पर कार्टून बनाने वाले हेमंत मालवीय की अंतरिम राहत बढ़ाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कथित आपत्तिजनक कार्टून बनाने और उसे सोशल मीडिया पर साझा करने के मामले में इंदौर के कार्टूनिस्ट हेमंत मालवीय की गिरफ्तारी से संरक्षण की अवधि मंगलवार को अगली सुनवाई तक के लिए बढ़ा दी। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने अगली सुनवाई तक अंतरिम संरक्षण अवधि बढ़ाते कहा कि उन्हें 10 दिनों के भीतर माफीनामा प्रकाशित करना चाहिए।

पीठ के समक्ष आरोपी मालवीय के अधिवक्ता ने कहा कि वह अपनी सोशल मीडिया पोस्ट के लिए फेसबुक, इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया पर माफीनामा प्रकाशित करेंगे। इंदौर के स्थानीय अधिवक्ता और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता विनय जोशी ने इस मामले में लसूड़िया थाने में मालवीय के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। शीर्ष अदालत के समक्ष इस मामले में मध्य प्रदेश सरकार की ओर से पेश हुए

■ **हेमंत को दस दिन के भीतर माफीनामा प्रकाशित कराना चाहिए: पीठ**

अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने कहा कि जांच जारी रहने के कारण पोस्ट को हटाया नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मालवीय को सोशल मीडिया पर माफीनामा प्रकाशित करने दें और साथ ही वह यह भी वचन दें कि वह दोबारा ऐसा नहीं करेंगे और जांच में सहयोग कर सकते हैं। शीर्ष अदालत ने 15 जुलाई को कार्टूनिस्ट को दंडात्मक कार्रवाई से संरक्षण प्रदान करते हुए शो और सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक भाषा के प्रयोग की निंदा की थी। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने 3 जुलाई, 2025 को उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। न्यायालय ने कहा था कि आवेदक द्वारा इस कार्टून में देश के प्रधानमंत्री के साथ-साथ आरएसएस को चित्रित करने का आचरण के साथ ही एक अपमानजनक टिप्पणी का समर्थन, संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत प्रदत्त अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सरासर दुरुपयोग है।

## पुतिन ने दी रामफोसा को ट्रम्प से मुलाकात के बारे में जानकारी

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा को सोमवार को रुस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ हुई हालिया मुलाकात के बारे में जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को पुतिन और ट्रम्प ने अलास्का के एंकोरेज में एक महत्वपूर्ण बैठक की थी।

दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति पुतिन ने राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ अपनी बातचीत के तरीके और शांति प्रक्रिया पर उभरते तालमेल पर संतोष व्यक्त किया। बयान के अनुसार रामफोसा ने पुतिन की ब्रीफिंग की सराहना की और साथ ही रूस और यूक्रेन के बीच स्थाई शांति स्थापित करने के लिए प्रमुख मुद्दों पर और अधिक समझौते की आवश्यकता पर जोर दिया। राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि दोनों नेताओं ने एक बार फिर खुले संवाद बनाए रखने और द्विपक्षीय हितों के मुद्दों पर अपना सहयोग जारी रखने का संकल्प लिया। रामफोसा अन्य अफ्रीकी नेताओं के साथ रूस-यूक्रेन संघर्ष को समाप्त करने के लिए मध्यस्थता भी कर रहे हैं। ट्रम्प सोमवार को व्हाइट हाउस में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की और कुछ यूरोपीय नेताओं से मिलने वाले हैं।

## बंडारू विल्सनबाबू तुर्कमेनिस्तान और किशन देवल डोमिनिकल गणराज्य के राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी बंडारू विल्सनबाबू को तुर्कमेनिस्तान और किशन दान देवल को डोमिनिकल गणराज्य का राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि मेडागास्कर में भारत के राजदूत विल्सनबाबू को तुर्कमेनिस्तान में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है और उनके उनके शीघ्र ही कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है। इसके अलावा विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव किशन दान देवल को डोमिनिकन गणराज्य में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है।

# 25% एक्स्ट्रा टैरिफ से कालीन-रत्न इंडस्ट्री पर छाया संकट

## 25 लाख लोग गरीब हो सकते हैं प्रभावित, भारतीय रत्नों का 30% ग्लोबल ट्रेड भी खतरे में

**मुंबई।** भारत पर ट्रम्प का टैरिफ 27 अगस्त से दोगुना यानी 50 प्रतिशत होने वाला है। इसको लेकर भारतीय अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान करने वाले सेक्टर्स में डर का माहौल है, क्योंकि आर्डर में भारी कमी के चलते व्यापार का एक बड़ा हिस्सा जल्द ही बंद हो सकता है।

उत्तर प्रदेश के भदोही में कालीन बनाने वाले इश्तियाक अहमद खान ने कहा कि 25 प्रतिशत टैरिफ से हम हैरान थे और सोच रहे थे कि इस समस्या का सामना कैसे होगा, लेकिन अब ये 50 प्रतिशत हो गया है, इसे झेलना असंभव है। हमें डर है कि इससे करीब 25 लाख कामगार-मजदूर अपनी जरूरतें पूरी करने में भी सक्षम नहीं रह जाएंगे। भारत में काफी बड़े स्तर पर कालीन का उत्पादन होता है। इसमें से 98 प्रतिशत माल विदेश भेजा जाता है। हाथ से बने टफ्टेड कालीन इस व्यापार का बड़ा हिस्सा है, जबकि पर्शियन स्टाइल के हाथ से बने रग्स या गलीचे (कारपेट) सबसे कीमती हैं। बीते कुछ साल में कालीन और रग्स का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा अमेरिका को बेचा गया है। ट्रम्प के टैरिफ के चलते अमेरिका को माल बेचने पर अब 500 डालर के कारपेट पर 125 डालर का टैरिफ लग रहा है, आगे ये 250 डालर तक पहुंच सकता है। इश्तियाक की कंपनी में काम करने वाले लगभग 80 प्रतिशत अभी भी किसान हैं। वे सरकार के मुफ्त पांच किलो अनाज पर निर्भर रहते हैं। धागा कातना और रंगना, डिजाइन करना, बुनाई और कालीन की फिनिशिंग करने के काम से उन्हें करीब 15 हजार रुपये महीना अतिरिक्त मिलता है। इश्तियाक कहते हैं सबसे बुरा हाल हमारे हमारे मजदूरों और बुनकरों का होगा। कालीन उद्योग के अलावा भी कई सेक्टर्स पर खतरा है। 7 अगस्त को ट्रम्प ने 50 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा की, तो जेम्स इंडस्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष किरीट भंसाली ने लिखा कि भारतीय रत्नों के ग्लोबल ट्रेड का 30 प्रतिशत खतरे में है। अमेरिका में इस्तेमाल होने वाली जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा सप्लायर भारत है।

■ **इश्तियाक की कंपनी में काम करने वाले लगभग 80 प्रतिशत अभी भी किसान हैं**

## इजरायल ने की लेबनान में नई सैन्य चौकी स्थापित

**बेरूत।** इज़रायल की सेना ने सोमवार को दक्षिणी लेबनान के सीमावर्ती क्षेत्र में एक नई सैन्य चौकी स्थापित की। लेबनानी सुरक्षा और स्वास्थ्य सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सूत्र ने बताया कि यह नई चौकी कफ़र किला गाँव के उत्तरी प्रवेश द्वार पर स्थापित की गई है जो संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित ब्लू लाइन से लगभग 15 मीटर दूर है। सूत्र ने कहा कि यह एक मिट्टी के अवरोध से घिरा हुआ है, निगरानी उपकरणों और भारी मशीनगनों से लैस है और इसमें एक मर्कवा टैंक भी है। लेबनानी सूत्र ने दावा किया कि यह कदम इज़रायल द्वारा मिस्गाव आम की इज़रायली बस्ती के पास एक चौकी स्थापित करने के एक सप्ताह बाद उठाया गया है। यह लेबनानी क्षेत्र में लगभग 800 मीटर अंदर है। इस बीच लेबनान के जन स्वास्थ्य मंत्रालय के जन स्वास्थ्य आपातकालीन संचालन केंद्र ने एक बयान में कहा कि इजरायली दुश्मन के ड्रोन द्वारा गिराए गए बम से चार लोग घायल हो गए, ये सभी सीरियाई नागरिक थे।

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:-प्रवेश हेतु सम्पर्क करे:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP RAKSHAK®
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108